राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 14 अंक - 04
लखनऊ, शनिवार 12 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बाढ़ पीड़ित 100 परिवारों को जयवीर सिंह ने बांटी राहत सामग्री 10

प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण लक्ष्य पूरा 03


## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,570/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,700/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,970/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिन में वीआरएस पांच दिन में टिकट

**नई दिल्ली।** असम के पूर्व आईएएस अधिकारी देबाशीष शर्मा को भाजपा ने नगांव लोकसभा उपचुनाव का उम्मीदवार बनाया है। शर्मा ने तीन सितंबर को नगांव के जिला आयुक्त पद से वीआरएस लिया और छह सितंबर को भाजपा में शामिल हुए थे। 11 सितंबर को पार्टी ने उन्हें टिकट दे दिया। करीब 34 वर्ष की सरकारी सेवा के दौरान वह नगांव और मोरीगांव के जिला आयुक्त तथा गुवाहाटी नगर निगम आयुक्त जैसे पदों पर रहे। उन्हें मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के भरोसेमंद अधिकारियों में गिना जाता है। नगांव सीट पर छह अक्तूबर को मतदान और नौ अक्तूबर को मतगणना होगी।

### कोर्ट जाने वाले अफसरों के लिए ड्रेस कोड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यायालय में पेश होने वाले अधिकारियों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य कर दिया है। मंडलायुक्त, जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारियों को भौतिक या वर्चुअल सुनवाई में निर्धारित औपचारिक व मर्यादित पहनावे में उपस्थित होना होगा। शपथ पत्र पर लगाए जाने वाले फोटो में भी उचित ड्रेस जरूरी होगी। भड़कीले कपड़े, खुले बाल और रंगीन चश्मे स्वीकार नहीं किए जाएंगे। शपथ आयुक्त या नोटरी को हस्ताक्षर के लिए केवल नीली स्याही और निर्धारित रंग की मुहर का इस्तेमाल करना होगा।

### गैलरी-17 में जीवंत होगा श्रीराम का वनगमन

**अयोध्या।** रामकथा संग्रहालय की गैलरी नंबर 17 में श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के वनगमन प्रसंग को आधुनिक तकनीक से जीवंत किया जाएगा। केवट द्वारा श्रीराम को गंगा पार कराने का दृश्य थ्रीडी-फाइवडी तकनीक से दिखाने की तैयारी है। ऋषि-मुनियों से श्रीराम की भेंट और संवाद भी ऑडियो-विजुअल माध्यम से प्रस्तुत होंगे। संग्रहालय में कुल 20 गैलरियां तैयार की जा रही हैं। पटकथा में वाल्मीकि रामायण, अध्यात्म रामायण और आनंद रामायण जैसे ग्रंथों का संदर्भ लिया गया है।

### अमान्य मदरसों के छात्रों का भविष्य अधर में

**लखनऊ।** राजधानी में सर्वे के दौरान मिले 111 गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के करीब 13,897 विद्यार्थियों को परिषदीय विद्यालयों में दाखिला दिलाने की प्रक्रिया रुक गई है। शासन ने पहले इन बच्चों को बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में प्रवेश देने के निर्देश दिए थे, लेकिन मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने के बाद प्रक्रिया पर रोक लग गई। वहीं, अमान्य मदरसों को मिलने वाले चंदे और अन्य आर्थिक सहायता के लेखा-परीक्षण की जिम्मेदारी भी स्पष्ट नहीं है।

## ब्रिक्स समिट से पहले मोदी-पुतिन में हुई 45 मिनट गर्मजोशी से वार्ता

# भारत-रूस साझेदारी में नई धार

**द्विपक्षीय वार्ता**

- 2030 तक 100 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य हासिल करने पर जोर
- ऊर्जा, परमाणु, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों में बढ़ेगा सहयोग
- सुखोई-57, एस-400 और ब्रह्मोस व काला सागर पर भी हुई चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और रूस ने बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच अपनी दशकों पुरानी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार को भारत मंडपम में करीब 45 मिनट चली द्विपक्षीय बैठक में व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, औद्योगिक सहयोग और महत्वपूर्ण खनिजों समेत कई अहम मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य के लिए आर्थिक सहयोग को गति देने पर जोर दिया।

बैठक में रक्षा सहयोग भी प्रमुख विषय रहा। भारत और रूस के बीच एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की शेष आपूर्ति, पांचवीं पीढ़ी के सुखोई-57 लड़ाकू विमान और ब्रह्मोस मिसाइल के अगले चरण के विकास व उन्नयन से जुड़े मुद्दे चर्चा के एजेंडे में रहे। रूस ने एस-400 से जुड़े अपने दायित्व पूरे करने की बात कही है, जबकि ब्रह्मोस के नए संस्करणों के विकास, संयुक्त उत्पादन और निर्यात सहयोग की संभावनाओं पर भी बातचीत की पृष्ठभूमि तैयार हुई है। हालांकि शुक्रवार की बैठक के बाद उपलब्ध आधिकारिक जानकारी में इन तीनों विषयों पर किसी नए खरीद समझौते की घोषणा नहीं की गई है। इसलिए इन्हें अंतिम रक्षा सौदा बताना जल्दबाजी होगी।

सुखोई-57 को लेकर भारत की दिलचस्पी तकनीक और उत्पादन सहयोग में भी है। रूस के साथ रक्षा संबंधों को केवल हथियार खरीद तक सीमित रखने के बजाय भारत स्वदेशी उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और संयुक्त विकास पर जोर देता रहा है। सुखोई-57 को लेकर इसी व्यापक रक्षा औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।




### पुतिन का अमेरिका-यूरोप पर तंज


ब्रिक्स बिजनेस फोरम में शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैश्विक व्यापार और बदलती आर्थिक व्यवस्था के मुद्दे पर अमेरिका और यूरोप पर परोक्ष निशाना साधा। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन देशों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है, वे खुद को जी-7 क्यों कहते हैं। पुतिन ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में ब्रिक्स देशों का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है और संगठन दुनिया की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### समुद्री रास्तों की सुरक्षा जरूरी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षित समुद्री मार्ग वैश्विक व्यापार के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारिक जहाजों की निर्बाध आवाजाही और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। पश्चिम एशिया समेत विभिन्न क्षेत्रों में जारी तनाव के बीच मोदी का यह संदेश महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स अब 21 देशों का परिवार बन चुका है।

### वार्ता की प्रमुख उपलब्धियां

- **100 अरब डॉलर:** 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य हासिल करने के लिए आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर जोर।
- **एस-400:** शेष प्रणाली की आपूर्ति से जुड़े रूसी दायित्वों पर आगे बढ़ने की बात; नए सौदे की घोषणा नहीं।
- **सुखोई-57:** पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान और तकनीकी/औद्योगिक सहयोग की संभावनाएं चर्चा में।
- **ब्रह्मोस:** उन्नयन, नई क्षमताओं, संयुक्त उत्पादन और निर्यात सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा।
- **परमाणु ऊर्जा:** असैन्य परमाणु सहयोग और दीर्घकालिक ऊर्जा साझेदारी को आगे बढ़ाने पर जोर।
- **ऊर्जा:** रूस से ऊर्जा आपूर्ति और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर सहयोग जारी रखने पर बल।
- **महत्वपूर्ण खनिज:** सुरक्षित और विविध आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में सहयोग बढ़ेगा।
- **उर्वरक:** भारतीय कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए रूसी उर्वरक सहयोग को मजबूत करने पर जोर।
- **उद्योग:** रेलवे, इस्पात, विनिर्माण, बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी में साझेदारी बढ़ाने की दिशा।
- **अगली मुलाकात:** पुतिन ने 24वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मोदी को रूस आमंत्रित किया; मोदी ने स्वीकारा।



भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद और मजबूत किया जाएगा।
**व्लादिमीर पुतिन, राष्ट्रपति**



भारत रूस के साथ व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और व्यापक बनाना चाहता है।
**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## मोदी-पेजेशकियान की मुलाकात में समुद्री सुरक्षा पर जोर




- पश्चिम एशिया तनाव पर चिंता जताई
- जहाजों व नाविकों की सुरक्षा को बताया जरूरी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में जारी संघर्ष पर चिंता जताते हुए कहा कि विवादों का समाधान संवाद और कूटनीति से ही होना चाहिए। उन्होंने आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के साथ वाणिज्यिक जहाजों और नाविकों की हिफाजत पर जोर दिया। मोदी ने कहा कि समुद्री मार्गों से व्यापार और आवागमन बाधित नहीं होना चाहिए।

भारत के लिए ईरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। चाबहार बंदरगाह के जरिए भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच मिलती है। पश्चिम एशिया में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों की मौजूदगी और ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से भी क्षेत्र की स्थिति भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

इससे पहले ब्रिक्स बिजनेस फोरम में पेजेशकियान ने सदस्य देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने और अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता घटाने की वकालत की। उन्होंने बड़े बुनियादी ढांचे और ऊर्जा परियोजनाओं के जोखिम के लिए 10 अरब डॉलर के संयुक्त पुनर्बीमा कोष का प्रस्ताव रखा। वार्ता से पहले मोदी और पेजेशकियान की हाथ में हाथ डाले चलते हुए तस्वीर भी सामने आई, जिसने दोनों देशों के बीच सहज राजनयिक संबंधों को रेखांकित किया। ब्रिक्स भारत 2026 के आधिकारिक पृष्ठभूमि स्थल के सामने प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पेजेशकियान की एक तस्वीर भी सामने आई है। इसमें दोनों नेता सहज अंदाज में मुस्कुराते हुए हाथ में हाथ डाले चलते नजर आए। दोनों नेताओं की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। इसे भारत और ईरान के बीच जारी राजनयिक संवाद और व्यक्तिगत संबंधों की सहजता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## एक ही परिवार को 23.36 लाख की राहत, हाई कोर्ट सख्त

# एससी-एसटी एक्ट के भुगतानों की होगी पड़ताल

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**

अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ितों को दी जाने वाली आर्थिक राहत के संभावित दुरुपयोग पर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट के सामने एक ऐसा मामला आया, जिसमें झांसी के अधिवक्ता संतोष कुमार धोहरे और उनके परिवार के सदस्यों को अलग-अलग आपराधिक मामलों में अब तक 23 लाख 36 हजार 250 रुपये की राहत राशि मिलने की जानकारी सामने आई। इसके बाद कोर्ट ने पूरे उत्तर प्रदेश में एससी-एसटी एक्ट के तहत राहत राशि के दावों और भुगतान की प्रक्रिया की व्यापक पड़ताल कराने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति संतोष राय की एकल पीठ ने झांसी के दो मामलों से संबंधित आपराधिक अपीलों की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि संतोष कुमार धोहरे और उनके परिवार को अलग-अलग मामलों में उक्त राशि राहत के रूप में मिल चुकी है। इसके अलावा करीब 10 से 12 अन्य मामलों में भी राहत राशि से जुड़े दावे जिला स्तरीय समिति के समक्ष लंबित हैं। अपीलकर्ता पक्ष राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत इन आंकड़ों को खारिज नहीं कर सका।

हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति या परिवार के खिलाफ बार-बार मुकदमे दर्ज होना अथवा राहत राशि का दावा किया जाना अपने आप में योजना के दुरुपयोग का प्रमाण नहीं है। हालांकि, मामलों की संख्या और राहत राशि के दावों की बारंबारता ऐसी स्थिति जरूर पैदा करती है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। कोर्ट ने कहा कि एससी-एसटी एक्ट के तहत आर्थिक राहत का प्रावधान वास्तविक पीड़ितों के पुनर्वास और सहायता के लिए महत्वपूर्ण कल्याणकारी व्यवस्था है। इसकी पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार का दायित्व है। जांच का उद्देश्य किसी व्यक्ति को पहले से दोषी मानना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी धन का इस्तेमाल नियमों के अनुसार हो और वास्तविक पीड़ितों के अधिकार प्रभावित न हों।



- अलग-अलग मामलों में मिली राशि पर उठे सवाल
- हाईकोर्ट ने दिए तीन माह में जांच के आदेश

### डीएम-एसएसपी तीन माह में करेंगे जांच

हाई कोर्ट ने झांसी के जिलाधिकारी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ समन्वय कर संबंधित मामलों की विस्तृत और निष्पक्ष जांच करने का निर्देश दिया है। जांच में दर्ज मुकदमों, मांगी गई और प्राप्त राहत राशि तथा दावों की परिस्थितियों को शामिल किया जाएगा। जांच तीन माह में पूरी करनी होगी। यदि जांच में योजना के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो दोषी व्यक्तियों के साथ जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी सामने आएगी और उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी।

# ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र व जमीन बंटवारा होगा ऑनलाइन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। इसके साथ ही सह-खातेदारों के बीच भूमि विभाजन से जुड़े मामलों का निस्तारण भी ऑनलाइन होगा। राजस्व परिषद ने शुक्रवार को ईडब्ल्यूएस पोर्टल, सरलीकृत खतौनी और धारा 116 के तहत भूमि विभाजन के लिए नए पोर्टल की शुरुआत की।



**राजस्व सेवाओं का डिजिटल विस्तार**

राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने आंबेडकर सभागार में इन डिजिटल सुविधाओं का शुभारंभ किया। ईडब्ल्यूएस पोर्टल के माध्यम से नागरिक घर बैठे आवेदन कर सकेंगे। आवेदन लेखपाल और तहसीलदार स्तर पर ऑनलाइन भेजा और निस्तारित किया जा सकेगा। आवेदक अपने आवेदन की स्थिति भी डिजिटल माध्यम से देख सकेंगे। इससे कागजी प्रक्रिया घटेगी और तहसील के चक्कर कम होंगे। सरलीकृत खतौनी में भूमि का क्षेत्रफल अब छह दशमलव स्थानों तक प्रदर्शित किया जाएगा। इससे जमीन के रकबे की जानकारी अधिक सटीक मिलेगी।

### 20,036 बैंक शाखाओं में हड़ताल, 30 हजार करोड़ का लेन-देन प्रभावित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था और भेदभाव रहित परफार्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) योजना लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की 20,036 बैंक शाखाओं में हड़ताल रही। बैंकों में ताले लटके रहने से प्रदेश में करीब 30 हजार करोड़ रुपये का लेन-देन प्रभावित हुआ। बड़ी संख्या में ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं के लिए परेशान होना पड़ा। लखनऊ में हजरतगंज की मुख्य शाखा में चेक जमा करने पहुंचे लालबाग निवासी शिवेंद्र प्रताप को बैंक बंद मिलने पर लौटना पड़ा। प्रदेश भर में बंदी के प्रभाव से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।

## आकाश आनंद की ओर सपा के बाद कांग्रेस ने बढ़ाया हाथ

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निष्कासित युवा नेता और पार्टी के पूर्व मुख्य समन्वयक आकाश आनंद को लेकर उत्तर प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। बसपा से बाहर होने के बाद उनकी अगली राजनीतिक पारी को लेकर चर्चाओं के बीच अब दूसरे दलों की ओर से उन्हें अपने साथ जोड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ दलित नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने आकाश आनंद को कांग्रेस में शामिल होने का खुला प्रस्ताव दिया है। इससे आकाश के अगले राजनीतिक कदम को लेकर अटकलें और तेज हो गई हैं।



### जौहर विवि के निर्माण से जुड़े छह ठेकेदार ईडी के रडार पर



**समृद्धि न्यूज, मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के शासनकाल में रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों से जुड़े ठेकेदार अब ईडी की जांच के दायरे में हैं। जौहर ट्रस्ट को चंदा देने और विश्वविद्यालय में निर्माण कार्य कराने वाले रामपुर निवासी बिल्डर एवं ठेकेदार सैयद खालिद समेत छह ठेकेदारों के पुराने सरकारी निर्माण कार्यों का भी ब्योरा खंगाला जा रहा है। जांच का दायरा जौहर विश्वविद्यालय तक सीमित न रहकर प्रदेश के दूसरे जिलों में मिले सरकारी ठेकों तक पहुंच गया है।

## बदलाव की तैयारी: मार्च 2027 तक टोल प्लाजा होंगे बैरियर-फ्री

- गुजरात में शुरू हो चुका है देश का पहला प्रयोग
- बैंक बदलने पर नया फास्टैग लेना जरूरी नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले वाहन चालकों को अब टोल प्लाजा पर रुककर बैरियर खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केंद्र सरकार मार्च 2027 तक देश में बैरियर-फ्री टोल व्यवस्था लागू करने की तैयारी में है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में यह घोषणा की। नई व्यवस्था में वाहन चलते हुए टोल क्षेत्र से गुजरेंगे और तकनीक के जरिये शुल्क स्वतः वसूला जाएगा। इससे टोल प्लाजा पर लगने वाली कतार और जाम खत्म करने में मदद मिलेगी। सरकार मौजूदा फास्टैग व्यवस्था को अगले चरण में ले जाते हुए बहु-लेन मुक्त प्रवाह प्रणाली का विस्तार कर रही है। इसमें वाहन की पहचान के लिए स्वचालित नंबर प्लेट पहचान और फास्टैग जैसी तकनीकों का इस्तेमाल होगा।

वाहन को रोकने के बजाय उसके गुजरने के आधार पर टोल की गणना और वसूली की जाएगी।

**स्टार्टअप इकोसिस्टम**

## प्रदेश में औद्योगिक निवेश में क्रांतिकारी बदलाव, 2017 में 120 स्टार्टअप, अब प्रदेश में संख्या 24 हजार के पार

# यूपी के आठ स्टार्टअप बने यूनिकॉर्न, एक सूनिकॉर्न की कतार में

- सभी 75 जिलों में कम से कम एक स्टार्टअप सक्रिय
- देश का चौथा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना यूपी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश अब केवल पारंपरिक उद्योगों का केंद्र नहीं रह गया है। प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति तेजी से विस्तार ले रही है और यहां से निकले आठ स्टार्टअप एक अरब डालर से अधिक के मूल्यांकन वाले यूनिकॉर्न बन चुके हैं। वहीं एक अन्य कंपनी यूनिकॉर्न बनने की दौड़ में शामिल है। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की सूची के अनुसार पेटीएम, फिजिक्सवाला, पाइनलैब्स, इंफोएज, मॉजलिक्स, इंडियामार्ट, इनोवेसर और रेटगेन यूनिकॉर्न बन चुके हैं, जबकि रैफे एमफिन सूनिकॉर्न की श्रेणी में है।

इन कंपनियों की सफलता की खास बात यह है कि इनमें से कई ने छोटे स्तर से शुरुआत कर वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बनाई। इन्हें यूनिकॉर्न बनने में करीब 10 से 25 वर्ष तक का समय लगा। एक अरब डालर यानी करीब 8,900 करोड़ रुपये या उससे अधिक मूल्यांकन वाली निजी स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है। सूनिकॉर्न ऐसी कंपनी होती है, जिसके जल्द यूनिकॉर्न बनने की संभावना हो।




वर्ष 2000 में शुरू हुआ पेटीएम आज देश के प्रमुख डिजिटल वित्तीय मंचों में शामिल है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसका परिचालन राजस्व 8,437 करोड़ रुपये और सालाना शुद्ध लाभ 552 करोड़ रुपये रहा। फिजिक्सवाला ने 2016 में यूट्यूब चैनल से शुरुआत की और 2020 में कंपनी के रूप में स्थापित हुआ। अब यह ऑनलाइन, ऑफलाइन और हाइब्रिड शिक्षा के प्रमुख मंचों में शामिल है। इसका राजस्व करीब 2,000 करोड़ रुपये बताया गया है।

पाइनलैब्स की शुरुआत 1998 में हुई थी। कंपनी डिजिटल भुगतान और व्यापारी वाणिज्य के क्षेत्र में काम करती है। मार्च 2026 तक इसमें करीब 5,357 कर्मचारी थे और इसका राजस्व करीब 1,500 करोड़ रुपये है। वर्ष 1995 में शुरू हुई इंफोएज ने नौकरी डॉट कॉम से अपना सफर शुरू किया। बाद में कंपनी ने विवाह, रियल एस्टेट और शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में विस्तार किया। वित्त वर्ष 2025-26 में इसका समेकित शुद्ध राजस्व करीब 3,285 करोड़ रुपये रहा। मॉजलिक्स ने कारोबार-से-कारोबार (बी2बी) ई-कॉमर्स के क्षेत्र में पहचान बनाई है, जबकि इंडियामार्ट कारोबारियों को ऑनलाइन खरीदारों से जोड़ने वाला प्रमुख मंच है। दोनों का राजस्व क्रमशः करीब 5,700 करोड़ और 1,380 करोड़ रुपये बताया गया है। यात्रा और होटल उद्योग के लिए साफ्टवेयर समाधान उपलब्ध कराने वाली रेटगेन भी यूनिकॉर्न बन चुकी है। इसमें करीब 800 से 1,000 कर्मचारी हैं और इसका राजस्व करीब 293 करोड़ रुपये है। इनोवेसर का मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में है, जबकि नोएडा और बंगलूरू में इसके प्रमुख संचालन हैं। मार्च 2026 में कंपनी में करीब 2,515 कर्मचारी थे और इसका राजस्व करीब 1,250 करोड़ रुपये बताया गया है। सूनिकॉर्न रैफे एमफिन का राजस्व करीब 268 करोड़ रुपये है।

# सपा नेताओं का पुलिस ने रोका रास्ता

**विनोद साहनी हत्याकांड**

- पीड़ित परिवार से मिलने की थी योजना
- राजपाल कश्यप बोले- बुलडोजर कब चलेगा



**समृद्धि न्यूज़ कैसरगंज, बहराइच।**

गोण्डा जिले के परसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सड़िया मल्लहन पुरवा गांव निवासी विनोद साहनी की हत्या के विरोध में उनके परिजनों से मिलने जा रहे समाजवादी पार्टी नेताओं के काफिले को शुक्रवार को घाघराघाट पर पुलिस ने रोक दिया।

काफिले में सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश वर्मा, अनिल यादव ,कटरा बाजार के पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे तथा संजय विद्यार्थी समेत कई प्रमुख सपा नेता शामिल थे।

शुक्रवार सुबह लखनऊ से गोंडा जाते समय रामनगर पहुंचने पर भी पुलिस ने सपा नेताओं को रोकने का प्रयास किया था, लेकिन वे आगे बढ़ने में सफल रहे। इसके बाद घाघराघाट पर पहले से तैनात भारी पुलिस बल ने पूरे काफिले को रोक लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और सपा नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक और झड़प की स्थिति बन गई। मीडिया से बातचीत के दौरान राजपाल कश्यप ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा संरक्षित गुंडों ने विनोद साहनी की निर्मम हत्या की है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में निषाद समाज पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने योगी सरकार की बुलडोजर नीति का हवाला देते हुए मांग की कि आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाए, उन्हें फांसी की सजा दी जाए, पीड़ित परिवार को 5 करोड़ रुपये का मुआवजा और पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाए। काफिला रोके जाने के कारण घाघराघाट पर सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे भीषण जाम की स्थिति पैदा हो गई।

पुलिस ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए सपा नेताओं को आगे जाने से रोक दिया और उन्हें पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस घाघरा घाट पहुंचाया। देर शाम पुलिस प्रशासन ने सभी सपा नेताओं को वापस लखनऊ भेज दिया। इस काफिले में मुख्य रूप से सूरज सिंह, सरफराज अहमद सोनू, अभिषेक यादव, राजू कश्यप, अरशद हुसैन, सिद्धार्थ सिंह, दीपू यादव और अरमान खान समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष पर पिटाई का आरोप



**राम सुरेश पासवान समेत चार अज्ञात पर केस दर्ज**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष पर एक युवक को पीटने का आरोप लगा है। पयागपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को 21 साल के दलित युवक पर साथियों के साथ मिलकर हमला करने का आरोप है। पीड़ित की शिकायत पर शुक्रवार को पुलिस ने पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुरेश पासवान समेत चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित दीपक राव ने अपनी शिकायत में बताया कि वह खुटेहना-गिलौला मार्ग से जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी रोक ली और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस मामले में नामजद सुरेश पासवान ने आरोपों को गलत बताया है।

# 3 तलाक देने के बाद विवाहिता ने की आत्महत्या

- परिजनों का आरोप- फोन पर कहासुनी के दौरान दिया तलाक

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**




**रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी रामकुमार राजभर ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार को एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों का आरोप है कि पति ने फोन पर ही उसे तीन तलाक दे दिया था, जिससे वह आहत थी। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई और कुछ देर बाद फंदे से लटकी मिली। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच की। शुक्रवार दोपहर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला फखरपुर थाना क्षेत्र के कुंडासपारा मुड़की गांव की है। कुंडासपारा मुड़की निवासी उमेसलमा (22) की शादी करीब चार महीने पहले रमजान के साथ हुई थी। रमजान भी फखरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। शादी के बाद वह काम के सिलसिले में दिल्ली चला गया था।परिजनों के मुताबिक, गुरुवार दोपहर उमेसलमा और उसके पति के बीच फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। आरोप है कि इसी दौरान रमजान ने फोन पर ही उमेसलमा को तीन तलाक दे दिया। पति की बात से परेशान होकर उमेसलमा अपने कमरे में चली गई। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर उसकी मां को चिंता हुई। परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया तो उमेसलमा फंदे से लटकी मिली। परिजनों ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर फखरपुर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल की जांच कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। शुक्रवार दोपहर पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खबरें एक नजर में

### धान के खेत में निकला विशालकाय अजगर, रेस्क्यू



**बहराइच।** नानपारा वन रेंज क्षेत्र के पकरा देवरिया गांव में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक धान के खेत में विशालकाय अजगर निकलने से ग्रामीणों में डर फैल गया। अजगर दिखने की खबर मिलते ही कई ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को अजगर निकलने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को बचाने का अभियान शुरू किया। टीम ने बहुत सावधानी से अजगर को पकड़ा। अजगर के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि अजगर ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। उसे आबादी से दूर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। धान के खेत में इतना बड़ा अजगर मिलने से आसपास के ग्रामीणों में काफी देर तक कौतूहल बना रहा। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि खेत या आबादी के पास कोई भी वन्यजीव दिखने पर उसे पकड़ने या नुकसान पहुंचाने की कोशिश न करें। इसकी जानकारी तुरंत वन विभाग को दें।

### शरदकालीन गन्ना बुवाई पर कृषक संगोष्ठी आयोजित



**हैदरगढ़-बाराबंकी।** बलरामपुर चीनी मिल्स लि0, इकाई-हैदरगढ़ के द्वारा शरदकालीन गन्ना बुवाई को बढ़ावा देने हेतु कृषक संगोष्ठी का आयोजन बेला पश्चिमी एवं देवरा ग्राम में किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक, बी0के0 यादव, उप महाप्रबन्धक (गन्ना) धर्मश मेहरोत्रा, रीजनल हेड सुरेशानन्द पाण्डेय एवं चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारी रामहेत पाण्डेय सहित भारी संख्या में कृषक के प्रगतिशील गन्ना कृषकों ने प्रतिभाग किया। उक्त अवसर पर मुख्य महाप्रबन्धक बी0 के0 यादव ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए गन्ना की खेती से हो रहे नवाचार की विस्तृत चर्चा की तथा वर्तमान में गन्ना खेती में मजदूरों की बढ़ती निर्भरता, लागत को मद्देनजर रखते हुये गन्ना खेती में मशीनीकरण को अपनाने की सलाह दी। गन्ना कटाई एवं छिलाई में आ रही समस्याओं का संज्ञान लेते हुये इस पेराई सत्र में मैकेनिकल केन हार्वेस्टर से गन्ना कटाई एवं छिलाई कराना प्रारम्भ कराये जाने की बात कहीं तथा इसके सफल प्रयोग के उपरान्त मिल क्षेत्र में आवश्यकतानुसार और हार्वेस्टर लाने के प्लान पर चर्चा की, जिससे कृषकों की मजदूरों पर निर्भरता कम होगी तथा उत्पादन लागत कम होगी। एक साथ सम्पूर्ण प्लाट की कटाई हो जाने से पेड़ी प्रबन्धन में सुगमता होगी।

### दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**फतेहपुर-बाराबंकी।** दहेज में दो लाख रुपये नकद और चार पहिया वाहन की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को परेशान करने और मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत तीन ससुरालवालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कस्बे के मोहल्ला नालापार दक्षिणी की रहने वाली नाजिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी शादी 16 दिसंबर 2025 को हुसैनगंज थाना क्षेत्र के खटकाना निवासी अस्सू से हुई थी। नाजिया का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति अस्सू, ननद शबनम उर्फ सोनम और देवर जीशान दहेज में दो लाख रुपये नकद और चार पहिया वाहन मांगने लगे। वे उन्हें मानसिक तौर पर परेशान करने लगे। विवाहिता के मुताबिक, उन्होंने इसकी शिकायत हुसैनगंज थाने में की थी। इसके बाद मामले को सुलझाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट बाराबंकी में 2 जून को समझौते के लिए आवेदन दिया गया था समझौते के बाद विवाहिता दोबारा अपने ससुराल चली गई। लेकिन, आरोप है कि इसके बावजूद ससुरालवालों के बर्ताव में कोई सुधार नहीं आया और दहेज की मांग को लेकर उन्हें परेशान करना जारी रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 29 अगस्त की रात करीब नौ बजे दहेज की मांग को लेकर ससुरालवालों ने उनके साथ मारपीट की। इस दौरान गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। घटना के बाद विवाहिता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### जिओ नेटवर्क बाधित, उपभोक्ता परेशान

**बेलहरा-बाराबंकी।** बेलहरा कस्बा सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले काफी दिनों से रिलायंस जियो की नेटवर्क व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हालात यह हैं कि कस्बा समेत सौरंगा, घघसी, भटुवामऊ, उमरी, छेदा और आस-पास के दर्जनों गांवों में उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन शो पीस बनकर रह गए हैं नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण न केवल इंटरनेट सेवा प्रभावित है,बल्कि सामान्य वॉयस कॉल करना भी मुश्किल हो गया है स्थानीय लोगों के अनुसार इंटरनेट की गति 2जी से भी बदतर स्थिति में पहुंच गई है। शाम होते ही नेटवर्क पूरी तरह गायब हो जाता है, जिससे ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले छात्रों, यूपीआई के माध्यम से लेनदेन करने वाले दुकानदारों और अन्य उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि जियो कंपनी द्वारा 5जी नेटवर्क और बेहतर सुविधाओं का जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है। इसी के नाम पर कंपनी द्वारा लगातार रिचार्ज प्लानों की कीमतों में वृद्धि भी की जा रही है। लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उनसे महंगे 5जी प्लानों के नाम पर वसूली की जा रही है, जबकि उन्हें 2जी जैसी सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। नेटवर्क की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं द्वारा कई बार जियो के कस्टमर केयर नंबर और स्थानीय जियो सेंटर पर शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन हर बार तकनीकी खराबी का हवाला देकर मामले को टाल दिया जाता है। अब तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। नेटवर्क की लगातार बाधित सेवा से नाराज उपभोक्ताओं ने कंपनी को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे अपना मोबाइल नंबर दूसरी कंपनियों में पोर्ट कराने को मजबूर होंगे। साथ ही इस संबंध में उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की भी बात कही जा रही है।

### परम्परागत रूप से निकाला गया कन्हैया डोल

**मसौली-बाराबंकी।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव मे कन्हैया डोल का जुलूस परंपरागत एवं उल्लास के साथ निकाला गया जुलूस के दौरान भगवान श्री कृष्ण के भक्त जय-जय कार के नारे लगाते हुए चल रहे थे इससे पूरा क्षेत्र भक्त मे सरोबर हो गया जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मसौली पुलिस फोर्स मौजूद रही। जन्माष्टमी की अष्टमी के मौके पर शनिवार को ग्राम बड़ागांव के मोहल्ला पूरब टोला स्थित हनुमान मंदिर से कन्हैया डोल, उठाया गया जो बड़ी धूम,हरिजन बस्ती, मढ़ीटोला, नालीपर, मंझपटिया, बकसोर टोला होते हुए देर शाम पूर्वी मैय्या मन्दिर पर जाकर समाप्त हुआ तथा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जुलूस में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपनिरीक्षक आदित्य गौतम, राम नायक सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे इस मौके पर रामखेलावन यादव, ननकऊ यादव,कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, रमेश यादव, कल्लूराम यादव,विजय कश्यप,दिलीप यादव,जगत वर्मा, सुरजन मास्टर, राहुल यादव, अंकित यादव, नितिन यादव, बाबी यादव, सौरभ यादव सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

# पंचायत विकास मंच का धरना दूसरे दिन भी जारी

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

**लिखित आश्वासन पर अड़े कर्मचारी**

ग्राम पंचायतों की अटकी समस्याओं और ग्राम प्रधानों व पंचायत प्रतिनिधियों की नौ मांगों को लेकर पंचायत विकास मंच का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। शहर के धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

मंच की मुख्य मांगों में साल 2024 से रुके मनरेगा भुगतान को तुरंत खत्म करना शामिल है। इसके अलावा, VB-G RAM G की तकनीकी दिक्कतें दूर करने, विकास कार्यों की फाइलों को तय समय में मंजूरी देने और ग्राम पंचायतों को VB-G RAM G में डोंगल का अधिकार देने की मांग की गई है।



**व्यवस्था खत्म करने की मांग**

योग्य प्रतिनिधियों के शस्त्र लाइसेंस आवेदनों को नियम के हिसाब से पहले निपटाने और ग्राम पंचायतों में बेवजह की दोहरी जांच व्यवस्था खत्म करने की मांग भी मंच ने की है। मंच ने साफ किया कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक रहेगा। उन्होंने कहा कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक धरना खत्म नहीं किया जाएगा।

प्रशासक के कार्यकाल में ग्राम प्रधानों का मानदेय जारी रखने की बात भी कही गई है। प्रधानों के लिए सम्मानजनक मानदेय, भत्ते और पेंशन की मांग भी की जा रही है। पंचायत प्रतिनिधियों और उनके परिवार वालों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिले, यह भी उनकी मांगों में से एक है।

# नहर की जमीन पर बुलडोजर कार्रवाई

- तीन मकान-दुकान किए ध्वस्त
- हाईकोर्ट के निर्देश पर हुआ एक्शन

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

हुजूरपुर थाना क्षेत्र के धनपारा गांव में नहर विभाग की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने शुक्रवार को अभियान चलाया। राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटवाया।

तहसीलदार पयागपुर अंबिका प्रसाद चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई लखनऊ हाईकोर्ट के निर्देशों पर की गई है। यह जमीन नहर विभाग की है, जिस पर कुछ लोगों ने लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा था। राजस्व विभाग ने अतिक्रमण हटाने के लिए पहले भी आदेश दिए थे। इस अभियान के दौरान तीन मकान और एक दुकान को ध्वस्त किया गया। अधिकारियों के अनुसार, संबंधित लोगों को कई बार खुद से अतिक्रमण हटाने का मौका दिया गया था। तय समय में कब्जा न हटाने पर प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। कार्रवाई के समय तहसीलदार पयागपुर अंबिका प्रसाद चौधरी, नायब तहसीलदार विशेश्वरगंज निशांत राना, कानूनगो रामलाल, लेखपाल पंकज और सौरभ पाठक समेत राजस्व विभाग के कर्मचारी और हुजूरपुर थाने की पुलिस टीम मौजूद थी।तहसीलदार ने कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियमों के हिसाब से कार्रवाई जारी रहेगी।

## दहशत फैलाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद



- छह दिन से ग्रामीणों में था खौफ
- युवक व कई मवेशियों को किया था घायल

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** निशानगाड़ा रेंज के पचासा गांव में पिछले छह दिनों से दहशत फैला रहा तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में फंस गया। बीती रात करीब 11 बजे तेंदुआ गांव के पास लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

बताया गया कि करीब छह दिन पहले शनिवार को इसी तेंदुए ने पचासा गांव में शुभम पुत्र सरवन समेत कई लोगों के मवेशियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। इसके बाद से गांव में तेंदुए की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ था। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीम लगातार तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रख रही थी। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने गांव के पास पिंजरा लगाया था। पिंजरे में शिकार के लिए इंतजाम किए गए थे।

बीती रात तेंदुआ पिंजरे में पहुंचा और उसमें फंस गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को सुरक्षित रेंज कार्यालय ले जाया गया। रेंजर शिव कुमार ने बताया कि तेंदुए का स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इसके बाद अफसरों के निर्देश पर तेंदुए को सही जगह पर छोड़ने का फैसला लिया जाएगा।

## पूर्व मंत्री गोप समेत सपा नेता हिरासत में



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** जनपद गोंडा के कस्बा कर्नलगंज में निषाद समाज के प्रमुख नेता विनोद साहनी निषाद की निर्मम हत्या किए जाने की दुखद सूचना प्राप्त होने पर विनोद साहनी के परिजनों से मुलाकात एवं अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व मंत्री-रामनगर विधायक हाजी फरीद महफूज किदवाई, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव को जनपद गोंडा में पीड़ित परिवार से मिलने जाते समय विधानसभा रामनगर के बुढ़वल चौराहे पर जिला प्रशासन द्वारा भारी पुलिस बल लगाकर रोकते हुए गिरफ्तार कर रामनगर डाक बंगले में भारी पुलिस बल के बीच में बिठा लिया। गिरफ्तारी का विरोध करते हुए राष्ट्रीय सचिव सहित सभी नेताओं ने एक स्वर में इस निर्मम हत्या की आलोचना की।

# चौपाल में सुनीं समस्याएं, समाधान का रास्ता खुला

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

अब ग्रामीणों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के लिए जिला और तहसील मुख्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। शासन की पहल पर शुक्रवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल लगाकर प्रशासन सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचा। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया।

ग्राम चौपाल का उद्देश्य गांव में ही ग्रामीणों को प्रशासन से सीधे संवाद और समस्याओं के समाधान का अवसर उपलब्ध कराना है। चौपाल में बिजली, पानी, सड़क, आवास, राशन, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं और शिकायतें सामने आईं। संबंधित



- कटेहरी में जनप्रतिनिधियों ने सुनी फरियाद
- अधिकारियों ने मौके पर किया समस्याओं का निस्तारण

विभागों के अधिकारियों ने प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए यथासंभव मौके पर समाधान कराया। जिन मामलों का तत्काल निस्तारण संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को सौंपकर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**ग्रामीणों को मिला समाधान का मंच**

ग्राम चौपाल में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी कटेहरी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से जुड़ी शिकायतें सुनीं और ग्रामीणों को समाधान की प्रक्रिया से अवगत कराया। जिले की अन्य ग्राम पंचायतों में भी निर्धारित रोस्टर के अनुसार चौपाल आयोजित की गई। प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से संवाद का अवसर मिला। गांव की चौपाल अब शिकायत सुनने के साथ सरकार और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम बनती दिखाई दे रही है।

कटेहरी विकासखंड की ग्राम पंचायत दरवन में आयोजित चौपाल में विधान परिषद सदस्य हरिओम पाण्डेय शामिल हुए।

वहीं बरामदपुर जरियारी में विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद ने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ संबंधित अधिकारियों से उनके निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

चौपाल केवल शिकायतों तक सीमित नहीं रही। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी भी दी। पात्रता और आवेदन की प्रक्रिया समझाते हुए पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। इससे ऐसे ग्रामीणों को भी योजनाओं की जानकारी मिली, जो जानकारी के अभाव में अब तक सरकारी सुविधाओं से वंचित थे।

# जलभराव की शिकायत पर अफसरों ने बदली तस्वीर

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों के रास्ते में जलभराव और गंदगी की समस्या की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर अकबरपुर तहसील की उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट थनिगईयरसन टी

शुक्रवार को मोहरई गांव पहुंचीं और मौके पर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने समस्या का निरीक्षण करने के बाद इंतजार किए बिना मौके पर ही जलनिकासी और मार्ग सुधार का काम शुरू करा दिया।

ग्राम पंचायत मोहरई में विद्यालय जाने वाले मार्ग पर जलभराव के कारण बच्चों के साथ ग्रामीणों को भी आवागमन में परेशानी हो रही थी। रास्ते पर जमा पानी और गंदगी के चलते



छोटे बच्चों के स्कूल पहुंचने में दिक्कत आ रही थी। मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आते ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल समाधान के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही दोनों युवा आईएएस अधिकारी मौके पर पहुंचीं। सबसे पहले मार्ग से जलनिकासी की व्यवस्था कराई गई। इसके बाद जिला पंचायत की टीम को लगाकर आवश्यकतानुसार जीएसबी सामग्री डालकर मार्ग को मोटरेबल बनाया गया। इससे बच्चों और ग्रामीणों के लिए रास्ता सुगम हो गया और आवागमन की समस्या का तत्काल समाधान हो गया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थानीय ग्रामीणों में संतोष है। ग्रामीणों ने बच्चों की परेशानी को प्राथमिकता देते हुए मौके पर पहुंचकर समाधान कराने के लिए जिला प्रशासन का आभार जताया। उप जिलाधिकारी अकबरपुर ने कहा कि बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुविधा से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जा रही है। स्थानीय स्तर पर सामने आने वाली समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही प्रभावी और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। मोहरई गांव की यह कार्रवाई इस बात का उदाहरण भी बनी कि शिकायत के बाद सिर्फ कागजी कार्रवाई के बजाय अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचे और समस्या का समाधान कराया।

# विकसित भारत-2047 के लिए जुटें कार्यकर्ता : प्रमोद

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत विधानसभा जैदपुर के मंडल नगर पंचायत सभागार में मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश द्विवेदी जी ने की।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रमोद तिवारी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत @2047 के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ पूरी निष्ठा से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा एवं विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए जनसेवा के कार्यों को गति दें और अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री बैजनाथ रावत जी, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग उपस्थित रहे। उन्होंने भी कार्यकर्ताओं को अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में अम्बरीश रावत, डॉ. समर सिंह, रामहेतु, आकाश गुप्ता श्रेष्ठ शर्मा राजन दशरथ चौहान रेखा वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा, संगठन और संकल्प के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कार्यशाला का समापन हुआ।

# बाढ़ प्रभावितों का एसडीएम ने जाना हाल

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

बाढ़ के प्रकोप से प्रभावित ग्रामीणों को राहत और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट बृजेन्द्र उपाध्याय ने नायब तहसीलदार उमेश चन्द्र दुवेदी के साथ बाढ़ शरणालयों का निरीक्षण किया।

उन्होंने शरणालय में रह रहे बाढ़ प्रभावित परिवारों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसडीएम बृजेन्द्र उपाध्याय



ने खैरी बांध के निकट अस्थायी रूप से संचालित बाढ़ शरणालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां रह रहे प्रभावित परिवारों के लिए की जा रही राहत व्यवस्थाओं की जानकारी ली। शरणालय में लोगों के ठहरने, भोजन, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं का दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

# राजकीय इंटर कॉलेज में डीएम का निरीक्षण, शिक्षा सुधार पर जोर

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज दारीचौरा का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की संख्या, उपस्थिति, पठन-पाठन व्यवस्था तथा उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ उनके सीखने के स्तर में निरंतर सुधार किए जाने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर



विद्यार्थियों की संख्या एवं पढ़ाई की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के सीखने के स्तर का नियमित आकलन किया जाए। जिन विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर अपेक्षाकृत कमजोर है, उन पर विशेष ध्यान देते हुए अतिरिक्त शिक्षण एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए।

जिलाधिकारी ने विद्यालय के वार्षिक शैक्षिक कैलेंडर का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित पाठ्यक्रम को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के साथ शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल पाठ्यक्रम पूरा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों को पढ़ाई गई विषय-वस्तु का पर्याप्त ज्ञान एवं समझ विकसित हो।

उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा कक्षा स्तर पर आवश्यक सुधारात्मक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों की रुचि और क्षमता को ध्यान में रखते हुए शिक्षण कार्य किया जाए।

# त्योहारों से पहले दुरुस्त होंगी यूपी की सड़कें

## बारिश-बाढ़ से क्षतिग्रस्त मार्गों को तत्काल मोटरेबल बनाने के निर्देश

- सीएम ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की
- अस्पतालों, बाजारों तक जाने वाले मार्गों को प्राथमिकता



### आमजन की आवाजाही वाले मार्ग पहले होंगे दुरुस्त

योगी ने शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, मुख्य बाजारों, सरकारी कार्यालयों और अन्य ऐसे स्थानों तक जाने वाले मार्गों को प्राथमिकता देने को कहा, जहां आमजन की आवाजाही अधिक रहती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन मार्गों पर काम शुरू करने में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। जहां सड़क पर तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है, वहां उसे बिना विलंब आवागमन योग्य बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सड़क मरम्मत में केवल तेजी ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की नियमित निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि मरम्मत के बाद सड़कें दोबारा जल्द खराब न हों।

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

बारिश और बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन मार्गों पर बारिश के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल मोटरेबल बनाया जाए। आगामी पर्व एवं त्योहारों में बड़ी संख्या में लोगों के आवागमन को देखते हुए प्रमुख मार्गों की मरम्मत और नवीनीकरण का काम त्योहारों से पहले हर हाल में पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बारिश से क्षतिग्रस्त नए मार्गों का भी सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां सड़क की स्थिति खराब है, वहां अभी तत्काल आवश्यक मरम्मत कर उसे आवागमन योग्य बनाया जाए। बरसात समाप्त होने के बाद सड़क की वास्तविक स्थिति का आकलन कर जरूरत के अनुसार उसका स्थायी नवीनीकरण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों से उनकी कार्ययोजना की जानकारी ली। इसके साथ ही मंडी परिषद, पंचायती राज, सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास, आवास एवं शहरी नियोजन तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की कार्ययोजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश और बाढ़ से प्रभावित मार्गों को दुरुस्त करने में विभागीय समन्वय की कमी नहीं होनी चाहिए। आगामी पर्व-त्योहारों से पहले प्रमुख मार्गों पर आवागमन सुचारु रखना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण के कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं।

# प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण लक्ष्य पूरा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश में 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान में अब तक 86.3 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है जबकि देश का 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है । प्रदेश में 28 फरवरी से शुरू हुए अभियान के तहत 10 सितम्बर तक 23,26,580 किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण किया जा चुका।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने बताया, उत्तर प्रदेश में एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर लगातार सकारात्मक प्रगति हो रही है। 10 सितम्बर तक प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 86.3 प्रतिशत किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। जिलों में भी बेहतर कवरेज



देखने को मिल रहा है। हमारा प्रयास है कि शेष पात्र किशोरियों तक भी पहुंच बनाकर उनका टीकाकरण पूरा किया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और समुदाय स्तर पर जागरूकता एवं टीकाकरण गतिविधियों को और मजबूत कर रही हैं। अभिभावकों से भी अपील है कि वे अपनी पात्र बेटियों को एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं और सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास में सहयोग करें।

डॉ. पिंकी जोवेल, मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने कहा, ÷एचपीवी टीकाकरण अभियान में प्रदेश की अब तक की प्रगति उत्साहजनक है। हमारा विशेष ध्यान उन पात्र किशोरियों तक पहुंचने पर है, जिनका टीकाकरण अभी शेष है। इसके लिए जिलों को स्थानीय स्तर पर स्कूलों, स्वास्थ्य संस्थानों और समुदाय के साथ समन्वय करते हुए माइक्रो-प्लान के अनुसार टीकाकरण गतिविधियों को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, किशोरियों और अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन की उपयोगिता एवं सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है, जिससे कि किसी भी भ्रांति के कारण कोई पात्र किशोरी टीकाकरण से वंचित न रहे।÷

डॉ. अजय गुप्ता, राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिलों के प्रदर्शन की बात करें तो मुरादाबाद 99.6 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है।

## खबरें एक नजर में

### हनुमान सेतु से 1090 चौराहे तक दौड़ा युवाओं का हुजूम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 11 सितंबर के ऐतिहासिक दिन के मौके पर सड़कें युवाओं के जोश और राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आईं। युवराष्ट्र की ओर से शुक्रवार को लखनऊ में एक भव्य मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौड़ में राजधानी और आसपास के इलाकों से आए बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। मैराथन का शुभारंभ ऐतिहासिक हनुमान सेतु मंदिर के सामने से हुई। दौड़ की शुरुआत होते ही युवाओं का हुजूम लक्ष्य की तरफ तेजी से बढ़ चला, जिसका समापन गोमती नगर स्थित 1090 चौराहे पर हुआ। मैराथन के पूरे रूट पर युवाओं में गजब का उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। मैराथन के समापन पर 1090 चौराहे पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें दौड़ में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में अतिथियों ने युवाओं को 11 सितंबर के ऐतिहासिक महत्व (जैसे स्वामी विवेकानंद का शिकागो भाषण) की याद दिलाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाने का आह्वान किया।

### आवास व किसान निधि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**लखनऊ।** एकता शक्ति कंसल्टेंसी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पी.एम.आवास एवं किसान निधि सम्मान एफ.ओ. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होटल दिलीप हुसैनगंज में किया गया। कार्यक्रम में मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद चौरसिया, ब्रांच मैनेजर राजेश राज एवं ट्रेनर विकास कुमार ने कर्मचारियों को योजनाओं एवं फील्ड कार्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रिया गुप्ता, ए.पी. पटेल, विनीता मौर्य, प्रीति पटेल, साधना राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 8418 लीटर शराब बरामद, 77 आरोपित गिरफ्तार

**लखनऊ।** अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रदेश में विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके तहत आबकारी विभाग की टीमों ने प्रदेश भर में व्यापक कार्रवाई करते हुए 3152 स्थानों पर छापे मारे। इस दौरान 373 अभियोग पंजीकृत किए गए, जबकि कार्रवाई में 77 लोगों को गिरफ्तार किया गया। टीमों ने कुल 8418 लीटर अवैध शराब बरामद की। आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह ने बताया कि विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत अवैध शराब के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। विभाग का फोकस केवल शराब की बरामदगी तक सीमित नहीं है, बल्कि अवैध निर्माण, भंडारण, बिक्री और तस्करी की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखते हुए इनके नेटवर्क को रोकना है। 10 सितंबर की कार्रवाई में 3152 छापे और 373 अभियोग दर्ज हुए। विभाग की टीमें आगे भी अभियान को जारी रखते हुए अवैध शराब से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई पर जोर दे रही हैं।

### विनोद साहनी की हत्या पर गुस्साए सपाइयों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी में शुक्रवार को सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। गोंडा के विनोद सहनी की हत्या के विरोध में सपा कार्यकर्ता हजरतगंज चौराहे पर इकट्ठा हो गए। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की और नोकझोंक हुई। पुलिस प्रदर्शनकारियों को घसीटकर ले गई और बस में बैठाकर इको गोर्डन भेज दिया। प्रदर्शनकारी हाथों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर और फैंटा की बोतल लेकर पहुंचे थे। विनोद सहनी की हत्या के यूपी में लचर कानून व्यवस्था से जोड़ा। सपा कार्यकर्ताओं का आरोप था कि सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विनोद सहनी की हत्या की गई। उन्होंने कहा कि दिनदहाड़े निषाद समाज के युवक की हत्या हो जाती है, लेकिन सरकार और पुलिस की ओर से उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। सत्ता में बैठे हुए संजय निषाद सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं मगर अपने समाज को न्याय नहीं दिलवा पा रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे राज साहनी ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। लॉ एंड ऑर्डर जीरो है। प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आम लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। भाजपा सरकार पीडीए को रौंदना चाहती है। समाज के युवाओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन सरकार खामोश है। समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक पीडीए की लड़ाई लड़ रही है। प्रदर्शनकारी विधानसभा कि पर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों के हाथ से फैंटा की बोतल भी पुलिस ने छीन ली। प्रदर्शन के चलते कुछ देर के लिए ट्रैफिक व्यवस्था बाधित हुई चौराहे पर जाम लगा। प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया गया।

# बाढ़ प्रभावितों में राहत अभियान जारी

- अब तक 21 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सरकार पीड़ित परिवार को राज्य सरकार हंर संभव मदद पहुंचा रही है। राहत बचाव कार्य में जुटी टीमों ने अब तक 21 हजार 350 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, नहीं होने पाई कोई भी जन व पशुहानि नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए बचाव अभियान, भोजन वितरण, राहत शिविर, चिकित्सा सेवाओं और आवश्यक राहत सामग्री की व्यवस्था कर रहा है। उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक गुरुवार को आठ हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था, जबकि अब तक 21 हजार 350 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा चुका है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए प्रशासन ने बड़े स्तर अब तक 2,385 नाव एवं मोटरबोट का इस्तेमाल कर चुका है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित आश्रय दिया जा रहा है। इन शिविरों में 2,972 लोग रह रहे हैं। सरकार ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए भोजन की व्यवस्था को प्राथमिकता दी है।

# प्रदेशभर में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर : ब्रजेश पाठक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को आवास पर वर्चुअल बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभियान के तहत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सेवा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों



को निर्देश दिए कि अभियान के तहत होने वाले सभी कार्यक्रमों का प्रभावी, व्यवस्थित और समयबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चिकित्सा अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन प्रदेशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन शाम 7 बजे बजे प्रदेश की सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर 'आशीर्वाद का दीपक' प्रज्वलित किया जाएगा। इसके माध्यम से सेवा, समर्पण और जनकल्याण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

वहीं, 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में व्यापक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आमजन को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं, जांच सुविधाओं तथा स्वास्थ्य विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक जिले में अभियान की गतिविधियों की कार्ययोजना पहले से तैयार की जाए और सभी कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ दिलाना अभियान की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# नीला कपड़ा पहनने से नहीं बदलेगी जातिवादी सोच : मायावती

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

इस समय उत्तर प्रदेश के सियासी केन्द्र में नीला रंग आ गया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शक्रवार को नीले रंग को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, नीला कपड़ा और गमछा पहनने व नीला स्टेज लगाने से गरीबों और उपेक्षित वर्गों के प्रति वर्षों से चली आ रही उनकी जातिवादी और पूंजीवादी सोच नहीं बदल सकती। न ही ये लोग दिल से अम्बेडकरवादी होने एवं कहलाने वाले हैं। इसीलिये 'बहुजन समाज' के वास्तविक हित व कल्याण के प्रति पहले वे अपना दिल व दिमाग़



तो पाक-साफ करें।

उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि वैसे भी ये लोग इन वर्गों के मामले में आए दिन गिरगिट की तरह ही रंग बदलते रहते हैं। अर्थात ये कहते कुछ हैं और करते उसके ठीक विपरीत हैं। ख़ासकर इनके सपा के पीडीए के मामले में तो इनकी सोच, चाल, चरित्र व चेहरा आदि हमेशा दोग़ला व बईमान ही रहा है, जिसके अनेकों उदाहरण हैं। ये सभी जानते हैं। इसलिए इन वर्गों की एकमात्र हितैषी व अम्बेडकरवादी पार्टी केवल बसपा ही है, जो सर्वविदित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि जिस दिन बसपा ने अशोक सिद्धार्थ को राजनीति से संन्यास लेने को कहा तो उस दिन उन्होंने अपने संन्यास लेने की घोषणा तब तत्काल नहीं की थी। क्योंकि उस दिन यह पूरी रातभर इसे रुकवाने के लिए किस्म-किस्म के हथकण्डे इस्तेमाल करते रहे। इसमें उन्हें जब कामयाबी नहीं मिली तो मजबूरन अगले दिन संन्यास की घोषणा करनी पड़ी है।

### बसपा से निकाले लोग अवसरवादी

मायावती ने कहा कि बसपा से जो भी लोग पार्टी में अनुशासनहीनता आदि के कारण समय-समय पर निकाले जाते हैं तो वे अधिकतर इन्हीं सब कारणों से अब तक कई पार्टी बदल चुके हैं। इसी से ही अन्दाज़ा लगा लेना चाहिए कि ये लोग पूरे स्वार्थी व अवसरवादी हैं। वे किसी भी पार्टी के हित में नहीं हो सकते हैं। इतना ही नहीं बल्कि जिनको पार्टी से निकाल दिया जाता है तो उनमें से कुछ लोग दूसरी पार्टियों के हाथों में खेलकर छोटी-छोटी पार्टियाँ व संगठन आदि भी बना लेते हैं, जिनसे 'बहुजन समाज' का सामूहिक हित नहीं हो सकता है। हालांकि ऐसी पार्टियाँ बिना किसी गठबन्धन के भी चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। किसी भी पार्टी की सरकार बनने पर सरकार में शामिल हुए बिना भी नहीं रह सकती हैं, जो पार्टी से निकाले हुए लोगों को अक्सर अपनी पार्टी में लेने की बात करते हैं या उन्हें पार्टी बनाने की भी सलाह देते हैं, तो वे पहले अपने गिरेबान में भी झाँककर ज़रूर देख लें।

# नवोदय के गुरुजनों का सम्मान समारोह कल



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

नवोदय परिवार द्वारा आयोजित द्वितीय नवोदय विद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी सम्मान समारोह-2026 की विस्तृत जानकारी देने के लिए नवोदय परिवार द्वारा आज प्रेस क्लब, लखनऊ में प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता में नवोदय परिवार के सम्मानित सदस्य वेद प्रकाश राय,अनिल दीप आनंद, प्रज्ञा पांडेय, श्रीकांत मिश्रा, प्रो. राजश्री पांडेय, हरिशंकर गुप्ता, अवनीश चौबे, डॉ. नित्या वर्मा, डॉ. अनुराग मिश्रा सहित अनेक पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 13 सितम्बर रविवार को प्रातः 10 बजे होटल डैमसन प्लम, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ में आयोजित होने वाले इस समारोह में देशभर के नवोदय विद्यालयों से जुड़े 200 से अधिक सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंट कमिश्नर, प्राचार्य, पीजीटी-टीजीटी शिक्षक एवं कर्मचारीगण को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे 300 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं के भी शामिल होने की संभावना है।

प्रमुख रूप से प्रेम कुमार गौतम (आईजी, एटीएस, उत्तर प्रदेश), रणवीर प्रसाद (आईएएस, प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग), सूर्यपाल गंगवार (आईएएस, सचिव, मा. मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश), राजशेखर रेड्डी (आईएएस, सचिव, योजना विभाग), बबलू कुमार (आईपीएस, डीआईजी/ज्वाइंट कमिश्नर, लॉ एंड ऑर्डर, लखनऊ), प्रशांत कुमार (आईएएस, आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता विभाग), कमलेश, भूपेंद्र मिश्रा सहित अनेक अन्य गणमान्य पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि नवोदय विद्यालय की सात वर्षों की पूर्णतः निःशुल्क आवासीय शिक्षा व्यवस्था केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है। अनुशासित जीवनशैली, सामूहिकता, आपसी पारिवारिक संबंध और गुरुजनों के मार्गदर्शन से यहाँ विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण होता है। यही कारण है कि नवोदय के पूर्व छात्र आज देश ही नहीं, बल्कि विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं।

# बेखौफ बदमाशों ने युवक को मारी गोली

**समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद।**

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ढेंढेमऊ गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक पर गोली चला दी। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। वारदात की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सैफलपुर निवासी समरेंद्र कुमार 35 ढेंढेमऊ गांव में पेट्रोल पंप के समीप स्थित दुर्गेश जन सेवा केंद्र पर खड़ा था। इसी दौरान अज्ञात हमलावर वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर



समरेंद्र की कनपटी पर अवैध असलहे से गोली मार दी। गोली लगते ही समरेंद्र खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मलिहाबाद की तरफ पहले से खड़ी अपनी बाइक की ओर दौड़कर फरार हो गए।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और खून से लथपथ समरेंद्र को नजदीकी सीएचसी मलिहाबाद ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर भेज दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह और इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए हैं और हमलावरों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन रवाना

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** जनपद न्यायाधीश लखनऊ मलखान सिंह द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा भेजे गयी प्रचार वाहन एवं पीआरवी वैन को न्यायालय प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय लखनऊ, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण, उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, स्थायी लोक अदालत, श्रम न्यायालय, वाणिज्यिक न्यायालय, कलेक्ट्रेट एवं जनपद के समस्त तहसीलों में किया जायेगा।

### केजीएमयू के शोध में खुलासा

# स्किन टीबी के मरीजों में बढ़ा डीआर-टीबी का खतरा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

क्षय रोग (टीबी) केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं है। टीबी का जीवाणु शरीर के अन्य अंगों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है, जिसमें स्किन (त्वचा) भी शामिल है। चिकित्सा जगत में इसे एक्स्ट्रा-पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। मतलब ऐसी टीबी जो फेफड़ों के अलावा शरीर के किसी और हिस्से में अपनी जड़ें जमा लेती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि स्किन टीबी से पीड़ित मरीजों में दवा-प्रतिरोधी (डीआर) टीबी का जोखिम बढ़ रहा है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में हुए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है।

यह अध्ययन इंडियन जर्नल ऑफ डर्मेटोलॉजी, वेनेरोलॉजी एंड लेप्रोलॉजी (आईडीजीवीएल) में प्रकाशित हुआ है।



केजीएमयू के त्वचा रोग विभाग के वर्ष 2019 से 2022 के बीच हुए अध्ययन में स्किन टीबी के 54 मरीजों को शामिल किया गया। इनकी उम्र 20 से 40 वर्ष के बीच थी। इनमें सात मरीजों में दवा-प्रतिरोधी टीबी पाई गई। सभी मरीज एचआईवी निगेटिव थे। शोध में पाया गया कि छह मरीजों पर टीबी की सबसे असरदार दवा का असर नहीं हो रहा था। ऐसे में इन्हें बहु दवा-प्रतिरोधी (एमडीआर) टीबी की दवाएं दी गईं। वहीं, एक मरीज पर एक और मुख्य टीबी-रोधी दवा असर नहीं कर रही थी। उसका इलाज तय मानक के तहत किया गया। राहत की बात यह रही कि इलाज शुरू होने के लगभग एक महीने के भीतर ही मरीजों की हालत में सुधार होने लगा। इलाज पूरा करने वाले मरीजों में त्वचा के घाव पूरी तरह ठीक हो गए। शोध में सामने आया कि इन सात मरीजों में तीन को ल्यूपस वल्गैरिस (त्वचा पर लाल-भूरे रंग के चकत्ते और घाव), दो को स्क्रोफूलोडरमा (गांठों से मवाद रिसना), एक को ट्यूबरकुलर एब्सेस (त्वचा के नीचे मवाद भरी गांठ) और एक मरीज को ट्यूबरकुलर चैंक्र (त्वचा पर छाले जैसा घाव) थे। शोध में अहम चुनौती यह रही कि स्किन टीबी में बैक्टीरिया की संख्या सामान्यतः बहुत कम होती है। जिससे मरीजों की कल्चर जांच से टीबी के जीवाणु की पहचान और दवा-प्रतिरोध का पता लगाना मुश्किल होता है।

**तैयारी**

### लविवि में होगा साहित्य व संस्कृति का महाकुंभ

# 5वें गोमती पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ आज से

**समृद्धि नयूज, लखनऊ।**

कवियों, कहानीकारों और महान विद्वानों की परंपरा के लिए प्रसिद्ध लखनऊ एक बार फिर उत्तर भारत के साहित्यिक परिदृश्य के केंद्र में अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए तैयार है।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की ओर से गोमती पुस्तक महोत्सव के पाँचवें संस्करण का आयोजन 12 से 20 सितंबर तक लखनऊ विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। नौ दिनों तक चलने वाला यह महोत्सव पुस्तकों, साहित्यिक संवादों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का ऐसा भव्य आयोजन होगा, जिसके विराट उपस्थिति बाद तक भी महसूस की जाएगी।

11 सितंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के निदेशक श्री युवराज मलिक, लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रोफेसर रोली मिश्रा (विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग एवं प्रधान पुस्तकालयाध्यक्ष) ने इस सम्बन्ध में जानकारी दी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम प्रो रोली मिश्रा ने कहा कि यह लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है कि राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सहयोग से विश्वविद्यालय में इतना बड़ा आयोजन होने जा रहा है। पठन-पाठन की संस्कृति को संवर्द्धित करने के राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के साझा सहयोग से ही यह संभव होने जा रहा




है। राज्यपाल के मार्गदर्शन में हम 'पढ़े लखनऊ, बढ़े लखनऊ' और 'पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय' के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए अब एनबीटी के सहयोग से भव्य गोमती पुस्तक महोत्सव के साक्षी बनने जा रहे हैं।

यह अच्छी किताबों और अच्छे लेखकों से साक्षात्कार का भी अवसर होगा, और हमें प्रेरित करेगा कि हम भविष्य में एनबीटी के साथ मिलकर और भी आयोजन करें।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के निदेशक युवराज मलिक ने कहा कि गोमती पुस्तक महोत्सव का यह पांचवा पुस्तक महोत्सव है जो युवाओं को प्रेरित करेगा।

चंद्र प्रकाश, वरिष्ठ संयोजक, आयोजन समिति, गोमती पुस्तक महोत्सव ने कहा कि एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की एंटीडोट पुस्तकें हैं। क्योंकि इंटरनेट पर जो कुछ भी उपलब्ध है वह न पुष्टिकृति है न कहीं से प्रमाणित है। इसलिए सिर्फ एआई के सहारे आप सही ज्ञान नहीं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में गोमती पुस्तक महोत्सव में शामिल होने की अपील की। गोमती पुस्तक महोत्सव 2026 का शुभारंभ आज (12 सितंबर) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

# एसपी ग्रामीण ने किया छात्राओं से संवाद एवं मार्गदर्शन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जिला प्रशासन के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं के साथ एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे का संवाद एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा, आत्मविश्वास, जागरूकता एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए करियर मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या सोनिया गुप्ता के मार्गदर्शन एवं सहयोग के साथ हुआ। प्रधानाचार्या द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे

- **पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में हुआ संवाद कार्यक्रम**

ने छात्राओं से सहज एवं आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया। उन्होंने छात्राओं को निडर होकर अपनी बात रखने, विपरीत परिस्थितियों में विवेकपूर्ण निर्णय लेने तथा अपनी सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने छात्राओं को उनकी रुचि, क्षमता एवं लक्ष्य के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए भविष्य के लिए स्पष्ट लक्ष्य




निर्धारित करने तथा उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सोनिया गुप्ता ने भी अपने अधिकारी बनने की यात्रा एवं अनुभव छात्राओं के साथ साझा किए। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों के माध्यम से छात्राओं को यह संदेश दिया कि दृढ़ संकल्प, अनुशासन, निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर प्रत्येक छात्रा अपने सपनों को साकार कर सकती है। उन्होंने छात्राओं को अपनी रुचि एवं क्षमता पहचानकर उचित करियर का चयन करने तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने हेतु प्रेरित किया। उनका उद्बोधन छात्राओं के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमामय मंच संचालन शिक्षिका नेहा मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में आस्था वर्मा, पारुल गुप्ता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की सफलता में विमला वर्मा, आशा दीक्षित, शशि सुमन, प्रीती छाबड़ा, प्रभा साहू, प्रियंका गुप्ता, अमिता कनौजिया, आदिति जैन, महेंद्र सक्सेना, तूबा खानम सहित समस्त विद्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार की उपस्थिति रही तथा उन्होंने कार्यक्रम को अपना मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। एसआई पारुल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी, ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा। संवाद, सुरक्षा जागरूकता एवं करियर मार्गदर्शन के इस समन्वित प्रयास ने छात्राओं में आत्मविश्वास, जागरूकता तथा अपने भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अक्षत ने उत्तीर्ण किया जेआरएफ

- **शीर्ष 100 में बनाई जगह**



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के पूर्व छात्र अक्षत वर्मा ने लाइफ साइंस विषय में सीएसआईआर द्वारा आयोजित नेट (जेआरएफ) की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अक्षत ने इस विषय में अखिल भारतीय रैंक 85 प्राप्त की है। परीक्षा में कुल 67650 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श पांडेय ने बताया कि अक्षत ने वर्ष 2025 में वनस्पति विज्ञान विषय में एम.एससी. उत्तीर्ण करके गोल्ड मेडल भी हासिल किया था। बी.एससी. की परीक्षा में भी अक्षत शीर्ष तीन विद्यार्थियों में शामिल रहे हैं। इस सफलता पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने अक्षत सहित पूरे विभाग को आशीर्वाद दिया। सचिव डॉ. अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रोफेसर आर. के. आजाद, संकायाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सिंह, मीडिया सहसम्न्वयक शिशिर शुक्ला, डॉ. रमेश चंद्रा, डॉ. मुमताज हुसैन, डॉ. केशव शुक्ला, डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. निधि त्रिपाठी मनोज, आकांक्षा गुप्ता, शिवांगी शुक्ला, अजय व दीपक आदि ने अक्षत की इस सफलता पर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# अधिवक्ताओं का चौथे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी

- **तहसील प्रशासन के खिलाफ अधिवक्ताओं ने की जमकर नारेबाजी**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



तहसील सदर में प्रशासनिक अधिकारियों के रवैये को लेकर अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। तहसील परिसर में बड़ी संख्या में अधिवक्ता एकजुट हुए और अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान तहसील प्रशासन के खिलाफ अधिवक्ताओं में खासा आक्रोश दिखाई दिया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि पिछले कई दिनों से तहसील में प्रशासनिक कार्य प्रभावित हैं और समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। लगातार चार दिनों से चल रहे आंदोलन के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई न होने से अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विरोध प्रदर्शन में विपुल कुमार बाजपई, रज्जन बाबू मिश्रा, श्याम किशोर मिश्रा, प्रशांत सक्सेना, आदर्श सक्सेना, प्रमोद कुमार मिश्रा, दिनेश सक्सेना, जितेंद्र मिश्रा, उमेश कुमार, विष्णुकांत मिश्रा, केशव मूर्य शुक्ला, नवनीत गुप्ता, दीपक गुप्ता समेत अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर तहसील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। चैथे दिन भी जारी रहे विरोध प्रदर्शन से तहसील परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा। अधिवक्ताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# बारिश के पानी से जल जमाव, निस्तारण को कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

- **डीएम की गैरमौजूदगी में सिटी मजिस्ट्रेट को ग्रामीणों ने सुनाई समस्या**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

महानगर सीमा से सटे तहवरगंज मिश्रीपुर गांव में आज भी विकास के दावें सिर्फ कागजों तक सीमित है, धरातल पर सब पानी ही पानी नजर आ रहा है। कई वर्षों यहां बारिश के बाद होने वाले जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिसको लेकर तीन चार दिन पहले ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम कर प्रशासन तक अपनी आवाज बुलंद की थी, लेकिन अभी तक स्थायी निस्तारण न हो पाया है। जिसको लेकर शुक्रवार को पुनः तहवरगंज मिश्रीपुर के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट आकर विरोध जताता।

डीएम संबोधित ज्ञापन पत्र सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत को सौंपकर गांव में जलभराव की समस्या का स्थायी निस्तारण की मांग उठाई है। ज्ञापन में बताया गया कि



तहवरगंज मिश्रीपुर निकट बाबा मैरिज लॉन वाली गली में विगत कई वर्षों से पानी के निकास की समस्या बनी हुई है, अभी तक इसका कोई समाधान नहीं किया गया। मूसलाधार वर्षा के कारण क्षेत्रवासियों के घरों में गंदा बरसात का पानी घुस गया। बीडीओ भावलखेड़ा से बरसात का पानी यथाशीघ्र निकलवाए जाने व पानी के निकास को स्थाई समाधान करवाया जाए। ब्लॉक स्तर से दो पंपसेट बरसात के पानी से निकास के लिए लगवाए गए, पंप सेट लगा कर फोटो लेने

> हमारी विधानसभा में जो भी समस्या है, उनको दूर कराया जा रहा है। नाली, सड़क, खंडजा पर निरंतर कार्य जारी है। अगर तहवरगंज में ऐसी कोई समस्या है, तो संबधित अधिकारी से वार्ता कर जल्द वहां पर नाला निर्माण कार्य कराया जाएगा। वहां की जनता हमारे घर के सदस्य हैं।
> **-अरविंद कुमार सिंह, ददरौल विधायक**

के बाद, पंप सेट डीजल व भाड़ा न दिए जाने के कारण एक दिन भी ठीक तरह से नहीं चले और दोनों पंप सेट सेक्रेटरी द्वारा हटवा लिए गए, जबकि बरसात का पानी अभी भी घरों में भरा हुआ है वीडियो व सेक्रेटरी का यह कृत्य क्षेत्रवासियों के प्रति लापरवाही व अपर जिला अधिकारी के आदेश की अवहेलना को दर्शाता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात का पानी जो अभी भी घरों में भरा हुआ है, वह निकलवाने का प्रबंध किया जाए। ज्ञापन देने वालों में आदित्य, फरमान, गुल्लू, दीपक, राहुल, मनोज, यासीन, हरीराम, रविंद्र, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### युवक की मौत, पोस्टमार्टम कराने की मांग

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव सहारू निवासी धनी देवी पत्नी कल्लू सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर युवक की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच और पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि करीब दो माह पहले गांव के ही तीन लोगों के कहने पर उसका पुत्र दिल्ली में काम करने के लिए गया था। वहां से लौटने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार युवक के शरीर पर चोटों के निशान थे और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोप है कि मामले की सूचना देने के बावजूद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने आशंका जताई है कि चोटों के कारण ही युवक की मौत हुई है। उसने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**कटरा, शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कटरा पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि 2 सितंबर को वादी द्वारा थाना कटरा पर तहरीर दी गई थी कि अभियुक्तों ने उसके पुत्र के साथ मारपीट व गाली-गलौच की है। तहरीर के आधार पर थाना कटरा पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। बाद में घायल युवक की दौराने इलाज मृत्यु हो जाने व पीएम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धारा 105 बीएनएस की वृद्धि की गई। इसी क्रम में आज मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र महेश कश्यप, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी ग्राम हुलास नगला, थाना कटरा को समय करीब 10.45 बजे कसरक शराब भट्ठी के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल आरजू खाँ व कांस्टेबल सौरभ दीक्षित शामिल रहे।

### बेटी को प्रताड़ित व आपत्तिजनक फोटो वायरल करने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कुइयां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अपने दामाद पर बेटी को प्रताड़ित करने और आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी बेटी की शादी करीब तीन माह पूर्व क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी में उसने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि इसके बावजूद बेटी का पति आए दिन उसके साथ अभद्रता कर मानसिक रूप से परेशान करता था। पति और उसके भाई द्वारा कई बार बेटी को प्रताड़ित किए जाने के बाद वह अपनी पुत्री को मायके ले आया। पीड़ित के अनुसार प्रधान के यहां कई बार समझौते का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। अब बेटी मायके में रह रही है, फिर भी फोन पर गाली-गलौज की जा रही है और उसके आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। पिता ने पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### ट्रेन से गिरकर युवक गम्भीर रूप से घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायल को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे चम्पारण बिहार के मनुआपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेटिया निवासी 27 वर्षीय कादिर मियां पुत्र अदीस मियां संभवतः ट्रेन से गिरकर दुर्गिया बहादुरपुर रेलवे ट्रैक पर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी लेकर गई। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# महाऊ दुर्ग में अंतर्जनपदीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में विकासखंड सिंधौली के गांव महाऊ दुर्ग में अंतर्जनपदीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन खिलाड़ी अजय पाल वर्मा रहे। प्रतियोगिता में ओपन महिला एवं पुरुष वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में शाहजहांपुर, बदायूं और हरदोई सहित विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन वायुसेना प्रमोद गुप्ता ने बजरंगबली के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन कर फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बामनिया, जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी संजय कुमार यादव, डॉ. अभिषेक दीक्षित , कर्नल आनंद शर्मा एओ 25 यूपी एनसीसी बटालियन तथा एशियन मेडलिस्ट कुश्ती खिलाड़ी सूबेदार अरविंद कुमार सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।बालिका वर्ग के 45 किग्रा भार वर्ग में कौशल्या प्रथम, आराध्या द्वितीय और नेहा देवी तृतीय रहीं। 49 किग्रा में रोली वर्मा ने प्रथम, निकिता वर्मा ने द्वितीय तथा मोहिनी हरदोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 53 किग्रा में प्रियांशी देवी प्रथम, नेहा वर्मा द्वितीय और उर्वशी तृतीय रहीं। 58 किग्रा में पलक पटेल बदायूं प्रथम, काजल हरदोई द्वितीय और खुशबू तृतीय रहीं।पुरुष वर्ग के 55 किग्रा में अजय बदायूं प्रथम, नैतिक चंद्र द्वितीय व कुणाल हरदोई तृतीय रहे। 60 किग्रा में ईशू सिंह प्रथम, विजय द्वितीय और पप्पू हरदोई तृतीय रहे। 65 किग्रा में सुनील कुमार प्रथम, रवि कुमार बदायूं द्वितीय व दिव्यांशु सिंह तृतीय रहे। 70 किग्रा में करण सिंह प्रथम और 70 प्लस में देव कुमार हरदोई प्रथम रहे। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में कोच राजीव कुमार बदायूं एवं कन्हैया हरदोई ने निष्पक्ष निर्णय दिया। इस अवसर पर बृजेश कुमार कोच, उमेश सिंह चौहान, अशोक कुमार यादव, श्याम चरण पाल, विजेंद्र कुमार एडवोकेट, हरिराम वर्मा, फूलचंद वर्मा प्रधान, अरविंद कुमार, मोहित कुमार तिवारी, कमलजीत सिंह, आसिफ अली मंसूरी, पंकज सक्सेना, मुजाहिद अली, निशांत चौधरी, शकील अहमद, राजकिशोर, दीपक वर्मा एवं धनीराम वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीण करते रहे इंतजार, नहीं पहुंचे एसडीएम

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद।**

- **फरियाद लेकर सचिवालय पहुंचे ग्रामीण, अधिकारी के न पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश**

जनपद शाहजहांपुर के विकासखंड जलालाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बझेड़ा महुआ डाड़ी में जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों का प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। घरों में पानी घुसने से ग्रामीण पहले से ही परेशान हैं। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर उनकी समस्या सुनेंगे और राहत दिलाने के लिए तत्काल कदम उठाएंगे, लेकिन शुक्रवार को ग्रामीणों का यह इंतजार निराशा में बदल गया। बताया गया कि उप जिलाधिकारी जलालाबाद के आश्वासन के बाद ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर ग्राम सचिवालय में एकत्र हुए थे। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि एसडीएम अथवा संबंधित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर जलभराव की स्थिति का जायजा लेंगे और आवश्यक राहत एवं व्यवस्था के निर्देश देंगे। ग्रामीण काफी देर तक अधिकारियों के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन उप जिलाधिकारी के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि जब गांवों में जलभराव के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों के घरों तक पानी पहुंच चुका है, ऐसे समय में प्रशासनिक अधिकारियों से राहत और समाधान की उम्मीद स्वाभाविक है। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारियों के आश्वासन के भरोसे सचिवालय पहुंचने के बाद भी यदि उनकी सुनवाई नहीं होती तो आखिर वे अपनी समस्या किसके सामने रखें। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए तथा प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या गंभीर होने के बावजूद समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। एक तरफ प्रदेश सरकार ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को लगातार निर्देश दे रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर अधिकारियों की मौजूदगी को लेकर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। अब देखना यह होगा कि बझेड़ा महुआ डाड़ी के ग्रामीणों की समस्या पर प्रशासन कब गंभीरता दिखाता है और जलभराव से प्रभावित लोगों को कब राहत मिलती है समाचार लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे ग्राम गुरगवां के रहने वाले 24 वर्षीय अरविंद पुत्र ऋषिपाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन युवक को तत्काल सीएससी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# वृध्दावस्था पेंशनधारकों को अब दो किस्तों में नहीं आएगी पेंशन

- **जिला समाज कल्याण अधिकारी ने पेंशनधारकों को दी जानकारी**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

निदेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चल वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026 में नई किस्त प्रणाली लागू की गई है। नवीन व्यवस्था के अनुसार लाभार्थियों को 3 माह की 3000 रुपये के पेंशन राशि अब एकमुश्त न भेजकर दो किस्तों में सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। जिला समाज कल्याण




अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि नई किस्त प्रणाली के अन्तर्गत अब 80 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों को 3000 प्रति 3 माह की कुल पेंशन में राज्य सरकार का अंश रू 1500 एवं भारत सरकार का अंश रु 1500 होगा। 80 वर्ष से कम आयु के लाभार्थियों को रु 3000 प्रति 3 माह की कुल पेंशन में राज्य सरकार का अंश 2400 एवं भारत सरकार का अंश 600 होगा। प्रत्येक लाभार्थी को निर्धारित 3000 रुपये की राशि दो किस्तों में सीधे बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। नवीन व्यवस्था के अनुसार किस्त जारी होने के पश्चात लाभार्थियों को एसएमएस के माध्यम से सूचना तथा पोर्टल पर भुगतान की स्थिति भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी वृद्धावस्था पेंशनधारकों से अपेक्षा है कि वे अपने बैंक खाते की सक्रिय स्थिति, आधार सीडिंग अवश्य करा लें। जिससे पेंशन की धनराशि प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

# रामपुर में आठ साल के मनरेगा कार्यों की जांच की मांग

- **पौधरोपण के एक ही स्थल पर 15 दिन से फेस ऑथेंटिकेशन हाजिरी का आरोप**
- **मस्टर रोल से जियो-टैग तक जांच की उठी मांग**

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** विकासखंड जैतीपुर की ग्राम पंचायत रामपुर में मनरेगा कार्यों को लेकर शिकायतों ने जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायतकर्ता बाबूराम कश्यप ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर वर्तमान वृक्षारोपण कार्य के साथ-साथ पिछले आठ वर्षों में ग्राम पंचायत में कराए गए सभी मनरेगा कार्यों की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित स्थल पर करीब 15 दिनों से मनरेगा श्रमिकों की फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए हाजिरी दर्ज की जा रही है। वहीं, संबंधित रोजगार सेवक से जानकारी लेने पर कथित रूप से बताया गया कि उक्त वृक्षारोपण कार्य पिछले वर्ष ही कराया जा चुका था और उसका भुगतान अभी लंबित है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पंचायत में तीन अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण कराया गया था और प्राथमिक विद्यालय के पास की लोकेशन को जियो-टैग किया गया था। मौके की स्थिति और अभिलेखों के मिलान की मांग शिकायतकर्ता का कहना है कि मौके पर अपेक्षित संख्या में पौधे दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसे में यह स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि पिछले वर्ष पूरा बताए जा रहे कार्य के नाम पर

> **अब जांच से खुलेगा रिकॉर्ड का सच**
>
> मामले में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज कार्य और धरातल की वास्तविक स्थिति में कितना अंतर है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले का स्वतंत्र भौतिक सत्यापन और विशेष ऑडिट कराने की मांग की है। अब प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि शिकायत में लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और मनरेगा रिकॉर्ड वास्तविकता से कितना मेल खाता है।

वर्तमान में श्रमिकों की फेस ऑथेंटिकेशन हाजिरी किस कार्य के लिए दर्ज की जा रही है। शिकायतकर्ता ने डिजिटल हाजिरी की पूरी हिस्ट्री निकालकर श्रमिकों से उसका सत्यापन कराने की मांग की है।

**आठ साल के रिकॉर्ड की हो पड़ताल**

शिकायत में पिछले आठ वर्षों में स्वीकृत सभी मनरेगा कार्यों की सूची, एस्टीमेट, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति, मस्टर रोल, एफटीओ, बैंक भुगतान, माप पुस्तिका, मानव-दिवस और जियो-टैग फोटो की जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही अभिलेखों में दर्ज कार्यों का मौके पर भौतिक सत्यापन कराने को कहा गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी मांग की है कि यदि जांच में फर्जी हाजिरी, दोहरी प्रविष्टि, अधिक मानव-दिवस दर्शाने, कार्य की मात्रा बढ़ाकर दिखाने या सरकारी धन के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो संबंधित जिम्मेदारों की जवाबदेही तय कर सरकारी धन की वसूली और नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# केंद्र सरकार यूजीसी को रोलबैक करने पर करे विचारः राघवेंद्र सिंह राजू

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू का शुक्रवार को बरेली मोड़, आवास विकास कॉलोनी, निकट नवीन पुलिस चौकी स्थित जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पदम सिंह एवं जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पदम सिंह ने तथा संचालन महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की प्रमुख मांगों में यूजीसी रोलबैक, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करना, ईडब्ल्यूएस के प्रावधानों का सरलीकरण तथा ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया जाना प्रमुख हैं।

उन्होंने कहा कि 20 सितंबर को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, ब्रज प्रदेश के तत्वावधान में आगरा में विशाल ÷सनातन शक्ति महासम्मेलन÷ आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने शाहजहांपुर के क्षत्रिय बंधुओं से बड़ी संख्या में आगरा पहुंचकर महासम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि यूजीसी के मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने माननीय सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए.पी. सिंह को



अपना पक्ष रखने के लिए खड़ा किया तथा न्यायालय से स्टे प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए यूजीसी को रोलबैक करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि महासभा आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने, ईडब्ल्यूएस के प्रावधानों को सरल बनाने तथा ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की मांग को भी मजबूती से उठाती रहेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पदम सिंह ने कहा कि 20 सितंबर को आगरा में होने वाले विशाल सनातन शक्ति महासम्मेलन में शाहजहांपुर की भूमिका निर्णायक होगी। महासभा ने जिले की प्रत्येक न्याय पंचायत से कम से कम 10-10 लोगों को आगरा पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर से सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय बंधु आगरा पहुंचकर महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं क्षत्रिय समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगरा पहुंचकर समाज की एकजुटता और शक्ति का परिचय दें।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पदम सिंह, पवन सिंह, कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह चंदेल, रामकुमार सिंह चौहान, अमित प्रताप सिंह, उदित प्रताप सिंह, सुमित सिंह भदौरिया, संदेश सिंह, ममता सिंह चौहान, प्रदीप सिंह, कौशल सिंह एवं कौशलेन्द्र रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं क्षत्रिय बंधु उपस्थित रहे।

# उपलब्धिः सीएम डैशबोर्ड रैकिंग में शाहजहांपुर यूपी में नंबर वन

- जिलाधिकारी की जनसेवा व जनसंवाद से एक बार फिर प्रदेश में जिले का डंका

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



जनता से जुड़ी समस्याओं का ससमय निस्तारण में जनपद ने एक बार फिर कीर्तिमान स्थापित किया है। सीएम डैशबोर्ड की अगस्त माह की रैंकिंग में शाहजहांपुर ने 9.53 अंक के साथ पहले पायदान पर रहा है। जनपद रामपुर ने 9.48 अंक हासिल कर दूसरा और बरेली ने 9.43 अंक के साथ तीसरा स्थान पाया है। उक्त रैंकिंग में विकास कार्यों, प्रशासनिक दक्षता, जनशिकायतों निस्तारण और अन्य वयोजनाओं के क्रियान्वयन का आकलन किया जाता है। शाहजहांपुर ने विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के साथ ही सीएम डैशबोर्ड से मिलने वाली शिकायतों का भी त्वरित निस्तारण कराया है। जिले को रैंकिंग में 10 में से 9.53 अंक मिले है। डीएम के मार्गदर्शन में शाहजहांपुर ने राजस्व की शिकायतों में ससमय निस्तारण कर प्रदेश एक अच्छा कीर्तिमान स्थापित किया है। वही अगर बात आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण की करें तो उसमें जनपद ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह अगस्त माह की रैकिंग जारी की गई है। प्रदेश में जनपद की प्रथम रैकिंग आने पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह उपलब्धि हासिल करने के पीछे हमारे सभी अधिकारी, कर्मचारियों की लग्न, मेहनत व विश्वास की पहचान है। इसके लिए सभी कार्मिक बधाई के पात्र है, जनपद की रैकिंग प्रदेश में हमेशा अच्छी बनी रहे। इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहता हूं। जनता की सेवा, संवाद व भरोसा सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**पुवायां शाहजहांपुर।** गुरुवार देर शाम पुवायां-खुटार रोड पर पुवायां थाना क्षेत्र में स्थित सुखबीर एग्रोलिमिटेड के पास धान बेंचने आई ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से क्षेत्र के गांव करनापुर निवासी करीब पैंतीस वर्षीय बाइक सवार हजरत नूर की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार हजरत नूर गुरूवार शाम को बाइक लेकर करनापुर से गंगसरा एक निजी चिकित्सक के पास दवा लेने जा रहे थे और हादसा हो गया उन्हें घायल अवस्था है पुवायां के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें जिला रेफर कर दिया गया जिसके बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फैक्ट्री के पास सैकड़ों किसान ट्रैक्टर ट्राली से धान लेकर बेचने आते हैं और फैक्ट्री प्रबंधन खड़ी ट्रालियों के पीछे रात में कोई रिफ्लेक्टर भी लगवाने की जिम्मेदारी नहीं समझता है।

## जैतीपुर सीएचसी में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

- 10 नवजात कन्याओं को वितरित की गईं बेबी किट

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतीपुर में शुक्रवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में नवजात कन्याओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाते हुए उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी में जन्मी 10 नवजात कन्याओं को बेबी किट वितरित की गईं। इस अवसर पर परिजनों को बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कन्या जन्म को परिवार के लिए खुशी और गौरव का अवसर बताया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने उपस्थित परिजनों एवं आमजन को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही पात्र लाभार्थियों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा ने बेटियों के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान सीएचसी जैतीपुर के एमओआईसी डॉ. मोहम्मद सजर एवं लेखाकार अभिषेक कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का संदेश दिया गया।

## जमीन विवाद में पति की हत्या का आरोप, एसपी कार्यालय पर धरने पर बैठे परिजन

**शाहजहांपुर।** जमीन विवाद में पति को जहर देकर हत्या करने और शव फेंकने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को परिजन एसपी कार्यालय पहुंच गए। मदनापुर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए परिजन कार्यालय के गेट के पास जमीन पर बैठ गए। सूचना पर सीओ सदर शुभम वर्मा ने परिजनों से बात कर कार्रवाई का भरोसा दिया। गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के मड़ई गांव निवासी नन्ही देवी ने बताया कि उनके पति राम सिंह 23 अगस्त को जैतीपुर थाना क्षेत्र स्थित अपने ननिहाल में अपनी जमीन पर पेड़ लगाने गए थे। वह मामा के घर रुके थे। आरोप है कि 25 अगस्त को मामा के पड़ोसी राम सिंह को बुलाकर ले गए और जहर देकर उनकी हत्या कर दी। नन्ही देवी का आरोप है कि हत्या के बाद राम सिंह का शव मदनापुर थाना क्षेत्र के रतनपुर चक मार्ग पर फेंक दिया गया। मृतक और आरोपितों के बीच पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। परिवार के कुछ लोगों पर भी घटना में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। परिजनों के अनुसार राम सिंह के पास से 10 हजार रुपये गायब थे, जबकि मोबाइल मिल गया। परिजनों का आरोप है कि मदनापुर पुलिस ने उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की। शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचने पर सीओ सदर शुभम वर्मा ने उन्हें कार्यालय बुलाकर घटना की जानकारी ली। उनके बयान दर्ज कराए गए। सीओ सदर ने बताया कि परिवार से बातचीत कर बयान दर्ज किए जा रहे हैं। लगाए गए सभी आरोपों की जांच कराई जाएगी। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज, सुलह से निबटेंगे हजारों मामले

**लखीमपुर-खीरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमार सिंह के निर्देशन में 12 सितंबर, द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय लखीमपुर-खीरी एवं तहसील स्तर पर किया जाएगा। अपर जिला जज/नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अम्बरीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक, नगर पालिका, बैंक, धारा-138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, विद्युत एवं जल विवाद, राजस्व, पारिवारिक, व्यवहारिक एवं उत्तराधिकार संबंधी वादों सहित अन्य प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने समस्त वादकारियों से अपील की कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने लंबित वादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराएं तथा लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर रवि गुप्ता की हुंकार

**पलिया कलां खीरी।** कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मोहल्ला किसान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच से भाजपा नेता व समाजसेवी रवि गुप्ता ने पलिया में बड़ी रेल लाइन की मांग को लेकर हुंकार भरी। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेगुप्ता ने कहा बड़ी रेलवे लाइन पलिया क्षेत्र के लोगों का हक है और इसे हर हाल में यहां लाया जाएगा। मंच से जनता को संबोधित करते हुए रवि गुप्ता ने भावुक और कड़े तेवर में कहा, मेरे शरीर के रक्त की एक-एक बूंद पलिया विधानसभा की जनता के लिए समर्पित है। बरेली बड़ी रेलवे लाइन पलिया के लोगों का अधिकार है और इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पलिया के विकास और जनहित के मुद्दों से कोई समझौता नहीं होगा। इस दौरान कार्यक्रम कमेटी के सदस्यों व स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक व समर्थक मौजूद रहे।

# बाइक चोरी मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

- पांच बाइकें व एक चेसिस बरामद

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हाईवे किनारे से पांच युवकों की निशान देही पर पांच बाइकें तथा एक चेसिस बरामद करने का दावा किया है। जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बता दें कि बीती सात सितंबर को एक बाईक चोरी का पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जिसकी सुराग रसी के चलते पुलिस को शुक्रवार को मुखबिर ने बाईक चोरी करने बालों की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सरऊ पुलिया सर्विस रोड के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित तीन अभियुक्तों अर्श उर्फ भूरा , कुनाल वर्मा, जगजीत सिंह उर्फ जग्गा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं अभियुक्तों की निशानदेही के आधार पर बक्शी तिराहा स्थित रजा आटो सर्विस से दो अन्य अभियुक्तों फैजान उर्फ मुन्ना एवं अमन को गिरफ्तार किया गया। दुकान की तलाशी में अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की चार अन्य मोटरसाइकिलें एवं एक घिसी हुई चेसिस बरामद की गयी। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि बाईक चोरी मामले में अर्श उर्फ भूरा पुत्र अच्छन 20 मोहल्ला बहादुरगंज निकट जंगल वाली मस्जिद , कुनाल वर्मा पुत्र रंजीत वर्मा 19 मोहल्ला घेरचौबा, जगजीत सिंह उर्फ जग्गा पुत्र प्रगट सिंह 26 निवासी मोहल्ला पचासा, फैजान उर्फ मुन्ना पुत्र असलम 25 निवासी गांव शेरगढ़, अमन पुत्र सब्बन 26 निवासी मोहल्ला पक्का कटरा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई रमेश कुमार वर्मा, नेपाल सिंह, देवेश कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल कुमार, कांस्टेबल तुषान्त चौधरी, कांस्टेबल सतीश कुमार शामिल रहे।

## सबका दल यूनाइटेड की बैठक, महा रैली को सफल बनाने का आह्वान

**सिधौली, शाहजहांपुर।** महाऊदुर्ग गांव में सबका दल यूनाइटेड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी की नीतियों और संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी का कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी 4 अक्टूबर को लखनऊ में सबका दल यूनाइटेड की महा रैली आयोजित की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महा रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रामरतन वर्मा, जिला अध्यक्ष डालचंद वर्मा, गोविंद कुमार, प्रमोद कुमार, सहदेव, अशोक कुमार, राम प्रवेश, संतराम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसीएमओ ने किया बाढ़ राहत शिविर लोधीपुरा व सुभाषनगर का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** एसीएमओ डॉ पी पी श्रीवास्तव द्वारा बाढ़ राहत शिविर लोधीपुरा का निरीक्षण किया गया। शिविर में लगभग 60 लोग शरण लिए हुए। चिकित्सा शिविर में डॉ आकिब व एलटी विकास गौतम व विनोद कुमार उपस्थित थे। निरीक्षण के समय तक आज बीमारग्रस्त 3 लोग दवा दी। तत्पश्चात एसीएम डॉ पी पी श्रीवास्तव द्वारा बाढ़ चिकित्सा शिविर सुभाषनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय तक 46 बीमार लोगों को उपचारित किया गया। शिविर में डॉ निखिल दीक्षित, फार्मासिस्ट धीरेन्द्र सिंह व अमन कुमार तथा आशा पूजा पॉल उपस्थिति मिले। निरीक्षण के दौरान एआरओ अंशुल शुक्ला व् आइडीएसपी जितेंद्र कुमार साथ रहे।

# पुलिसकर्मियों से मिलीभगत कर सराफा व्यापारी को फंसाने की साजिश, तीन गिरफ्तार

- झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर स्वजन से रुपये वसूलने का आरोप
- 14 हजार रुपये और तीन मोबाइल बरामद

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



परशुरामपुरी थाना पुलिस ने तिलहर थाना क्षेत्र के कुछ पुलिसकर्मियों से कथित मिलीभगत कर सराफा व्यापारी को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उसके स्वजन से रुपये वसूलने की साजिश के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से 14 हजार रुपये और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, चार सितंबर को सराफा व्यापारी सुंदरम क्षत्रिय को सरैया मोड़ से पकड़कर बिरियागंज चौकी ले जाया गया था। आरोप है कि वहां उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर स्वजन से रुपये मांगे गए। मामले में छह सितंबर को चार सिपाहियों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना में अनमोल, आयुष पांडेय और सचिन कुमार राठौर की भूमिका कथित आपराधिक साजिश में सामने आई। पुलिस के मुताबिक, अनमोल ने पुलिसकर्मियों को सुंदरम की पहचान बताई थी।

वहीं आयुष के कहने पर सचिन ने सुंदरम को फोन कर सरैया मोड़ पर बुलाया था। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। विवेचना के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। अनमोल के पास से 4,600 रुपये और की-पैड मोबाइल, सचिन से 5,000 रुपये व एंड्रायड मोबाइल और आयुष से 4,400 रुपये व एंड्रायड मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस अब मामले में नामजद पुलिसकर्मियों समेत अन्य आरोपितों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# बाढ़ का खौफ, ट्रेन थी बंद अब रोड हुई बंद, सिस्टम नहीं दे रहा ध्यान



**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

बाढ़ के खतरे ने जहां ट्रेनो का चक्का जाम कर दिया वही एक बार फिर पलिया दुधवा रोड के बंसी नगर रपटा पुलिया पर चल रहे पानी के तेज बहावों ने सड़कों को बंद कर एक नई मुसीबत खड़ा कर दिया जानकारों का कहना है की लगातार हो रही बरसात के कारण पानी का तेज बहाव से रेलवे और सड़कों को बाधित कर देता है लेकिन अगर समय रहते इस पर गंभीरता से काम किया जाए तो काफी हद तक इस मुसीबत से छुटकारा मिल सकता है।

# कोई गाली दे तो शिकायत थाने में नहीं, राजस्व विभाग में करो - यह फरमान है फूलबेहड़ पुलिस का

- महिला पत्रकार को लेखपाल के मोबाइल से दिलवाई मां की गाली, ऑडियो सबूत की पुलिस ने की अनदेखी
- फर्जी आख्या लगाकर मामले को किया रफा-दफा

**लखीमपुर-खीरी।** अगर आपको कोई गाली दे या जान से मारने की धमकी दे तो अब आपको थाने जाने की जरूरत नहीं है, सीधे राजस्व विभाग जाइए। यह अजीबोगरीब फरमान जनपद खीरी की फूलबेहड़ पुलिस ने सुनाया है। पुलिस के इस फरमान से जहां आम जनता हैरान है, वहीं एक महिला पत्रकार न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। गौरतलब है कि थाना फूलबेहड़ के ग्राम नरहर का है। मोहल्ला शास्त्री नगर, चौकी मिश्राना निवासी महिला पत्रकार सुनहरा पुत्री अब्दुल मजीद ने बताया कि उसने 5 अगस्त 2026 को ग्राम नरहर में अंबेडकर पार्क की सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर जिलाधिकारी से की थी। आरोप है कि इसी रंजिश में हल्का लेखपाल रवि प्रकाश तोमर ने अपने मोबाइल से दबंग महताब पुत्र मकबूल को फोन देकर महिला पत्रकार को खुलेआम मां की गाली दिलवाई और पत्रकारिता न करने व जान से मारने की धमकी दिलवाई। जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। पीड़िता ने जब इसकी शिकायत जनसुनवाई पोर्टल संख्या 40015326046004, 40015326045937 पर की तो थाना फूलबेहड़ के उपनिरीक्षक अशोक कुमार यादव ने जांच के नाम पर खानापूर्ति कर दी। आरोप है कि न तो लेखपाल की कॉल डिटेल निकाली गई, न ही गाली-गलौज की रिकॉर्डिंग सुनी गई। बल्कि आरोपी महताब की फोटो अपलोड कर 126/135 ब्नहस्स् में शांति भंग का चालान दिखाकर पिता को पति बता कर पूरे संगीन मामले को रफा-दफा कर दिया और आख्या में लिख दिया कि गाली जानवर को दी गई थी। जबकि हकीकत यह है कि 7 सितंबर को सारा दिन बारिश होती रही और दोनों पक्ष आमने-सामने आए ही नहीं।

पीड़िता ने जब असंतुष्ट फीडबैक दिया तो शिकायत क्षेत्राधिकारी धौरहरा के पास गई, लेकिन वहां से भी बिना नई जांच के वही आख्या दोहरा दी गई। इसके बाद 11 सितंबर को दोपहर 1:31 बजे थाना फूलबेहड़ के मोनू कांस्टेबल ने फोन कर पीड़िता पर थाने आने का दबाव बनाया और बात करने को कहा तो फोन काट दिया। उसी दिन 11:35 बजे सीओ कार्यालय धौरहरा से मोबाइल नंबर 9536056128 से फोन आया, नाम पूछने पर भी नाम नहीं बताया और कहा कि मामला राजस्व का है, थाने मत आओ। सवाल यह है कि गाली-गलौज और धमकी का मामला कब से राजस्व विभाग देखने लगा। इस पूरे मामले ने फूलबेहड़ पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एसडीएम ने किया निरीक्षण नाव-मोटर बोट तैनात

**शाहजहांपुर।** परशुरामपुरी के एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने राजस्व टीम के साथ बाढ़ प्रभावित कसारी, शाहपुर, तिकोला, काजरबोझी समेत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित लोगों की मदद और सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन के लिए नाव और मोटर बोट तैनात की गई हैं। सभी नावों और मोटर बोट में सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट भी उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की जांच कर रही हैं और जरूरत के अनुसार दवाएं वितरित की जा रही हैं। एसडीएम ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है। तहसील प्रशासन की टीमें स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने लोगों से किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल तहसील प्रशासन से संपर्क करने की अपील की।

# सवर्ण समाज के लोगों ने आरक्षण को लेकर भरी हुंकार

- हजारों की संख्या में पहुंचे समाज के लोग
- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**




क्षेत्र में सवर्ण समाज के लोगों ने पूर्व बैठक में लिए निर्णय पर दूर-दूर गांव से आए भारी संख्या में लोग रामलीला मैदान पर एकत्र हुए आंदोलन के प्रमुख विपिन सिंह की अगुवाई में लोगों ने यूजीसी के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया है।

सवर्ण समाज के प्रमुख विपिन सिंह के नेतृत्व में विनोद तिवारी, मानस त्रिवेदी एडवोकेट, पिंकू मिश्रा, अनुज सिंह, अंकित चौहान, इंद्र कुमार सिंह, राजेश सिंह, राज द्विवेदी, दिलीप सिंह, श्याम बाबू मिश्रा, आनंद बाजपेई समेत हजारों की संख्या में लोग रामलीला मैदान पर एकत्र होकर समाज को बांटने वाले कानून को रद्द करने की मांग कर हुंकार भरी है। उन्होंने यूजीसी कानून रद्द करना, एससी एसटी एक्ट पर विचार करना, सवर्ण आयोग गठित करने की मांगों को लेकर विशाल प्रदर्शन शुरू किया जिसमें बैठक को संबोधित करते हुए सवर्ण समाज की एकजुटता बनाने को लेकर संकल्प दिलाया गया है। प्रदर्शन कारियों के बीच एसडीएम राजेश प्रताप सिंह ने पहुंचकर ज्ञापन लिया है। इसके बाद आंदोलन को समाप्त कर अगली रणनीति पर विचार करने की बात पर सहमति बनी है।

# नेपाल बार्डर के सटे 18 ग्रामों के विकास को अनुमतिः गृह मंत्रालाय

**लखीमपुर खीरी।** निघासन एवं पलिया की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जाने के लिए उक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों द्वारा पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' के अथक प्रयास से सीमा प्रबन्धन विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विकास कार्य कराए जाने की संस्तुति हो गई है। पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' के अथक प्रयासों से बार्डर एरिया की नेपाल देश से सटी विकासखण्ड निघासन की 18 ग्राम पंचायतों (बरसोला कलां, सूरतनगर, बनवीरपुर, रघुनगर, महराजनगर, गंगानगर, गुलरियापत्थरशाह, दरेहटी, दीपनगर, कड़िया, लालापुर, मोतीपुर, निबौरिया, सिसवारी, इन्द्रानगर, उमरा, जसनगर एवं रायपुर) एवं विकासखण्ड पलिया की 29 ग्राम पंचायतों (चन्दनचौकी, पोया, गुबरौला, परसिया, बन्दरभरारी, रामनगर, गोविन्दनगर कालोनी, कमलापुर कालोनी, कृष्णानगर कालोनी, कजरिया, कीरतपुर, माननगर, घोला, ध्यानपुर, मसानखम्भ, बनकटी, भूड़ा, सिंगहिया, सेमरी, बहादुरनगर, भूपनगर, रामगढ़, सूरमा, बनगवॉ, रानीनगर कालोनी, बसही कालोनी, भानपुरी कालोनी, मिर्चिया) में सीमा प्रबन्धन विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यक्रम वाईब्रेन्ट विलेज प्रोग्राम-द्धद्ध के अन्तर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन व सामुदायिक सभागारों का निर्माण, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, स्वयं सहायता समूहों का बढ़ावा, सहकारी समितियों की स्थापना एवं पर्यटन एवं संस्कृति से सम्बंधित कार्ययोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु संस्तुति मिल गई है। उक्त विकास कार्यों की संस्तुति मिलने से बार्डर एरिया की ग्राम पंचायतों के ग्रामवासियों एवं ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ गई है तथा सभी ग्रामवासियों एवं प्रधानों ने पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' को बधाई ज्ञापित की है।

## सूचना

एडमिशन के दौरान मेरी माता का नाम मोहसिना खान हो गया था जो कि पुराने रिकॉर्ड पर आधारित है, जिसे सरकार द्वारा जारी किये सशोधित रिकॉर्ड के अनुसार बदला जाना है, माता का नाम मोहसिना हामिद करवाना है। **मोहसिना हामिद पुत्र मो. हैदर खान निवासी मो.एमन जई जलाल नगर शाहजहांपुर।**

## कांग्रेस की संकीर्णता

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का राजकीय कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के केवल दो पद गाने का निर्णय कई सवाल खड़े करता है। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जिस गीत को देश के स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना जगाने वाला महत्वपूर्ण माध्यम माना गया, उसके गायन को लेकर किसी राज्य सरकार को ऐसी शर्त लगाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? यह निर्णय इसलिए भी विरोधाभासी है, क्योंकि इसी आदेश में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और राज्यपाल जैसे संवैधानिक पदाधिकारियों की उपस्थिति वाले कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के सभी छह पद गाने की व्यवस्था की गई है। यदि पूर्ण गीत का गायन ऐसे अवसरों पर उचित है तो सामान्य राजकीय कार्यक्रमों में उससे परहेज का औचित्य क्या है? कर्नाटक सरकार का यह फैसला केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं माना जा सकता। इसके पीछे राजनीतिक परिस्थितियां और कांग्रेस की अपनी दुविधा भी दिखाई देती है। यह याद रखना होगा कि इसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में कर्नाटक में वंदे मातरम् का पूर्ण गायन हुआ था। अचानक सरकारी कार्यक्रमों में इसके केवल दो पद निर्धारित करने से स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि आखिर ऐसा क्या बदल गया कि एक ही राज्य में राष्ट्रगीत के गायन के लिए दो अलग-अलग मापदंड तय करने पड़े? राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान में ऐसी अस्पष्टता उचित नहीं है। राष्ट्रगीत केवल किसी राजनीतिक दल, सरकार या समुदाय से जुड़ा विषय नहीं है। यह स्वतंत्रता आंदोलन की उस चेतना का प्रतीक है जिसने लोगों में राष्ट्रभाव जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसलिए इसके सम्मान को राजनीतिक सुविधा और वोट बैंक के हिसाब से तय करना उचित नहीं कहा जा सकता।

कांग्रेस के इस निर्णय की आलोचना इसलिए भी होती है कि वंदे मातरम् के पूर्ण गायन को लेकर आपत्तियों का इतिहास पुराना है। 1937 में मुस्लिम लीग की आपत्तियों के बाद कांग्रेस ने इसके कुछ पदों के इस्तेमाल का निर्णय किया था। उस समय परिस्थितियां अलग थीं और देश स्वतंत्रता आंदोलन के दौर से गुजर रहा था। लेकिन आज स्वतंत्र भारत में उसी पुराने राजनीतिक संदर्भ को आधार बनाकर राष्ट्रगीत के गायन को सीमित करने का औचित्य समझना कठिन है। इतिहास का यह पक्ष भी भुलाया नहीं जा सकता कि मुस्लिम लीग आगे चलकर अलगाववादी राजनीति के रास्ते पर बढ़ी और अंततः देश का विभाजन हुआ। इसलिए आज कांग्रेस यदि उसी दौर की आपत्तियों को राजनीतिक संवेदनशीलता के नाम पर महत्व देती दिखाई देती है तो उसे यह स्पष्ट करना चाहिए कि वर्तमान भारत में उसकी ऐसी नीति का आधार क्या है। लोकतांत्रिक राजनीति में हर समुदाय की भावनाओं का सम्मान आवश्यक है, लेकिन राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान को किसी समुदाय विशेष की आपत्ति के आधार पर सीमित करना अलग बात है। यहां कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसकी राजनीतिक विश्वसनीयता की है। स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी ऐतिहासिक भूमिका रही है। ऐसे में उससे अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभाव से जुड़े प्रतीकों के मामले में अधिक स्पष्ट और दृढ़ रुख अपनाए। यदि राजनीतिक लाभ या किसी वर्ग की नाराजगी से बचने के लिए राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान को लेकर दोहरे मानदंड अपनाए जाते हैं तो इससे समाज में अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। कर्नाटक के फैसले का एक और विरोधाभासी पहलू जम्मू-कश्मीर से सामने आया। वहां सत्तारूढ़ नेशनल कांफ्रेंस ने वंदे मातरम् का पूर्ण गायन कराया। इस पर कांग्रेस की ओर से आपत्ति जताई गई। इससे कांग्रेस की स्थिति और असहज दिखाई देती है। यदि कोई निर्वाचित सरकार राष्ट्रीय गीत का पूर्ण गायन कराती है तो उस पर आपत्ति करने के बजाय कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राष्ट्रीय गीत के सम्मान और उसके गायन को लेकर उसका अपना स्पष्ट दृष्टिकोण क्या है। राष्ट्रीय गीत के गायन को लेकर विवाद खड़ा करने से बेहतर यह होगा कि राजनीतिक दल व्यापक राष्ट्रीय सहमति का रास्ता अपनाएं। देश की विविधता का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय प्रतीकों की गरिमा बनाए रखना लोकतंत्र की बुनियादी जिम्मेदारी है। किसी भी समुदाय की धार्मिक या सांस्कृतिक संवेदनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं हो सकता कि राष्ट्रीय प्रतीकों को लेकर अलग-अलग अवसरों पर अलग-अलग राजनीतिक मानक बनाए जाएं। कर्नाटक सरकार के फैसले से यही संदेश जाता है कि कांग्रेस इस विषय पर स्पष्ट निर्णय लेने के बजाय राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश कर रही है। यदि ऐसा है तो यह उसके लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय होना चाहिए। राष्ट्रीय गीत का सम्मान किसी दल विशेष का मुद्दा नहीं होना चाहिए। यह पूरे देश की साझा विरासत है। कांग्रेस को यह भी समझना होगा कि राष्ट्रवाद को लेकर अस्पष्टता अंततः उसी के लिए राजनीतिक नुकसान का कारण बन सकती है। लोकतंत्र में विचारों की विविधता स्वीकार्य है, लेकिन राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान पर अनावश्यक राजनीति से बचना सभी दलों की जिम्मेदारी है। वंदे मातरम् के पूर्ण या सीमित गायन का निर्णय यदि राजनीतिक सुविधा के आधार पर होगा तो विवाद समाप्त होने के बजाय और गहराएगा। कांग्रेस के लिए बेहतर यही होगा कि वह अपने अतीत और वर्तमान के बीच स्पष्ट अंतर करे। स्वतंत्रता आंदोलन के समय की राजनीतिक परिस्थितियों को आज के भारत पर उसी रूप में लागू नहीं किया जा सकता। आज आवश्यकता ऐसी राजनीति की है जो विविधता का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय एकता को मजबूत करे।

### दो टूक




# ब्रिक्स शक्ति-संघर्ष नहीं, सहयोग का सेतु


ललित गर्ग




नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को होने वाला 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब विश्व व्यवस्था गहरे संक्रमण से गुजर रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का तनाव, आतंकवाद, व्यापारिक टकराव, ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा की चिंता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तेज होती चुनौती और वैश्विक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर उठते प्रश्नों ने दुनिया के सामने अनेक अनुत्तरित सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके साथ ही अमेरिका की व्यापार एवं रणनीतिक नीतियों से पैदा हो रहा दबाव भी वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। ऐसे वातावरण में भारत की अध्यक्षता में होने वाला यह सम्मेलन केवल एक कूटनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

भारत ने अपनी अध्यक्षता का मूल मंत्र रखा है-लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के आधार पर भविष्य का निर्माण। ब्रिक्स अब 2006 में आरंभ हुई उस मूल अवधारणा से बहुत आगे निकल चुका है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत और चीन प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में सामने आए थे और बाद में दक्षिण अफ्रीका भी इसमें शामिल हुआ। विस्तार के बाद यह 11 सदस्यीय समूह बन चुका है और इसका प्रभाव वैश्विक दक्षिण की राजनीति और अर्थव्यवस्था में लगातार बढ़ा है। वर्ष 2026 ब्रिक्स की स्थापना के दो दशक पूरे होने का वर्ष भी है। भारत के लिए यह अध्यक्षता इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि वह ब्रिक्स को किसी पश्चिम-विरोधी या अमेरिका-विरोधी मंच के रूप में नहीं, बल्कि विकासशील एवं उभरती अर्थव्यवस्थाओं की रचनात्मक, संतुलित और बहुपक्षीय आवाज के रूप में स्थापित करना चाहता है।

ब्राजील में 2025 के ब्रिक्स सम्मेलन में वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने, बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार वैश्विक शासन, जलवायु वित्त, स्वास्थ्य, व्यापार और वित्तीय सहयोग जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण सहमति बनी थी। रियो घोषणा में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने और वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया था। साथ ही स्थानीय मुद्राओं में वित्तीय लेन-देन, सीमा-पार भुगतान व्यवस्था और आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने की दिशा में भी आगे बढ़ने की बात कही गई थी। भारत को 2026 की अध्यक्षता सौंपते हुए ब्राजील ने नई दिल्ली से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की थी। इस दृष्टि से दिल्ली सम्मेलन की पहली बड़ी कसौटी यही होगी कि ब्रिक्स घोषणाओं और वास्तविक उपलब्धियों के बीच की दूरी कितनी कम कर पाता है। भारत ने अध्यक्षता के दौरान 25 से अधिक शहरों में 350 से अधिक बैठकें और उच्चस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

राजनीतिक एवं सुरक्षा सहयोग, आर्थिक एवं वित्तीय सहयोग तथा सांस्कृतिक एवं जन-जन संपर्क-इन तीनों क्षेत्रों में व्यावहारिक परिणामों पर जोर दिया गया है। इसलिए अब दुनिया की नजर इस बात पर होगी कि सम्मेलन के अंत में केवल लंबा संयुक्त घोषणापत्र सामने आता है या कुछ ऐसे ठोस फैसले भी होते हैं जिनका असर आने वाले वर्षों में दिखाई दे। कृत्रिम बुद्धिमत्ता इस सम्मेलन की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है। एआई ने चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, उद्योग, वित्त और शासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व संभावनाएं खोली हैं, लेकिन इसके साथ रोजगार, डेटा सुरक्षा, गलत सूचना, साइबर सुरक्षा और तकनीकी असमानता के खतरे भी बढ़े हैं। ब्राजील सम्मेलन में भी एआई के वैश्विक शासन को लेकर व्यापक चिंता व्यक्त की गई थी। भारत अब ब्रिक्स देशों के बीच एआई, उन्नत कंप्यूटिंग, क्वांटम तकनीक और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में जोर दे रहा है। यदि ब्रिक्स तकनीक को कुछ शक्तिशाली देशों और कंपनियों के नियंत्रण से बाहर निकालकर विकासशील देशों की पहुंच तक ले जाने की प्रभावी व्यवस्था बना सके, तो यह उसकी बड़ी उपलब्धि होगी।

दूसरी बड़ी चुनौती आर्थिक है। विश्व अर्थव्यवस्था में ब्रिक्स का वजन बढ़ रहा है, लेकिन समूह के भीतर आपसी व्यापार अभी भी उसकी संभावित क्षमता के अनुरूप नहीं है। भारत आपूर्ति शृंखलाओं को अधिक मजबूत और विविध बनाने, छोटे एवं मध्यम उद्योगों को वित्त उपलब्ध कराने तथा स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। जयपुर में हुई ब्रिक्स व्यापार मंत्रियों की बैठक में ब्रिक्स इकनोमिक पार्टनरशिप 2030, एमएसएमई के लिए वित्तीय सुविधा और अधिक संतुलित व्यापार जैसे मुद्दों पर प्रगति हुई है। यहां 'डी-डॉलराइजेशन' का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है, लेकिन भारत का दृष्टिकोण अत्यंत व्यावहारिक है। भारत किसी नई साझा ब्रिक्स मुद्रा के निर्माण की जल्दबाजी में नहीं है। इसके बजाय सीमा-पार डिजिटल भुगतान की ऐसी व्यवस्था विकसित करने पर जोर है, जिससे सदस्य देश अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं में अपेक्षाकृत सुगम व्यापार कर सकें। यह दृष्टिकोण अमेरिकी डॉलर के खिलाफ किसी राजनीतिक मोर्चेबंदी से अधिक वित्तीय स्वायत्तता और लेन-देन की सुविधा का प्रयास है। परंतु ब्रिक्स की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी आंतरिक विविधता और मतभेद हैं। भारत और चीन के बीच सीमा एवं रणनीतिक अविश्वास की विरासत अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। रूस और पश्चिम के बीच संघर्ष, ईरान से जुड़े तनाव तथा पश्चिम एशिया की जटिल परिस्थितियां भी ब्रिक्स के लिए साझा राजनीतिक रुख बनाना कठिन बनाती हैं। विशेष रूप से पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट में ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के अलग-अलग हित हैं। ऐसे में ब्रिक्स यदि हर अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर एकमत नहीं हो पाता तो यह उसकी सीमाओं को उजागर करेगा।

यही कारण है कि भारत के सामने इस सम्मेलन में सबसे कठिन कूटनीतिक संतुलन है। उसे चीन और रूस के साथ सहयोग भी बढ़ाना है, लेकिन अमेरिका और यूरोप सहित पश्चिमी देशों से अपने आर्थिक एवं रणनीतिक संबंध भी बनाए रखने हैं। भारत का हित किसी एक शक्ति-ध्रुव के साथ खड़े होने में नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता मजबूत करने में है। ब्रिक्स को यदि केवल 'पश्चिम के विकल्प' के रूप में प्रस्तुत किया गया तो उसकी स्वीकार्यता सीमित हो सकती है, लेकिन यदि वह वैश्विक दक्षिण के विकास, शांति, तकनीकी समानता और न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व का मंच बनता है, तो उसका महत्व कहीं अधिक बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते रहे हैं। उनका तर्क है कि बीसवीं सदी में बनाई गई संस्थाओं को इक्कीसवीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप बदलना होगा। आज विश्व अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान बढ़ा है, यदि उन्हें निर्णय प्रक्रिया में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता तो संस्थाओं की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता दोनों प्रभावित होती हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार की मांग इसी व्यापक संदर्भ का हिस्सा है। ब्रिक्स इस मांग को संगठित आवाज देने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

# वाणी का प्रकाश, मानवता का मार्ग

कैलाश चन्द्र

भारत की धरती केवल पर्वतों, नदियों और नगरों की धरती नहीं है। यह ऋषि-मुनियों, संतों और तपस्वियों की साधना से पवित्र हुई भूमि है। यहाँ जब-जब समाज के सामने अंधकार आया, तब-तब किसी न किसी संत-महापुरुष ने अपने तप, त्याग और वाणी से मनुष्य को प्रकाश का मार्ग दिखाया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब इसी महान भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का एक अनुपम प्रकाश-स्तंभ है।

12 सितम्बर 1604 को आदि ग्रंथ का हरिमंदिर साहिब में प्रथम प्रकाश हुआ। यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ के प्रतिष्ठित होने की घटना नहीं थी। यह उस वाणी के सार्वजनिक प्रकाश का क्षण था, जो मनुष्य को सत्य, संतोष, प्रेम, सेवा, करुणा और परमात्मा की ओर ले जाती है। गुरु ग्रंथ साहिब को समझने के लिए केवल उसके इतिहास को जानना पर्याप्त नहीं है। उसके लिए उसके भीतर धड़कते हुए उस भाव को समझना आवश्यक है, जो कहता है- मनुष्य अलग-अलग हो सकता है, लेकिन परमात्मा एक है और मानवता का दुःख सबका दुःख है। गुरु अर्जुन देव जी ने विभिन्न गुरुओं, संतों और भक्तों की वाणी को एकत्रित कर आदि ग्रंथ का संपादन किया। इस कार्य की महानता केवल उसके आकार में नहीं, बल्कि उसकी दृष्टि में है। इसमें विभिन्न सामाजिक और भौगोलिक पृष्ठभूमियों से आए संतों की वाणी को स्थान मिला। महाराष्ट्र के संत नामदेव, राजस्थान के संत धन्ना, गुजरात के संत त्रिलोचन, बंगाल के जयदेव और अनेक संत-भक्तों की वाणी एक ही आध्यात्मिक धारा में दिखाई देती है।

यह भारत की उस अंतःचेतना का परिचय है जिसमें सत्य को किसी एक जाति, क्षेत्र या वर्ग की सीमा में नहीं बाँधा गया। गुरु अर्जुन देव जी ने मानो यह कह दिया कि ईश्वर की खोज का अधिकार प्रत्येक मनुष्य को है और सत्य की अनुभूति किसी एक समूह की बपौती नहीं हो सकती। यही कारण है कि गुरु ग्रंथ साहिब भारतीय आध्यात्मिक समन्वय की एक अद्भुत मिसाल बन गया।

**श्री गुरु ग्रंथ साहिब प्रकाश उत्सव**

**प्रथम प्रकाश : श्रद्धा का वह ऐतिहासिक क्षण-** जब आदि ग्रंथ को हरिमंदिर साहिब में प्रतिष्ठित किया गया, तब बाबा बुड्ढा जी ने उसे अपने सिर पर धारण किया। श्रद्धालु उसके पीछे श्रद्धा से चलते हुए आए। ग्रंथ साहिब को सम्मानपूर्वक आसन पर स्थापित किया गया। उस क्षण की कल्पना कीजिए- चारों ओर श्रद्धा, विनम्रता और भक्ति का वातावरण और सामने वह वाणी, जिसमें मनुष्य को अपने भीतर झाँकने का आह्वान था। गुरु अर्जुन देव जी ने बाबा बुड्ढा जी को हुक्मनामा लेने के लिए कहा। जो प्रथम शब्द प्रकट हुआ, उसमें परमात्मा के कार्य और संतों के कल्याण की भावना थी-

संता के कारजि आपि खलोइआ, हरि कंमु करावणि आइआ राम।

यह केवल एक आरंभ नहीं था। यह एक ऐसी परंपरा का प्रकाश था, जिसमें ग्रंथ ज्ञान का माध्यम ही नहीं, जीवन का मार्गदर्शक बन गया। गुरु अर्जुन देव जी स्वयं गुरु ग्रंथ साहिब को सर्वोच्च सम्मान देते थे। उनके जीवन में यह भावना इतनी गहरी थी कि वे ग्रंथ साहिब को ऊँचे आसन पर विराजमान करते और स्वयं नीचे विश्राम करते। यह दृश्य हमें बताता है कि उनके लिए वाणी केवल पढ़ने की वस्तु नहीं थी, वाणी जीवन से बड़ी थी, क्योंकि वह मनुष्य को जीवन का सही अर्थ बताती थी।

**तीन अमूल्य वस्तुएँ : सत्य, संतोष और नाम-** गुरु अर्जुन देव जी ने गुरु-वाणी को एक सुंदर थाली के रूप में प्रस्तुत किया-

थाल विचि तिनि वस्तु पईओ, सतु संतोखु विचारो।
अमृत नाम ठाकुर का पइओ, जिसका सभसु अधारो।

इस थाली में तीन वस्तुएँ हैं- सत्य, संतोष और प्रभु के नाम का विचार। कितनी सरल बात है और कितनी गहरी भी! आज मनुष्य जीवन में बहुत कुछ प्राप्त करना चाहता है, लेकिन भीतर शांति नहीं है। उपलब्धियाँ बढ़ती हैं, इच्छाएँ भी बढ़ती जाती हैं। ऐसे समय में गुरु-वाणी हमें संतोष सिखाती है। वह हमें बताती है कि मनुष्य की वास्तविक समृद्धि केवल उसके पास मौजूद वस्तुओं में नहीं, बल्कि उसके भीतर मौजूद सत्य और शांति में है।

**गुरु नानक देव जी : पीड़ित मानवता की आवाज-** गुरु नानक देव जी का जीवन ऐसे समय में आया जब समाज अनेक प्रकार के संकटों से गुजर रहा था। राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध, सामाजिक भेदभाव, धार्मिक आडंबर और सामान्य जन की पीड़ा- इन सबको उन्होंने अपनी आंखों से देखा, लेकिन उन्होंने केवल घटनाओं का वर्णन नहीं किया। उन्होंने दुःख को महसूस किया। बाबर के आक्रमण के समय हुई हिंसा ने गुरु नानक देव जी के संवेदनशील हृदय को गहराई से विचलित किया। उनकी वाणी में उस पीड़ा की प्रतिध्वनि सुनाई देती है-

खुरासान खसमाना कीआ, हिंदुस्तानु डराइआ।

और फिर वे परमात्मा से प्रश्न करते हैं- एती मार पई करलाणे, तै की दरदु न आइआ?

यह प्रश्न केवल एक संत का प्रश्न नहीं है। यह हर उस मनुष्य का प्रश्न है, जिसका हृदय दूसरे मनुष्य के दुःख से व्यथित होता है। गुरु नानक देव जी ने सत्ता के अन्याय पर भी मौन नहीं साधा। उन्होंने कहा- कलि काती, राजे कासाई, धरमु पंखु करि उडरिआ।

जब शासन से धर्म और नैतिकता समाप्त हो जाती है, तब रक्षक ही भक्षक बन जाता है। गुरु नानक की महानता यह है कि उन्होंने केवल दूसरों को दोष नहीं दिया। उन्होंने समाज के भीतर मौजूद आडंबर, पाखंड और नैतिक पतन को भी चुनौती दी। उनकी दृष्टि में धर्म का अर्थ केवल बाहरी पहचान नहीं था। धर्म का अर्थ था- सत्य का आचरण।

**मानवता के लिए एक साझा संदेश-** गुरु ग्रंथ साहिब की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक उसकी समावेशी चेतना है। इसमें अनेक संतों की वाणी का संगम हमें बताता है कि आध्यात्मिक सत्य किसी सीमा में बंद नहीं होता। भिन्न प्रदेश, भिन्न सामाजिक पृष्ठभूमि और भिन्न जीवनानुभव रखने वाले संत एक ही परम सत्य की ओर संकेत करते हैं। यह भारत की आत्मा की विशेषता है–विविधता में एकता केवल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि यहाँ की आध्यात्मिक अनुभूति भी है, इसीलिए गुरु ग्रंथ साहिब का संदेश केवल किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं है। जो व्यक्ति सत्य, प्रेम, सेवा, विनम्रता और ईश्वर की ओर बढ़ना चाहता है, उसके लिए इसमें प्रेरणा है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

### कोरस


गोलेन्द्र पटेल


## तुम चले गए

हम क्यों हो निराश
यदि हमारा कोई साथ छोड़ जाए,
अनंत संसार में लोग अनंत आएंगे
किन्हें अपना प्रिय बताएं।

जो डाली प्रेम की भावना से
पत्तियों को सहारा देती है,
जब वह उन्हें छोड़कर जाती है
वह डाली भी तब जीवन से मुख मूड़ती है।

कोई जाए हमें छलकर
हम क्यों उदास हो,
अंधकार में साया भी साथ छोड़ जाती है
हम क्यों निराश हूं।

बसंत आता है फिर
तो उसके जाने का दुख क्यों,
मित्रता अमर होती है
फिर जाने का शोक क्यों।



# दुनिया की चिंता, एआई कैसे बनता जा रहा भस्मासुर

संजय सक्सेना

भारत में चल रहा ब्रिक्स सम्मेलन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के फायदे और नुकसान को लेकर दुनिया को आईना दिखाने के लिये एक बड़ा महत्वपूर्ण प्लेटफार्म साबित हो सकता है। एआई क्रांति को लेकर जब हम गहराई में जाते हैं, तो रोजगार से लेकर तमाम क्षेत्रों में इसका प्रभाव और डीपफेक से निपटने के वैश्विक प्रयास दो सबसे बड़े और महत्वपूर्ण किनारे दिखाई देते हैं, जहां आज की दुनिया को एआई को लेकर सबसे सख्त फैसलों और सुरक्षा के लिये सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

ये दोनों विषय केवल तकनीकी चुनौतियां नहीं हैं, बल्कि ये हमारे सामाजिक ढांचे के स्थायित्व और हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की शुद्धता से सीधे जुड़े हुए हैं। जब हम रोजगार के मोर्चे पर एआई के असर का विश्लेषण करते हैं, तो यह साफ हो जाता है कि हम श्रम बाजार के एक ऐतिहासिक पुनर्गठन के गवाह बन रहे हैं। अतीत की औद्योगिक क्रांतियों ने नीली वर्दी वाले श्रमिकों यानी मैनुअल लेबर को प्रभावित किया था, लेकिन इस बार की एआई क्रांति सीधे सफेदपोश नौकरियों (वाइट कलर जॉब्स) पर हमला कर रही है। डेटा एंट्री, बुनियादी कोडिंग, कंटेंट राइटिंग, कस्टमर सपोर्ट और कानूनी दस्तावेजों की शुरुआती समीक्षा जैसे काम, जो कभी लाखों युवाओं की आजीविका का साधन थे, अब कुछ सेकंड में एआई द्वारा पूरे किए जा रहे हैं।

इसका असर यह हो रहा है कि कॉर्पोरेट जगत में लागत कम करने और मुनाफा बढ़ाने की होड़ मची है, जिससे बड़े पैमाने पर छंटनी और नई नौकरियों के अवसरों में कमी देखी जा रही है। लेकिन इस संकट का एक दूसरा पहलू भी है जिसे विशेषज्ञ स्किल री-ओरिएंटेशन या कौशल का पुनर्गठन कहते हैं। एआई केवल नौकरियां छीन नहीं रहा है, बल्कि यह नए तरह के काम भी पैदा कर रहा है, जैसे कि प्रॉम्प्ट इंजीनियर्स, एआई एथिक्स स्पेशलिस्ट और डेटा क्यूरेटर्स। चुनौती यह नहीं है कि दुनिया में काम खत्म हो जाएगा, बल्कि चुनौती यह है कि जिस गति से पुरानी नौकरियां जा रही हैं, क्या हमारा कार्यबल उतनी गति से खुद को अपग्रेड कर पा रहा है? इस बदलाव के कारण समाज में एक बड़ा डिजिटल डिवाइड या आर्थिक असमानता पैदा होने का खतरा है, जहां उच्च तकनीकी कौशल वाले लोग तो बेहद अमीर हो जाएंगे, लेकिन पारंपरिक कौशल वाले लोग पूरी तरह हाशिए पर चले जाएंगे।

इस आर्थिक उथल-पुथल के समानांतर, एक और संकट हमारी सामाजिक स्थिरता को खोखला कर रहा है, और वह है डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से किसी भी व्यक्ति के चेहरे, हाव-भाव और आवाज की ऐसी हूबहू नकल तैयार की जा सकती है कि असली और नकली का अंतर करना लगभग असंभव हो जाता है। चुनावों के दौरान फर्जी राजनीतिक बयान जारी करके मतदाताओं को गुमराह करना, वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किसी बड़े अधिकारी या परिवार के सदस्य की नकली आवाज का इस्तेमाल करना और महिलाओं की अश्लील या आपत्तिजनक तस्वीरें बनाकर उन्हें प्रताड़ित करना इसके आम उदाहरण बन चुके हैं। यह तकनीक सीधे तौर पर समाज के सबसे बड़े स्तंभ विश्वास पर चोट करती है।

जब समाज में यह धारणा आम हो जाएगी कि जो दिख रहा है या सुनाई दे रहा है वह झूठ हो सकता है, तो सूचनाओं की विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो जाएगी, जिससे अराजकता की स्थिति पैदा हो सकती है। इस भयानक खतरे को भांपते हुए, पिछले कुछ समय में डीपफेक से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर अप्रत्याशित प्रयास शुरू हुए हैं। दुनिया भर की सरकारें, तकनीकी कंपनियां और नागरिक समाज अब इस बात पर सहमत हैं कि इस अनियंत्रित तकनीक पर लगाम लगाना बेहद जरूरी है। कानूनी मोर्चे पर, यूरोपीय संघ ने इस दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए एआई एक्ट को लागू किया है, जो दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून है। यह कानून हाई-रिस्क एआई प्रणालियों पर कड़े प्रतिबंध लगाता है और डीपफेक सामग्री को अनिवार्य रूप से लेबल करने का नियम बनाता है, ताकि उपभोक्ताओं को पता चल सके कि वे जो देख रहे हैं वह कृत्रिम रूप से तैयार किया गया है। अमेरिका और भारत जैसी बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं ने भी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और चुनावी अखंडता को बचाने के लिए कड़े नियम बनाए हैं, जिसके तहत बिना सहमति के किसी का डीपफेक बनाना या उसे सोशल मीडिया पर फैलाना एक गंभीर और दंडनीय अपराध घोषित किया जा चुका है।




इसके साथ ही, तकनीकी कंपनियां अब केवल कानून के भरोसे नहीं बैठी हैं, बल्कि वे तकनीक का मुकाबला तकनीक से ही करने की रणनीति पर काम कर रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और मेटा जैसी कंपनियों ने ऐसे एडवांस्ड एल्गोरिदम और टूल विकसित किए हैं जो डीपफेक वीडियो में पिक्सल के स्तर पर होने वाली विसंगतियों और आवाज के कृत्रिम पैटर्न को पकड़ सकते हैं।

वॉटरमार्किंग और क्रिप्टोग्राफिक प्रूवनेंस जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसी भी डिजिटल कंटेंट के जन्म और उसके इतिहास को ट्रैक किया जा सके। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कंटेंट ऑथेंटिसिटी इनिशिएटिव्स सीएआई जैसे गठबंधन काम कर रहे हैं, जो डिजिटल मीडिया की प्रामाणिकता की जांच के लिए नए वैश्विक मानक तय कर रहे हैं। हालांकि, इन तमाम तकनीकी और कानूनी प्रयासों के बावजूद, सबसे बड़ी चुनौती इसकी गति और पहुंच को लेकर है। कानून और डिटेक्शन टूल्स हमेशा एआई के नए अपडेट्स से एक कदम पीछे रह जाते हैं। इसलिए, इस लड़ाई का सबसे महत्वपूर्ण हथियार डिजिटल साक्षरता और जन जागरूकता को माना जा रहा है। जब तक आम नागरिक किसी भी सनसनीखेज वीडियो या ऑडियो को देखने के बाद उस पर तुरंत भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता की जांच करना नहीं सीखेंगे, तब तक डीपफेक का खतरा बना रहेगा।

रोजगार का संकट हो या डीपफेक की चुनौती, एआई ने मानवता को एक ऐसे चौराहे पर ला खड़ा किया है जहां हमारा विवेक, हमारी नीतियां और हमारी एकजुटता ही यह तय करेगी कि यह तकनीक हमारा भविष्य संवारेगी या उसे अंधकार में धकेल देगी।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पति की डांट के बाद नवविवाहिता ने फांसी लगाई

**सुमेरपुर।** कस्बे के इंदिरा नगर वार्ड-14 में शुक्रवार सुबह नवविवाहिता संध्या (20) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के हुक से साड़ी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मजिस्ट्रेट और फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में साक्ष्य जुटाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कुरारा क्षेत्र के पड़ुई गांव निवासी संध्या का विवाह नवंबर 2025 में राहुल निषाद से हुआ था। पति राहुल के मुताबिक, सुबह करीब सात बजे संध्या वालक से फोन पर बात कर रही थी। इस पर उसने डांट दिया। इसके बाद संध्या तीसरी मंजिल पर नहाने गई और कमरे में फांसी लगा ली। काफी देर तक नीचे नहीं आने पर सास सदायारी ने ऊपर जाकर देखा तो घटना की जानकारी हुई। उसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता कालका प्रसाद और चाचा प्रेमचंद निषाद ने ससुरालियों पर कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और मारपीट का आरोप लगाया। थाना प्रभारी पवन कुमार पटेल ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### लंपी वायरस की दस्तक, दो गायें बीमार

**सुमेरपुर।** कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश में लंपी वायरस के मामले सामने आए हैं। ऊंचा थोक निवासी संतू सिंह की पालतू गाय और बिदोखर पुरई निवासी सुरेश यादव की गाय बीमारी की चपेट में आ गई हैं। पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. आरबी सिंह ने बताया कि अत्यधिक नमी के कारण बीमारी का प्रकोप बढ़ता है। बारिश का दौर खत्म होने पर इसके नियंत्रण में मदद मिलेगी। बीमार पशुओं का उपचार कराया जा रहा है।

### 13 वर्षीय किशोर घर से लापता, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**सुमेरपुर।** कस्बे के विवेकानंद नगर वार्ड-16 निवासी 13 वर्षीय राज साहू सात सितंबर की रात करीब एक बजे घर से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर मां सुमन साहू ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

### घर में सो रहे अधेड़ की गला रेतकर हत्या, गांव में सनसनी



**मुस्करा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बिहूनी गांव में गुरुवार रात घर में सो रहे 65 वर्षीय ठाकुरदास अहिरवार की अज्ञात हमलावरों ने गला रेतकर हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी होते ही गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के पुत्र नरेश ने बताया कि रात में परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद सो गए थे। उनका बड़ा भाई चित्रकूट गया हुआ था। देर रात मृतक की पोती मोबाइल चार्ज करने कमरे में गई तो वहां खून फैला देखा। ठाकुरदास को खून से लथपथ देखकर उसने शोर मचा दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी राठ और मुस्करा पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति किया जागरूक



**गुरसरांय(झांसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरसरांय थाना पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन तालाब माता मंदिर पर किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह भदौरिया,महिला कांस्टेबल मानसी राजपूत ने महिलाओं से संवाद साधा और उन्हें आत्मरक्षा के टिप्स दिए। महिलाओं को सरकार द्वारा जारी विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए, जिन्हें हाथों में लेकर महिलाओं ने सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया।

### पांचाल विश्वकर्मा समिति की मासिक बैठक सम्पन्न



**मऊरानीपुर(झांसी)।** शुक्रवार 11 सितंबर अमावस्या को पांचाल विश्वकर्मा समाज समिति मऊरानीपुर क्षेत्र की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नगर एवं क्षेत्र के सभी पांचाल समाज के गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया तथा मंदिर निर्माण एवं 17 सितम्बर भगवान विश्वकर्मा के जन्मोत्सव के विषय पर चर्चा की गई तथा समाज हित के वास्ते कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें सभी पांचाल विश्वकर्मा समाज के लोगो की एवं माताएं और बहनों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर लक्ष्मी पांचाल दादा, मिजाजी लाल, किदारी लाल पांचाल, आशा राम पांचाल, दीनदयाल पांचाल, जानकी प्रसाद पांचाल अध्यक्ष, लक्ष्मी पांचाल, संजू पांचाल, कमलेश पांचाल(कचनेव), राजेंद्र पांचाल, नंदराम पांचाल, कुंजी लाल, रविन्द्र पांचाल, कैलाश पांचाल, रामदयाल पांचाल, लक्ष्मी पांचाल, हेमंत पांचाल(इटायल), उमाकांत पांचाल, राकेश, चिंतामन पांचाल मीडिया प्रभारी आदि समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से चरवाहे समेत 6 बकरियों की मौत

**उरई(जालौन)।** क्षेत्र के ग्राम खराका निवासी देशराज शुक्रवार को बकरियां लेकर गांव के बाहर खेतों की ओर चराने गए थे। अचानक तेज बारिश शुरू होने पर वह पास में खड़े पेड़ के नीचे बैठ गए। बारिश के साथ बिजली भी कड़क रही थी। इसी दौरान तेज आवाज के साथ बिजली पेड़ पर गिरी। बिजली की चपेट में आने से देशराज की मौत हो गई और पेड़ की एक भारी डाल टूटकर नीचे गिर गई। इसके नीचे खड़ी छह बकरियां दब गईं। बारिश बंद होने के बाद आसपास के लोगों ने देशराज और मृत बकरियों को देखा तो परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के बेटे सियाराम और धर्मपाल समेत परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने घटना की सूचना डकोर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छह बकरियों की मौत से परिवार को आर्थिक नुकसान भी हुआ है। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

### किसान की खेत पर संदिग्ध मौत

**महोबा।** जिले कि कुलपहाड़ तहसील के सतारी गांव में एक किसान की मौत हो गई। वह सुबह अपने खेत पर फसल देखने गए थे, जहां वह अचेत अवस्था में मिले। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नाथूराम यादव सुबह खेत पर गए थे, लेकिन जब वह घर नहीं लौटेको परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजन खेत पर पहुंचे तो नाथूराम यादव वहां बेहोश पड़े थे। परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में दुख का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

# 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने,जनभागीदारी बढ़ाने और सुशासन को मजबूत करने के लिए 13 प्रमुख कार्यक्रम होंगे। विकास भवन सभागार कुछेछा में मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को 'सेवा दिवस' के रूप में होगा। विश्वकर्मा जयंती पर अस्पतालों में फल व टूलकिट वितरण, रक्तदान शिविर और सार्वजनिक भवनों, चिकित्सा संस्थानों, तीर्थ स्थलों व अमृत सरोवरों पर दीप प्रज्वलन होगा। चित्र सेवा' के तहत विद्यालयों में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर चित्रकला, भाषण व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं होंगी। 'आंगन मिलन सेवा' में आंगनबाड़ी केंद्रों पर उत्सव, माताओं का सम्मान और हेल्दी बेबी प्रतियोगिता होगी। 'सेवा कहानी' के जरिए सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की सफलता की डिजिटल रील्स प्रसारित की जाएंगी। अधिकारियों को सभी कार्यक्रम समयबद्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# 597 गांवों व 124 नगरीय वार्डों में हरिशंकरी पौधारोपण



**हमीरपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जनपद में वृहद हरिशंकरी पौधारोपण महाअभियान चलाया गया। अभियान के तहत 597 राजस्व गांवों, 124 नगरीय वार्डों और 200 गौशालाओं सहित प्रमुख स्थलों पर पीपल, पाकड़ और बरगद के पौधे रोपे गए। अभियान में ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, जनप्रतिनिधियों और आमजन ने सहभागिता की। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने डीएम आवास और कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने लगाए गए पौधों की सुरक्षा, सिंचाई और नियमित देखभाल सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने मुस्करा के गुंदेला स्थित खेल मैदान और हमीरपुर के गायत्री मंदिर परिसर में पौधे लगाए।

### गौशाला परिसर में रोपे हरिशंकरी पौधे



**राठ (हमीरपुर)।** नगर पालिका परिषद राठ की ओर से शुक्रवार को महोबा रोड स्थित गौशाला परिसर में हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार वर्मा समेत कर्मचारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अध्यक्ष ने कहा कि हरिशंकरी में बरगद, पाखड़ और पीपल जैसे दीर्घजीवी पौधे शामिल हैं, जो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ईओ ने कहा कि इन पौधों से आने वाली पीढ़ियों को छाया, ऑक्सीजन और औषधीय गुणों का लाभ मिलेगा। इस दौरान पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने सीखी ड्रोन तकनीक की बारीकियां

**झांसी।** 56 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी की ओर से लाल कुर्ती में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-196 के तीसरे दिन कैडेट्स को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। ड्रोन इंस्ट्रक्टर राकेश राजपूत ने कैडेट्स को ड्रोन की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और संचालन की जानकारी दी। जयपुरिया स्कूल की कक्षा छह और सात के विद्यार्थियों ने कैडेट्स के समक्ष ड्रोन असेंबलिंग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने ड्रोन के विभिन्न हिस्सों को जोड़कर उसकी संरचना समझाई और उड़ाकर भी दिखाया। प्रदर्शन से कैडेट्स में उत्साह बढ़ा और उन्होंने तकनीक सीखने में रुचि दिखाई। डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल अंशुमन सक्सेना ने कैडेट्स को आधुनिक तकनीक से अपडेट रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते से होगा मामलों का त्वरित निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**




आज आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया। सचिव वंदना अग्रवाल ने लोक अदालत के महत्व की जानकारी देते हुए मीडिया से इसका संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामलों का निस्तारण आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर किया जाता है। इससे पक्षकारों के समय और धन की बचत होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद, दीवानी व राजस्व मामले, विद्युत व जल बिल, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद सहित अन्य निस्तारण योग्य मामलों का समाधान किया जाएगा। प्री-लिटिगेशन मामलों का भी निस्तारण होगा। लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय मुख्यालय हमीरपुर, बाह्य न्यायालय राठ, मौदहा और ग्राम न्यायालय सरीला में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नौ मई की पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले में 16,188 मामलों का निस्तारण हुआ था और 4.42 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जमा हुई थी।

### कुरारा में महासाधना महोत्सव पर स्वच्छता कर्मियों का सम्मान

**कुरारा।** मां आदिशक्ति श्री किशोरी भवन में चल रहे 24वें सत्रह दिवसीय महासाधना महोत्सव के 11वें दिन भव्य स्वच्छता कर्मी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयोजक व सुप्रसिद्ध कथा वाचक पं. शिवनारायण तिवारी ने स्वच्छता कर्मियों को हल्दी-चावल का तिलक लगाकर झोला व साड़ी भेंट कर सम्मानित किया। उनके बच्चों को पेन देकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। इसके बाद सभी स्वच्छता कर्मियों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छ वातावरण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया।

### गाजे-बाजे के साथ लाई गई गणेश प्रतिमा नगर पंचायत अध्यक्ष ने की आरती



**सुमेरपुर।** कस्बे के रामलीला मैदान में गणेश चतुर्थी पर स्थापित होने वाली गणेश प्रतिमा गुरुवार देर शाम गाजे-बाजे के साथ लाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने प्रतिमा की आरती उतारकर पूजन किया। कस्बे में गणेश महोत्सव दो स्थानों पर मनाया जाता है। एक प्रतिमा नगर पंचायत कार्यालय के पास और दूसरी रामलीला मैदान में स्थापित होती है। रामलीला मैदान में प्रतिमा पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। इस दौरान गणेश महोत्सव कमेटी अध्यक्ष हर्ष गुप्ता, संदीप गुप्ता, आयुष ओमर, नवनीत ओमर, यश गुप्ता, नैतिक गुप्ता, निखिल श्रंगारी, अन्नू, भोला, शिवम और दीपक सिंह खंगार आदि मौजूद रहे।

## आरपीएफ अधिकारी को ब्लैकमेल कर 15 लाख की रंगदारी मांगने वाली युवती गिरफ्तार

- आपत्तिजनक एडिटेड तस्वीरें वायरल करने की धमकी का आरोप, प्रयागराज से पकड़ी गई

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



नवाबाद पुलिस ने आरपीएफ के सीनियर कमांडेंट जितेंद्र कुमार शर्मा और उनके परिवार को आपत्तिजनक एडिटेड तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में युवती को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे झांसी न्यायालय में पेश किया।पुलिस के अनुसार आरोपी युवती करीब छह माह से रेल अधिकारी और उनके परिवार को फोन व व्हाट्सऐप के जरिए ब्लैकमेल कर रही थी। अधिकारी की पत्नी अंकिता भारद्वाज की तहरीर पर नवाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि 2 जून को युवती सरकारी आवास पर पहुंचकर भी धमकी दे चुकी थी। 31 जुलाई को आरोपी ने अधिकारी की आपत्तिजनक एडिटेड तस्वीर उनकी पत्नी के व्हाट्सऐप पर भेजी और परिवार की अन्य महिलाओं की तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर 15 लाख रुपये की मांग की। बुधवार को प्रयागराज जंक्शन के रेस्ट रूम में मौजूद होने की सूचना पर नवाबाद पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया।

## बुंदेलखंड में डेयरी उद्योग लगाने आगे आएं निवेशकः धर्मपाल सिंह

- झांसी में डेयरी कॉन्क्लेव
- सरकार की योजनाओं और निवेश की संभावनाओं से स्टेकहोल्डर्स को कराया अवगत

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में शुक्रवार को झांसी, चित्रकूट धाम और कानपुर मंडल का संयुक्त 'डेयरी कॉन्क्लेव-स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' आयोजित हुआ। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने निवेशकों से बुंदेलखंड में डेयरी उद्योग स्थापित करने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार निवेशकों को सुरक्षा के साथ विभिन्न योजनाओं का लाभ और छूट उपलब्ध करा रही है।उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल दुग्ध उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि दुग्ध प्रसंस्करण, वैल्यू एडिशन, कोल्ड चेन और पूरी डेयरी वैल्यू चेन को मजबूत करना है। इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. ने बताया कि नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत तीनों मंडलों में करीब 1200 लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से 13.50 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि दी जा चुकी है। जीबीसी के तहत झांसी मंडल में 15 करोड़, चित्रकूट धाम में चार करोड़ और कानपुर मंडल में 171 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव हुए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में को-ऑपरेटिव सोसायटी के लिए ऑनलाइन आवेदन भी शुरू किया गया।कॉन्क्लेव में गोपालन से जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्ट और हरा चारा प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। विभिन्न संस्थाओं ने स्टॉल लगाकर डेयरी उत्पादों, तकनीकों और सेवाओं का प्रदर्शन किया। नन्द बाबा दुग्ध मिशन और मिनी नन्दिनी के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। डीएम गौरांग राठी ने डेयरी क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव बताते हुए झांसी मंडल में इसके विस्तार की संभावनाएं बताईं।

## प्रभारी मंत्री ने ली कानून व्यवस्था की बैठक

- लंबित विकास कार्य जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल जी (मन्नू कोरी) की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिले के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में माननीय मंत्री जी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहां की लंबित विकास कार्यों को तेज गति से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम दिनांक 17 सितंबर से आयोजित किए जाने को सफलतापूर्वक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीच की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को खाद की किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा पर्यटन विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश जिला पर्यटन अधिकारी को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का सर्वे का कार्य शीघ्र सत्यापन के साथ पूर्ण कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने नवंबर 2026 तक ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप पात्र लाभार्थियों की कन्याओं की शादी कराकर लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने डग्गामार वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने एवं ओवरलोड वाहन की चेकिंग कराई जाने एवं कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सोलर लाइट योजना की समीक्षा की एवं ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक सदर राकेश गोस्वामी, सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर, भाजपा जिला अध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व श्री इंद्र नंदन सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सूर्यकान्त त्रिपाठी व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद का मनाया गया 62वां स्थापना दिवस

- कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत करने व समाजहित में कार्य करने का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**




विश्व हिंदू परिषद का 62 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को कालपी रोड स्थित राजमंगलम रिसॉर्ट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत मंत्री राजू पोरवाल और प्रांत सह मंत्री अभिनव दीक्षित मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृपाराम वाल्मीकि ने की। इस दौरान आशीष बच्चन और ब्रह्माकुमारी से मीना दीदी भी उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता राजू पोरवाल ने संगठन की स्थापना के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विहिप पिछले 62 वर्षों में हिंदू समाज के संगठन, संस्कार और सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने संगठन की प्रमुख उपलब्धियों और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से विचार रखे। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत करने व समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गुरु प्रसाद, जिला मंत्री साकेत, प्रांत सह सुरक्षा प्रमुख सूरज यादव, जिला संयोजक अनिकेत चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष राहुल, नगर मंत्री रत्नेश, नगर संयोजक अभिषेक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बस की टक्कर से घायल छात्रा ने दम तोड़ा

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के तेंदुही गांव निवासी शिवदुलारी (15) पुत्री चुन्नू गुरूवार को दोपहर स्कूल से छुट्टी के बाद दो अन्य सहेलियों के साथ साइकिल से घर लौट रही थी। अतर्रा कस्बे के नजदीक पीछे से आ रही प्राइवेट बस की टक्कर से तीनों घायल हो गई। सभी को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत में शिव दुलारी को कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे। तभी बिंदकी के पास उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने बताया कि शिवदुलारी अतर्रा स्थित विद्यालय में 10वीं की छात्रा थी।

## हड़ताल से बैंकों में लटकते रहे ताले, लेनदेन प्रभावित

- लंबित मांगों के समर्थन में बैंक कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**




लंबित मांगों के समर्थन में यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस ((यूएफबीयू)) के आहवान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत जिले के सभी राष्ट्रीयकृत और प्राइवेट बैंकों में दिन भर ताले लटकते रहे। हड़ताली बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से करोड़ों रुपये का लेन-देन प्रभावित रहा। हड़ताल से बैंक उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने लंबित मांगों के समर्थन में अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन किया। बैंक कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के समर्थन में यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) के आह्वान पर शुक्रवार को जिले में एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल कर तिंदवारी रोड स्थित इंडियन बैंक जोनल कार्यालय के सामने नारेबाजी की। हड़ताल के चलते जिले के सभी राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों में पूरे दिन ताले लटके रहे। इससे जिले में करोड़ों रुपये का लेन-देन पूरी तरह ठप हो गया। उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आंदोलन की अगुवाई कर रहे यूपीपी बैंक इंप्लाइज यूनियन जिला मंत्री व प्रदर्शन संयोजक रावेंद्र कुमार शुक्ला ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया।

### छुट्टी के बाद घर जाते समय स्कूली टैक्सी ने छात्रा को मारी टक्कर

**ललितपुर।** शहर के सिबिल लाइन स्थित अभिलाषा पेट्रोल पंप के सामने शुक्रवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को ले जा रही एक स्कूली टैक्सी की टक्कर से पैदल जा रही छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद टैक्सी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायल छात्रा की पहचान कल्पना चौधरी निवासी महर्रा जीजीआईसी की छात्रा के रूप में बताई जा रही है। घटना को लेकर यदि प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो स्कूली वाहन की तेज रफ्तार के चलते यह हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया और घायल छात्रा को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हादसे ने शहर की यातायात व्यवस्था और स्कूली वाहनों की निगरानी पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सेवा संकल्प अभियानः सोशल मीडिया के जरिए जन जन तक पहुचेंगे केंद्र व प्रदेश सरकार के विकास कार्य

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशों के अनुपालन में, केंद्र सरकार के 12 एवं प्रदेश सरकार के 10 वर्षों के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित कल्याणकारी योजनाओं, सकारात्मक बदलावों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें सोशल मीडिया हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ऑरगेनिग इन्फ्लूएंसर के प्रभावी जुड़ाव, सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत डिजिटल व रील अभियान की योजना बनाई गई। अपर जिलाधिकारी वि./रा. दिनेश कुमार की अध्यक्षता एवं सूचना विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस बैठक में जनपद के प्रमुख सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसरों और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स ने प्रतिभाग किया।अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं से आमजन के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से प्रदर्शित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से जनपद में जिन नागरिकों की जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है, ऐसे नागरिकों की रील के माध्यम से वास्तविक कहानी जन जन तक पहुंचानी है। बैठक के अंत में जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल द्वारा सभी इन्फ्लूएंसरों को आवश्यक डेटा व प्रशासनिक सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। उपस्थित इन्फ्लूएंसरों ने भी इस अभियान से जुड़कर जनपद के विकास और जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

# पितृ पूजन सुपुत्र का धर्म: महंथ बृज मोहन दास

- पत्रकार के पिता की पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थापना में हुए शामिल
- सप्ताह भर से विद्वान करा रहे थे मूर्ति स्थापना संबंधी पूजन

**समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर।**



मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल महंत बृज मोहन दास

पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर सप्ताह भर से हो रहे पूजन कार्यक्रम के बाद शुक्रवार को पत्रकार के पिता की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में पहुंचे दशरथ गद्दी पीठाधीश्वर अयोध्या धाम बृज मोहन दास ने कहा कि पितृ पूजन बेटे का प्रमुख धर्म है। उन्होंने पत्रकार द्वारा अपने पिता की मूर्ति स्थापना करवाने की सराहना की।

बता दे कि स्थानीय थाना क्षेत्र के मझारी गांव निवासी इन्द्रसेन दूबे ने साल भर पहले दिवंगत हुए अपने पिता स्व कपिल कांत दूबे की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया। विगत सप्ताह भर से विद्वानों द्वारा मूर्ति स्थापना संबंधी पूजन अर्चन पाठ कराया जा रहा था। शुक्रवार को विद्वानों द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कराने के बाद दशरथ गद्दी पीठाधीश्वर अयोध्या धाम महंत बृज मोहन दास द्वारा इंद्रसेन द्विवेदी के पिता की मूर्ति का अनावरण किया। अनावरण के मौके पर महराज जी के साथ विशेषाचार्य जी महराज अयोध्या धाम,पूर्व ब्लॉक प्रमुख धनपतगंज यशभद्र सिंह मोनू,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बब्लू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मूर्ति अनावरण के बाद महंत बृज मोहन दास ने कहा कि देवी देवताओं के पूजन की तरह ही पितृ पूजन भी आवश्यक है। जिस तरह हिन्दू धर्म में देवी देवताओं के लिए तिथियाँ निर्धारित है। उसी तरह पितरों के लिए भी साल भर में दो पक्ष निर्धारित है। इंद्रसेन द्वारा अपने पिता की मूर्ति स्थापना कराकर सुपुत्र होने का एक संदेश समाज को दिया है। इनके द्वारा किया गया कार्य बेहद सराहनीय है। कार्यक्रम में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व प्रमुख वीर भद्र सिंह,दिवाकर दूबे सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## 20 हजार रुपये मांगने और धमकी देने का आरोप, नौ पर मुकदमा

**मोतिगरपुर, सुल्तानपुर।** ग्रामसभा की जमीन पर निर्माण को लेकर हुए विवाद में न्यायालय के आदेश पर मोतिगरपुर पुलिस ने पूर्व बेलहरी चौकी प्रभारी समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मलिकपुर मजरे नानेमऊ निवासी हरीओम मिश्र ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर पुलिसकर्मियों पर 20 हजार रुपये मांगने, मारपीट करने और रुपये न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 18 जून 2025 को बेलहरी चौकी प्रभारी भरत सिंह चार अज्ञात पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। निर्माण कार्य को लेकर विवाद के बाद पुलिसकर्मी उन्हें थाने ले जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में उनसे 20 हजार रुपये की मांग की गई और विरोध करने पर मारपीट की गई।न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उपनिरीक्षक भरत सिंह, चार अज्ञात पुलिसकर्मियों के अलावा केशरी प्रसाद मिश्र, त्रिवेणी प्रसाद मिश्र, योगेश मिश्र और कुलदीप मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## सपा सांसद इकरा हसन के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन में चल रही है केस प्रोसीडिंग पर रोक

- दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से बीए और दिल्ली यूनिवर्सिटी से कानून की इकरा हसन ने की है पढ़ाई

**समृद्धि न्यूज,प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन को इलाहाबाद हाई कोर्ट से आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में बड़ी राहत मिल गयी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस विक्रम डी चौहान की बेंच ने सपा सांसद के खिलाफ शामली जिले की एमपी-एमएलए की कोर्ट में केस नंबर 3974 की आगे की कार्यवाही 2023 (राज्य बनाम इकरा हसन एवं अन्य) पर रोक लगा दी है। सुनवाई के दौरान स्टेट की तरफ से काउंटर एफीडेविट दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने पर कोर्ट ने एजीए को तीन सप्ताह का समय देते हुए केस को 24 अक्टूबर को लिस्ट करने का आदेश दिया है। बता दें सपा सांसद इकरा हसन 2024 में पहली बार लोकसभा सांसद चुनी गयी है उनके भाई नाहिद हसन तीन बार विधायक रह चुके हैं। इकरा हसन ने दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से बीए और दिल्ली यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की है। समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरीं थी। उनके खिलाफ पुलिस उपनिरीक्षक मुकेश दिनकर ने शामली जिले के कांधला थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया था। एसआई मुकेश दिनकर की तहरीर पर सपा प्रत्याशी इकरा हसन के खिलाफ आईपीसी की धारा 188 और 171-एच के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। यह प्रकरण वर्तमान समय में स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है। चुनाव में सांसद निर्वाचित होने के बाद इस केस की प्रोसीडिंग पर रोक लगाने की मांग में इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों के तर्कों को सुना।

## किशोरी को भगा ले जाना वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** मार्च महीने में किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया साथ ही किशोरी को भी बरामद कर लिया। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है गांव निवासी पिता ने 17 वर्षीय बेटी को 10 मार्च को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए धर्मेंद्र निवासी सथिन कटावा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमे में पुलिस ने पास्को सहित अन्य धाराओं की बढ़ोत्तरी की थी शुक्रवार को स्थानीय पुलिस ने मुकदमे में वांछित धर्मेंद्र कोरी पुत्र श्याम लाल कोरी को उतरहा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम ने उपनिरीक्षक रणजीत सिंह,आरक्षी सुधीर राजपूत शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। साथ ही बरामद किशोरी को विधिक प्रक्रिया के बाद परिजनो को सौप दिया जाएगा।

# हाईवे पर अज्ञात वाहन से टकराई बाइक, युवक की मौत

- घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज किया रेफर

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**

कूरेभार थाना क्षेत्र में अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर गुरुवार देर रात जोगीवीर गांव के मोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी कूरेभार में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया। गुरुवार देर रात अयोध्या जनपद के चोरे बाजार निवासी नाटू (26) पुत्र इब्राहीम अपने साथी हिमांशु यादव (26) पुत्र केशवराम यादव के साथ बाइक से कूरेभार से चोरे बाजार की ओर जा रहा था। जोगीवीर गांव के मोड़ के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सीएचसी कूरेभार ले गई, जहां चिकित्सकों ने नाटू को मृत घोषित कर दिया। हिमांशु की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश में हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल की जा रही है।

## लूट के आरोपी को मिली अंतरिम जमानत

**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के कान्हापुर गांव में मारपीट कर मंगलसूत्र ले जाने के आरोप में दर्ज मुकदमे के आरोपी दुर्गेश दूबे उर्फ मोनू को अदालत से अंतरिम जमानत मिल गई। मामले में आरोपी की नियमित जमानत पर सुनवाई के लिए 19 सितंबर की तारीख निर्धारित की गई है। कान्हापुर निवासी सरोजा यादव ने पुलिस को तहरीर देकर दुर्गेश दूबे उर्फ मोनू पर फोन पर गाली-गलौज करने तथा मारपीट कर मंगलसूत्र ले जाने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर जयसिंहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।आरोपी की ओर से अधिवक्ता सवितोष पाण्डेय ने जनपद न्यायाधीश के समक्ष जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए आरोपों को निराधार बताया। बचाव पक्ष ने मामले को राजनीतिक रंजिश और पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताते हुए घटना की तिथि व समय स्पष्ट न होने का भी तर्क दिया। अधिवक्ता के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को अंतरिम जमानत प्रदान कर दी तथा नियमित जमानत पर सुनवाई के लिए 19 सितंबर की तारीख तय की।

# किसान के बेटे आदित्य का जूनियर असिस्टेंट पद पर चयन

**समृद्धि न्यूज,मोतिगरपुर सुल्तानपुर।**



मलवा गांव निवासी किसान रमाकांत सिंह के बेटे आदित्य कुमार सिंह का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से जूनियर असिस्टेंट पद पर चयन हुआ है। बुधवार रात परिणाम जारी होने के बाद आदित्य के चयन की जानकारी मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। आदित्य ने वर्ष 2015 में यूपी बोर्ड से हाईस्कूल और 2017 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्ष 2020 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की पीईटी - 2022 के माध्यम से जूनियर असिस्टेंट पद की चयन प्रक्रिया में शामिल होकर उन्होंने सफलता हासिल की। आदित्य के पिता रमाकांत सिंह खेती करते हैं, जबकि माता सुनीता गृहिणी हैं। परिवार में एक बहन और दो भाई हैं। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले आदित्य ने मेहनत और लगन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। उनके चयन से गांव के युवाओं में भी उत्साह है।

# गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व देखभाल पर दी जानकारी

- आशा कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कराने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज,चांदा, सुलतानपुर।**



ब्लॉक मुख्यालय में बैठक में शामिल आशा वर्कर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा के मीटिंग हॉल में शुक्रवार को आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरसी यादव, बीपीएम दिनेश सिंह व विपिन सिंह ने गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व देखभाल और हाई रिस्क गर्भावस्था की पहचान को लेकर आवश्यक जानकारी दी।

बैठक में संस्थागत प्रसव, नियमित जांच, हाई रिस्क गर्भावस्था का चिन्हीकरण, पीएमएसएमए जांच, आयुष्मान कार्ड, एचसीपी पोर्टल, सीबीएसी फॉर्म और गोदभराई जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने आशा कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कराने और हाई रिस्क मामलों को समय से स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा बच्चों के टीकाकरण, एचपीवी टीकाकरण, एमबीएनसी-एमबीपीसी विजिट तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर आरबीएसके टीम को सूचना देने पर भी चर्चा हुई। मातृ एवं बाल मृत्यु की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए। बैठक में एएनएम, आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### उमेश पाल हत्याकांड में पत्नी जया पाल की कोर्ट में गवाही

**प्रयागराज।** प्रयागराज की जिला कोर्ट में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में उनकी पत्नी जया पाल की गवाही हुई। माफिया अतीक अहमद के आरोपी बहनोई एखलाक अहमद के वकील ताराचंद्र गुप्ता ने पूछा कि आपकी और उमेश की शादी कैसे हुई। मर्जी से हुई या किसी और ने कराई। क्या इसका कोई रिकॉर्ड है। इस पर जया पाल ने कहा कि मैं ब्राह्मण समाज से हूं। मेरी शादी उमेश पाल से 19 जनवरी, 2005 को हुई थी। उस वक्त बालिग थी, इसलिए सबकुछ मेरी मर्जी से हुआ। ससुराल वाले घर के पास स्थित मंदिर में सात फेरे लिए। पुजारी ने रस्में कराईं। इस वजह से कोई लिखा-पढ़ी नहीं हुई थी। मुझे मंदिर का नाम भी नहीं पता। वकील ने पूछा कि पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड में उमेश पाल ने खुद को प्रत्यक्षदर्शी बताया था या नहीं। राजू पाल की पत्नी पूजा पाल किस जाति की हैं। क्या उनकी उमेश पाल से मारपीट हुई थी।जवाब में जया ने कहा कि उन्हें इस बारे में नहीं पता। हालांकि, धूमनगंज थाना क्षेत्र में उमेश और पूजा पाल के बीच कोई मारपीट नहीं हुई थी।

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**सुलतानपुर।** घर के अंदर बिजली के करंट की चपेट में आकर अधेड़ बुरी तरह झुलस गया।गम्भीर हालत में इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी ले जाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई। शुक्रवार को कूरेभार थाना क्षेत्र के सरैया मझौवा गांव के पूरे डीगर, पांडे का पुरवा में करंट की चपेट में आने से अरुण पांडेय(50)पुत्र शिव शंकर पांडेय गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।चिकित्सक की सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नवविवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप

**चांदा, सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नवविवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का विवाह जून माह में लम्भुआ थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव में हुआ था। पीड़िता ने चांदा कोतवाली में तहरीर देकर पति, सास, ससुर और दो ननद समेत पांच लोगों को नामजद किया है। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर उसका उत्पीड़न करते थे और विरोध करने पर मारपीट की जाती थी।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक चांदा राजकुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर झाड़ियों में ले जाने का आरोप

**मोतिगरपुर,सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर झाड़ियों में ले जाकर दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार शाम को पड़ोसी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बुधवार को मां के साथ थाने पहुंची किशोरी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले युवक का उसके घर आना-जाना था। करीब दो माह पहले युवक उसे बहला-फुसलाकर डींगुरपुर बनकेगांव के पास नहर किनारे झाड़ियों में ले गया, जहां उसके साथ दुर्व्यवहार किया।थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि नाबालिग पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर का डीएम ने लिया संज्ञान

**समृद्धि न्यूज बछरावां-रायबरेली।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने विकास क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मीडिया एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, शेषपुर समोधा से संबंधित खबरों का संज्ञान लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी महराजगंज आयुष अग्रवाल को तत्काल विद्यालय पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने तथा छात्रों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनने और उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, शेषपुर समोधा पहुंचकर विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया तथा छात्रों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों से उनकी दिनचर्या, अध्ययन व्यवस्था, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा उन्हें हो रही समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने छात्रों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए मोटीवेट किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भरोसा दिलाया कि विद्यालय में उनकी सुविधाओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित जो भी समस्याएं हैं।

# ग्रामीण बैंक कर्मचारियों की हड़ताल से कारोबार प्रभावित

**समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।**




हड़ताल में शामिल बैंक कर्मी

पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के अधिकारी और कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इसके चलते सुलतानपुर क्षेत्र की अधिकांश शाखाओं में कामकाज ठप रहा, जिससे बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हुईं और करोड़ों रुपये का कारोबार प्रभावित होने का दावा किया गया।

हड़ताल के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। क्षेत्रीय सचिव आनंद तिवारी ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, समान पीएलआई भुगतान सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर देशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में 28 से 30 सितंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल तथा इसके बाद 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रस्तावित है।प्रदर्शन में आनंद दूबे, बीपी उपाध्याय, सुरेंद्र पांडे, अमरेंद्र सिंह, ऋषि यादव, अमित मिश्रा, आदित्य सिंह, आशुतोष द्विवेदी, आकाश प्रताप, रुद्र बहादुर सिंह और अनुराग तिवारी समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने किया एसपीसीए परिसर का निरीक्षण

**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने एसपीसीए सुलतानपुर परिसर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में स्थित वार्डों, इमेजिंग कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और संचालन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को एसपीसीए के संचालन में आ रही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने पर भी जोर दिया।निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार और उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. चंद्रसेन गुप्ता मौजूद रहे। एसपीसीए टीम की ओर से प्रशांत द्विवेदी, अविता अग्रवाल, आलोक गर्ग, आयुष दुबे, शिवम उपाध्याय, अभ्यंशु कौशल, प्रभात मिश्रा, देवांश द्विवेदी और उत्कर्ष सिंह समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मेदांता की विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं अब रायबरेली में

**समृद्धि न्यूज,रायबरेली।**




जिले और आसपास के मरीजों को बेहतर एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मेदांता अस्पताल लखनऊ ने रायबरेली में विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं शुरू की हैं। इससे मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श के लिए बार-बार लखनऊ जाने की जरूरत नहीं होगी। इस पहल के तहत गैस्ट्रो सर्जरी की विशेषज्ञ सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेदांता अस्पताल लखनऊ के जीआई सर्जन, जीआई ऑन्को सर्जरी एवं बेरिएट्रिक सर्जरी के निदेशक डॉ. संदीप कुमार वर्मा हर माह के तीसरे गुरुवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक सूर्या गैस्ट्रो एंड ओबीएस गाइनी क्लिनिक, नेहरू नगर, रायबरेली में मरीजों को परामर्श देंगे। डॉ. संदीप पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी जटिल बीमारियों के विशेषज्ञ हैं। ओपीडी में स्टमक कैंसर, पैंक्रियास एवं लिवर की सर्जरी, व्हिपल सर्जरी, अपेंडिक्स की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, आंत में रुकावट और पित्ताशय की पथरी समेत विभिन्न समस्याओं पर विशेषज्ञ सलाह मिलेगी। पैंक्रियाटाइटिस और पित्ताशय के कैंसर की रोबोटिक सर्जरी के संबंध में भी परामर्श दिया जाएगा। डॉ. संदीप ने कहा कि गैस्ट्रो सर्जरी का उद्देश्य मरीज को सुरक्षित और स्वस्थ जीवन की ओर ले जाना है। सही समय पर उपचार से कई जटिल समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है। वहीं, मेदांता के हृदय रोग विशेषज्ञ एवं एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. अंकित सिंह भी हर माह के दूसरे गुरुवार को एपेक्स हॉस्पिटल, गोराबाजार, सिविल लाइंस, श्री नगर, रायबरेली में मरीजों को परामर्श देंगे। यहां सीने में दर्द, धड़कन, हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और अन्य हृदय संबंधी समस्याओं पर विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध होगी। मेदांता का उद्देश्य विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं को मरीजों के करीब लाना और समय पर सही जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना है।

## रानीगंज तहसील में हड़ताल का दावा निराधार: बार अध्यक्ष

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील में कथित रूप से चल रही हड़ताल को लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सी.बी. सिंह (एडवोकेट) ने बड़ा बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने हड़ताल की खबरों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि तहसील में राजस्व एवं अन्य सभी सरकारी कार्य रोजाना की तरह सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। बार अध्यक्ष सी.बी. सिंह ने कहा कि तहसील प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से समय पर कार्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। बार एसोसिएशन इस कथित हड़ताल का किसी भी तरह से समर्थन नहीं करता है। कानूनी प्रक्रिया पर जोर देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी पक्ष को न्यायालय के किसी आदेश से आपत्ति है, तो उसके लिए विधिक रूप से उच्च न्यायालय में अपील या अन्य उचित कानूनी मार्ग अपनाया जाना चाहिए। न्यायिक आदेशों के विरोध में काम का बहिष्कार या हड़ताल करना पूरी तरह से अनुचित है।

### कुंडा में 'मौत का अस्पताल'

# खटिया पर इलाज, रस्सी के सहारे लटक रही ग्लूकोज की बोतल

**समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।**

जनपद का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से बेपटरी हो चुका है। कुंडा थाना क्षेत्र के बेंती मेन रोड, गडरियन का पुरवा (शांति नगर) स्थित शकुंतला फार्मा क्लीनिक की वायरल तस्वीरों ने विभाग के दावों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। नामचीन डॉक्टरों की डिग्री के बोर्ड टांगकर अंदर गरीब मरीजों की जिंदगी के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। वायरल तस्वीरों में अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर डॉक्टर ए.जे. यादव, डॉक्टर ए.के. शाह और डॉक्टर राजेश प्रताप जैसे डॉक्टरों के नाम और 24 घंटे आपातकालीन सेवा का बड़ा दावा दिख रहा है। लेकिन अंदर का नजारा किसी खंडहर से कम नहीं है। नीली दीवारों वाले इस कमरे में न तो लोहे के बेड हैं और न ही मरीजों की बुनियादी व्यवस्था।

स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही का आलम यह है कि मरीजों को लोहे के बेड की जगह लकड़ी की चारपाई पर लिटाया गया है। ग्लूकोज ड्रिप चढ़ाने के लिए ड्रिप स्टैंड तक मौजूद नहीं है; दीवार में ठुकी कील और बांधी गई रस्सी के सहारे ग्लूकोज की बोतलें लटकाकर इलाज किया जा रहा है।

# अवैध इंद्राज निरस्त: सरकारी तालाब व ऊसर की भूमि कराई दर्ज

**समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।**




उपजिलाधिकारी लालगंज वाचस्पति सिंह के न्यायालय द्वारा ग्राम दमदम तहसील रानीगंज में सरकारी तालाब और ऊसर भूमि पर धोखाधड़ी से दर्ज कराए गए अवैध नामांतरण को निरस्त करने का एक बड़ा फैसला सुनाया गया है। अदालत ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा 38(1) के तहत सुनवाई करते हुए फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया और भूमि को वापस पूर्ववत तालाब व ऊसर के रूप में सरकारी खाते में दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया है। ग्राम दमदम निवासी ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन द्वारा कराई गई जांच में यह बात सामने आई कि पुरानी खतौनियों में जो रकबा सार्वजनिक उपयोग की भूमि जैसे तालाब और ऊसर श्रेणी में दर्ज था, उसे बाद में कूटरचित दस्तावेजों और गलत आदेशों के आधार पर हेमंत डिग्री कॉलेज साधोनगर, प्रबंधक/सचिव एवं अन्य निजी पक्षों (गाटा संख्या 924, 961, 947, 815, 931 आदि) के नाम दर्ज करा लिया गया था। उपजिलाधिकारी न्यायालय ने प्रकरण में तहसीलदार रानीगंज और नायब तहसीलदार की विस्तृत जांच आख्या का अवलोकन किया और स्पष्ट किया कि धारा 132 (ग्राम सभा/सार्वजनिक भूमि) के अंतर्गत आने वाले तालाब व ऊसर रकबे पर किसी भी व्यक्ति को भूधूरी अधिकार नहीं दिया जा सकता। माननीय सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए विभिन्न नज़ीरों का उल्लेख करते हुए अदालत ने धोखाधड़ी या अनियमित तरीके से दर्ज कराई गई प्रविष्टियों को निरस्त कर दिया। न्यायालय ने अवैध कब्जेदार/खातेदारों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों को तथ्यहीन पाते हुए खारिज कर दिया और विवादित गाटा संख्याओं से संबंधित निजी नामों को हटाकर उन्हें पूर्ववत तालाब और ऊसर श्रेणी के खाते में अंकित करने के कड़े निर्देश दिए। न्यायालय का आदेश आने के बाद शिकायतकर्ताओं और ग्रामीणों ने राहत की सांस लेते हुए बताया कि यह महाविद्यालय कूट-रचित ढंग से सपा शासनकाल में बनवाया गया था, जिसका शिलान्यास शिवपाल यादव द्वारा किया गया था।

## छात्रों से मिलने पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल, परखी व्यवस्थाएं



**बछरावां-रायबरेली।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत शेखपुर समोधा गांव में स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में अध्यनरत छात्रों द्वारा विद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर किए गए धरना प्रदर्शन के पश्चात शुक्रवार को जनपद के सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल विद्यालय पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में मौजूद जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी, ऑल इंडिया कांग्रेस के सदस्य रमेश शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश चौधरी समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। छात्रों ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि विद्यालय में बिजली की समस्या के साथ ही गुणवत्ता विहीन भोजन दिया जाता है। कई बार खाने में कीड़े मिलने का आरोप भी छात्रों ने लगाया। इसके अलावा शिक्षकों की कमी तथा कॉपी-किताबें उपलब्ध न होने की समस्या भी बताई। प्रतिनिधिमंडल ने छात्रों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए उनके समाधान की मांग की है। और हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। इसी दरमियान गुरुवार को भी छात्रों द्वारा खाने में कांच निकलने की शिकायत की गई। वही जानकारी यह भी प्राप्त हुई है कि छात्रों के द्वारा अपनी मूलभूत सुविधाओं को लेकर उठाए गए धरना प्रदर्शन के कदम के बाद अधिकारियों का आश्वासन मिलने के उपरांत भी उनकी समस्याओं का निराकरण अभी तक नहीं किया गया है।

# ऐतिहासिक दाधिकांदो मेला आज से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**



प्रयागराज में ऐतिहासिक दाधिकांधो मेले की शुरुआत शनिवार से होगी। मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। डीसीपी सिटी सागर जैन ने बताया कि मेला क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहेगा। संवेदनशील जगहों पर खास नजर रखी जाएगी। मेला अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग तारीखों पर लगेगा। 12 सितंबर को शिवकुटी के सलोरी और 13 सितंबर को धूमनगंज के सुलेम सराय में मेला लगेगा। इसके बाद 19 सितंबर को तेलियरगंज के रसूलाबाद और 20 सितंबर को राजापुर में मेला लगेगा। कीडगंज में 24 सितंबर को बीच वाली सड़क और 25 सितंबर को थाने वाली सड़क पर मेला लगेगा। 20 अक्टूबर को मलका शिवकुटी और 24 अक्टूबर को फाफामऊ में दाधिकांधो मेले का आयोजन होगा। सुरक्षा व्यवस्था देखने के लिए डीसीपी सिटी ने संबंधित सर्किल के एसीपी के साथ मेला क्षेत्र और झांकियों के रूट का जायजा लिया। अधिकारियों को सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के लिए जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मेला कमेटियों के साथ बैठक कर पुराने विवादों की भी जांच की गई है। संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के लिए पीएसी की दो कंपनियां तैनात रहेंगी। मेले और झांकियों के पूरे रूट पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस नजर रखेगी, ताकि किसी भी अफवाह या भड़काऊ पोस्ट को समय पर रोका जा सके। पुराने अनुभवों को देखते हुए नया ड्यूटी चार्ट तैयार किया गया है। सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

# साइबर ठग गिरफ्तार, इंस्पेक्टर सम्मानित

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।



साइबर ठगी के एक बड़े मामले का सफल अनावरण करने पर तत्कालीन साइबर थाना प्रभारी व वर्तमान कोतवाली गुरसहायगंज प्रभारी निरीक्षक ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह को अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। मामला थाना ठठिया क्षेत्र के ग्राम अलीपुर अहाना का है। पीड़िता हुस्ना बेगम पत्नी स्व. हलीम खाँ ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि हाईवे निर्माण में अधिग्रहित जमीन के मुआवजे की 44 लाख 92 हजार 250 रुपये की धनराशि निकालने के लिए वह आरोपी अंशू के यूनियन बैंक के वीसी प्वाइंट पर जाती थी। आरोपी ने महिला के अंगूठे का क्लोन तैयार कर खाते से पूरी रकम धोखाधड़ी से निकाल ली। साथ ही जमा करने के लिए दी गई रकम को खाते में जमा न कर फर्जी रसीद दे देता था और रकम अपने खाते में ट्रांसफर कर लेता था।

पीड़िता की तहरीर पर साइबर थाने में मुकदमा संख्या 13/2026 धारा 316(5), 318(4), 336(3), 338, 340, 61(2) बीएनएस व 66घ, 66ड आईटी एक्ट में पंजीकृत किया गया। पुलिस ने 25 अगस्त को आरोपी अंशू को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया था। इस सराहनीय कार्य पर एडीजी कानपुर जोन ने 10 सितम्बर को इंस्पेक्टर ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह को सम्मानित किया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गुरसहायगंज ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की पूरी जमा पूंजी ठग ली गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना बायोमेट्रिक या बैंक डिटेल साझा नहीं करना चाहिए।

## विद्यालय में ताला तोड़कर चोरी, सामान ले गए चोर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गौतम बुद्ध एकेडमी में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। विद्यालय प्रबंधक गौतम बुद्ध ने चौकी प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र के अनुसार 10 सितंबर की रात चोरों ने विद्यालय में घुसकर सीसीटीवी कैमरे, कंप्यूटर, सीपीयू, स्कैनर, लैपटॉप, जनरेटर का डीजल, अलमारी तोड़कर महत्वपूर्ण कागजात तथा पंखे आदि चोरी कर लिए। प्रबंधक ने बताया कि ऐसी घटना दो वर्ष में चौथी बार हुई है। उन्होंने पुलिस से चोरी की घटना के संबंध में जल्द जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। प्रबंधक का कहना है कि बार-बार होने वाली चोरी से विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बच्चों के भविष्य पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने पुलिस से जल्द कार्रवाई की अपील की है।

# एफएलएन प्रशिक्षण के छठवें बैच का हुआ समापन



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

▸ प्रवक्ता शरद यादव ने अध्यापकों से अर्जित ज्ञान के संबंध में विभिन्न पूछे प्रश्न

फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्लोबल एजुकेशन सेंटर में शुक्रवार को एफएलएन ट्रेनिंग-2026 के छठवें बैच के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से आए प्रवक्ता शरद यादव ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अध्यापकों से पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान के संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे। अध्यापकों ने प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। इस दौरान कैच-अप शिक्षण, 10 पुस्तक टूल किट और एचपीसी कार्ड सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के समापन पर ऑनलाइन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विजेता अध्यापकों को प्रवक्ता शरद यादव ने चॉकलेट देकर सम्मानित किया। ब्लाक मंत्री सत्येंद्र यादव ने टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अध्यापकों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एआरपी योगेश यादव, अर्चना चतुर्वेदी, राजेश गौतम तथा संदर्भदाता हेमंत कुमार, रमेंद्र राजपूत, अमन दुबे, पूर्णिमा, मनोज कुमार, विभा, अरुण सिंह, दिव्यांशु त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# घुमंतू समाज और किसानों से आज संवाद करेंगे असीम अरुण

▸ किसान गोष्ठी और फसल प्रदर्शन में होंगे शामिल

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।



समाज के वंचित वर्गों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और किसानों की समस्याएं जानने के लिए शनिवार को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं कन्नौज सदर विधायक असीम अरुण दो कार्यक्रमों में शामिल होंगे। दोनों कार्यक्रमों में वह घुमंतू समाज और किसानों से सीधे संवाद करेंगे। राज्यमंत्री सुबह 11:30 बजे रामनगर, बस्ता में आयोजित घुमंतू समाज आभार एवं अधिकार सम्मेलन में पहुंचेंगे। यहां समाज के लोगों से उनके अधिकारों, समस्याओं और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को लेकर संवाद किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे नॉर्थ स्टार स्कूल, खैरनगर में किसान गोष्ठी एवं फसल प्रदर्शन में शामिल होंगे। इस दौरान किसानों से खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं, सुझावों और जरूरतों पर चर्चा करेंगे। फसल प्रदर्शन के जरिए किसानों को कृषि से जुड़ी नई जानकारियों से भी अवगत कराया जाएगा। दोनों कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में होने वाले संवाद में स्थानीय समस्याओं और उनके समाधान को लेकर चर्चा अहम मानी जा रही है।

## राष्ट्रीय पोषण माह में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार का संदेश

**कन्नौज।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नौ सितंबर से आठ अक्टूबर तक चल रहे 9वें राष्ट्रीय पोषण माह में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। खल्लारूप मंगदपुर, रामपुर निवारी, डुडवा बुजुर्ग, बेहरिन, शेखाना और शाह नगर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुए कार्यक्रमों में महिलाओं और बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं को स्थानीय फल, हरी सब्जियां और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ दैनिक आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। अन्नप्राशन कार्यक्रम में बच्चों को उम्र के अनुसार पौष्टिक आहार देने और खानपान की अच्छी आदतें विकसित करने पर जोर दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि पोषण माह का उद्देश्य लोगों में जागरूकता के साथ व्यवहार में बदलाव लाना है।



## सुसाइड नोट के आधार पर कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तिर्वा क्षेत्र के फूलपुर राजपुर में मृतक पंचायत सहायक वीपी सिंह कठेरिया के परिजनों से शुक्रवार को आजाद समाज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन सत्ता पक्ष के दबाव में आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहा है और अभी तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मृतक तीन पन्नों का सुसाइड नोट छोड़कर गए हैं, जिसमें सात लोगों को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी सांसद चंद्रशेखर आजाद तक पहुंच चुकी है। प्रशासन सुसाइड नोट और अन्य तथ्यों के आधार पर आरोपितों को चिह्नित कर जल्द कार्रवाई करे। कार्रवाई न होने पर आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगी। इस संबंध में जिलाध्यक्ष ने सीओ सुरेश कुमार से वार्ता कर कार्रवाई की जानकारी ली। इस दौरान गुड्डू कठेरिया, चांद खां, अरशद खां और अनुज गौतम मौजूद रहे।

# जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता का किया आयोजन

▸ प्रतियोगिता में जनपद के 12 विद्यालयों के 75 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।



श्री डालचंद इंटर कॉलेज लुखरिहा में गुरुवार को जनपदीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीसी अजय कुमार, जितेन्द्र कुमार, विद्यालय के संस्थापक राजेन्द्र सिंह यादव मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में जनपद के 12 विद्यालयों के 75 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में क्रीड़ा सचिव मेजर सुनील यादव के साथ चंद्रभान, नरेन्द्र खैरवार, जनमेर सिंह, गौरव, सऊद रजा सहित अन्य व्यायाम शिक्षक शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी अजय कुमार ने कहा कि कन्नौज का नाता कुश्ती से राजा हर्षवर्धन के समय से है। गंगा किनारे लगने वाले मेलों में प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता था। कन्नौज आल्हा-ऊदल की कर्मभूमि रही है। मंच संचालन महात्मा गांधी इंटर कॉलेज मढ़पुरा के प्रवक्ता सुशील कुमार तिवारी ने किया। प्रधानाचार्य डॉ. अंकित यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अंत में विजेता खिलाड़ियों सूरज सैनी, चन्द्र प्रताप, शिवा, आकाश, अर्जित, अंशिका, अनुपम, कल्पना, सोनाक्षी, शिवानी, शालिनी, ज्योति सहित अन्य को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# खबरें एक नजर में

### गर्भवती महिला को दिल्ली में छोड़कर फरार होने का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बिल्हौर निवासी एक महिला ने छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के नगला बलदेव हाथिन निवासी युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की है। महिला के मुताबिक, दोनों ने कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद वह दो बार गर्भवती हुई, लेकिन आरोप है कि युवक ने दोनों बार उसका गर्भपात करा दिया। महिला का कहना है कि इस समय वह तीन माह की गर्भवती है। आरोप है कि युवक उसे घूमने के बहाने दिल्ली ले गया और वहां छोड़कर फरार हो गया। महिला के मुताबिक, उसने जब फोन पर युवक से संपर्क किया तो वह कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने लगा। साथ ही उसे अपने घर आने से भी रोक रहा है। परेशान महिला ने छिबरामऊ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### शराब के नशे में पत्नी से मारपीट, पति का शांतिभंग में चालान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के धरनीधरपुर नगरिया गांव में शराब के नशे में एक युवक ने पत्नी के साथ मारपीट कर गाली-गलौज की। इससे परेशान पत्नी ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस से मदद मांगी। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान पवन यादव पुत्र नितवरन निवासी धरनीधरपुर नगरिया के रूप में हुई। पुलिस ने पूछताछ के बाद मामले में कार्रवाई करते हुए पवन यादव का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। पुलिस की कार्रवाई के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की बात कही है।

### बाढ़ से निपटने को गांवों में तैयारियां तेज, एडीएम ने दिए निर्देश




**कन्नौज।** बाढ़ आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने संवेदनशील गांवों में खतरा और क्षमता का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बाढ़ की संभावित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने, जन जागरूकता बढ़ाने और ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत करने पर चर्चा हुई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील कन्नौज के बांगर, सौसरापुर, इब्राहिमपुर बांगर, कटरी फिरोजपुर, दरियापुर चंदई, दरियापुर पट्टी, देवकली बांगर, कटरी गंगपुर, कटरी अमीनाबाद, महाबलीपुर, कन्नौज कछोहा, पट्टी मटेना, बलिदादपुर और तहसील छिबरामऊ के झूसीनगर गांव को संवेदनशील के रूप में चिन्हित किया गया है। इन गांवों में विशेष सतर्कता बरतते हुए समय से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नदी का जलस्तर बढ़ने, अधिक वर्षा, जल निकासी न होने से जलभराव या अचानक बाढ़ आने पर जन-धन के साथ मकान, पशुधन, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों और परिवारों की पहचान, बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगजनों और बीमार व्यक्तियों की संख्या का ब्यौरा तैयार किया जाए। साथ ही पशुधन, कच्चे और पक्के मकानों, सुरक्षित स्थानों और आश्रय स्थलों, उपलब्ध नावों और वाहनों तथा प्राथमिक उपचार समेत अन्य जरूरी संसाधनों का पूरा आंकलन किया जाए। ग्राम स्तर पर आपदा प्रबंधन क्षमता बढ़ाने, ग्राम आपदा प्रबंधन समिति को सक्रिय करने और लोगों को बाढ़ से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में मानव सुरक्षा के साथ पशुधन की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जाए। पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने और उनके लिए भूसा-चारे की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए।

# मिशन कर्मयोगी के तहत शिक्षकों को दो कोर्स करना अनिवार्य



समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।

▸ प्रधानाचार्यों और कार्यालय सहायकों को सख्त निर्देश जारी
▸ निर्धारित समय पर कोर्स पूरा न करने वालों की सूचना गूगल शीट पर अलग से दर्ज की जाएगी

जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज पप्पू सरोज ने जनपद के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और कार्यालय सहायकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को आज दिनांक 11 सितम्बर 2026 को शाम 4 बजे तक iGOT Karmayogi पोर्टल पर कम से कम दो कोर्स अनिवार्य रूप से पूर्ण करने होंगे। यह आदेश संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल और शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ के निर्देश पर जारी किया गया है। निर्धारित समय पर कोर्स पूरा न करने वालों की सूचना गूगल शीट पर अलग से दर्ज की जाएगी।

चार कोर्स में से कोई दो करना होगा निदेशालय द्वारा चार कोर्स प्रस्तावित किए गए हैं -

1. स्क्रीन टाइम प्रबंधन एवं डिजिटल जीवनशैली
2. पूर्व प्राथमिक स्तर के लिए प्रभावी शिक्षण विधियां
3. व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास के लिए जीवन कौशल
4. अंग्रेजी शब्दावली से संबंधित कोर्स

इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने कहा कि मिशन कर्मयोगी माननीय प्रधानमंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों और कर्मचारियों के कौशल को निखारना है। जनपद के सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि आज शाम 4 बजे तक शत-प्रतिशत कर्मचारियों द्वारा दो कोर्स पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोर्स पूर्ण करने के बाद उसकी प्रगति रिपोर्ट कार्यालय को प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

# लाइन हाजिर कोतवाल सहित पांच पर प्राथमिकी दर्ज

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।

लूट के मामले में कार्रवाई न करने और समझौते का दबाव बनाने वाले कोतवाल अजय अवस्थी पर एसपी विनोद कुमार द्वारा लाइन हाजिर की कार्रवाई की जा चुकी है, वहीं अब कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक समेत पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना के करीब तीन महीने बाद रिपोर्ट दर्ज होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार तालग्राम कस्बे के मोहल्ला बजरिया निवासी शेखर पुत्र रामनाथ ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़ित के अनुसार 14 मई की रात करीब साढ़े 11 बजे वह टेम्पो लेकर गुरसहायगंज जा रहा था। विशंभरपुर गांव के पास दो बाइकों पर सवार चार लोगों ने तमंचा लगाकर उसे रोक लिया। आरोप है कि मारपीट कर उससे तीन हजार रुपये लूट लिए गए। पीड़ित ने 112 नंबर पर सूचना देने और पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़कर कोतवाली लाने का दावा किया। शेखर का आरोप है कि तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय समझौते का दबाव बनाया। इंकार करने पर गाली-गलौज कर भगा दिया। पीड़ित की सुनवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाल अजय अवस्थी समेत एक नामजद और चार अज्ञात सिपाहियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ऑपरेशन के दौरान फटी बच्चेदानी, नवजात की मौत

**कन्नौज।** जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य मंत्री, डीएम और सीएमओ से शिकायत की बात कही है।
सरायमीरा के डाक बंगला रोड निवासी गौरव सैनी की बहन श्वेता को गुरुवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल लाया गया। परिजनों के मुताबिक उस समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। स्टाफ नर्स ने श्वेता को भर्ती कर उपचार शुरू किया। आरोप है कि प्रसव पीड़ा बढ़ाने के लिए इंजेक्शन देने के बाद पेट पर दबाव भी बनाया गया। हालत बिगड़ने पर नर्स ने ऑपरेशन की बात कही। करीब साढ़े आठ बजे डॉक्टर मनप्रीत कौर अस्पताल पहुंचीं और ऑपरेशन किया। डॉक्टर ने परिजनों को बताया कि प्रसूता की बच्चेदानी फट गई थी। नवजात की हालत गंभीर थी। परिजनों के मुताबिक बच्ची की सांस और हार्टबीट नहीं चल रही थी और उसकी मौत हो गई।

# अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, नकदी बरामद

▸ गिरफ्तार तस्कर बोला, हरियाणा के सोनीपत जिले के खरखोदा निवासी युवक बिहार भेजता था शराब

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।



पुलिस को शराब तस्करी की एक बड़ी खेप पकड़ने में सफलता मिली है। पकड़ी गई शराब की कीमत लाखों रुपए में बताई गई है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी शराब तस्कर को डीसीएम सहित गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक जिले के पुलिस कप्तान विनोद कुमार के संरक्षण में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत शुक्रवार को कन्नौज सदर कोतवाली पुलिस को बड़ी सफतला हांथ लगी है। पुलिस ने पाल चौराहे अंडरपास के निकट से एक डीसीएम को पकड़ा। तलाशी में डीसीएम से करीब 50 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद हुई है। पकड़ी गई शराब में 545 पेटी (170 पेटी रॉयल स्टेग,185 पेटीइंपीरियल ब्लू हॉफ,190 पेटी इंपीरियल ब्लू क्वार्टर) कुल 4836 लीटर अवैध शराब, के अलावा एक मोबाइल,10200 रुपए की नकदी, सहित एक आयशर डीसीएम नंबर यूपी 22CT 1012 भी बरामद किया गया है। इस दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर राजस्थान के बाड़मेर के गांव विसारनिया निवासी 32 वर्षीय जयसिंह पुत्र चेनाराम को गिरफ्तार किया है। पूंछ ताँछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि, हरियाणा के सोनीपत खरखोदा निवासी सोनू नामक व्यक्ति शराब को इसी गाड़ी से बिहार भेजता था। मैं पहले भी इसी प्रकार शराब को बिहार ले जा चुका हूं।

इस परिवहन से जो रुपए मिलते हैं, उसी से अपना और परिवार का भरण पोषण करता हूं। शराब तस्कर से मिली जानकारी के बाद अब पुलिस सोनू की तलाश में जुट गई है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली उपरोक्त सफलता पर एसपी विनोद कुमार ने बधाई दी है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया गया गोदभराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम



**कन्नौज।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नौ सितंबर से आठ अक्टूबर तक चल रहे 9वें राष्ट्रीय पोषण माह में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।
खल्लारूप मंगदपुर, रामपुर निवारी, डुडवा बुजुर्ग, बेहरिन, शेखाना और शाह नगर के आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुए कार्यक्रमों में महिलाओं और बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं को स्थानीय फल, हरी सब्जियां और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ दैनिक आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। अन्नप्राशन कार्यक्रम में बच्चों को उम्र के अनुसार पौष्टिक आहार देने और खानपान की अच्छी आदतें विकसित करने पर जोर दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि पोषण माह का उद्देश्य लोगों में जागरूकता के साथ व्यवहार में बदलाव लाना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण संदेश घर-घर पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

आलू किसान संकट में, 14 सितंबर को सपा का हल्लाबोल

# सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली : तहसीन सिद्दीकी

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।



जनपद कन्नौज जो आलू का गढ़ माना जाता है, वहां का किसान आज सबसे बड़े संकट से गुजर रहा है। आलू के भाव जमीन पर लुढ़कने, लागत तक न मिलने और बाजार में डीएपी-यूरिया खाद की भारी किल्लत से किसान टूट चुका है। किसानों की इसी पीड़ा को लेकर समाजवादी पार्टी ने बड़ा ऐलान किया है। समाजवादी पार्टी कन्नौज द्वारा दिनांक 14 सितंबर दिन सोमवार प्रातः 11 बजे आलू किसानों के सम्मान में विशाल धरना एवं ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी नेता ताहिर हुसैन सिद्दीकी और तहसीन सिद्दीकी करेंगे। इस संबंध में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रूखाबाद एवं वरिष्ठ सपा नेता तहसीन सिद्दीकी ने कहा, कि कन्नौज का आलू किसान कर्ज में डूबा है। एक तरफ मंडी में आलू का भाव 400-500 रुपये कुंतल रह गया है, जबकि लागत 1200 रुपये से अधिक आ रही है। दूसरी तरफ सरकार ने डीएपी और यूरिया खाद को कालाबाजारी के हवाले कर दिया है। लाइन में खड़ा किसान खाद के बिना वापस लौट रहा है। यह सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। समाजवादी पार्टी किसानों को अकेला नहीं छोड़ेगी। 14 सितंबर को हम हजारों किसानों के साथ सड़क पर उतरकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। अगर सरकार नहीं जागी तो आंदोलन और बड़ा होगा। समाजवादी नेता ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने बताया कि यह धरना केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि कन्नौज के किसान के सम्मान की लड़ाई है। हमारे नेता अखिलेश यादव जी हमेशा किसानों के साथ खड़े रहे हैं। आलू किसानों को उनका हक दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी पूरी ताकत से मैदान में है।

## गणेश चतुर्थी को लेकर पीस कमेटी की बैठक

छिबरामऊ। गणेश चतुर्थी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को विशुनगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष शशिकांत कनौजिया ने की। उन्होंने गणेश प्रतिमा स्थापित करने वाले आयोजकों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। थाना अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिमा स्थापना स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं। साथ ही मूर्ति स्थल पर किसी भी शराबी व्यक्ति को प्रवेश न करने दें। उन्होंने आयोजकों से पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। बताया गया कि विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में इस बार करीब 10 स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। थाना अध्यक्ष ने सभी आयोजकों से शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए पर्व आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

# स्नातक निर्वाचन क्षेत्र: पीडीए वोटरों को जोड़ने पर हुआ मंथन

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।



आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने कमर कस ली है। गुरुवार को भोजपुर के पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी के आवास पर स्नातक एमएलसी चुनाव के प्रत्याशी शशांक यादव के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पीडीए को एकजुट करने और नए स्नातक वोटर जोड़ने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में एफएच मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संचालक डॉ. जाकिर साहब, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी, फरहान खान, पूर्व ब्लाक प्रमुख कमालगंज राशिद जमाल सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव सहित समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, समाजवादी पार्टी का पीडीए ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। स्नातक चुनाव में हमें हर बूथ तक पहुंचकर पढ़े-लिखे युवाओं को समाजवादी विचारधारा से जोड़ना है। अखिलेश यादव जी ने जिस तरह से पीडीए को सम्मान दिया है, उससे कार्यकर्ताओं में नया जोश है। हम सब मिलकर आगरा खंड स्नातक सीट समाजवादी पार्टी की झोली में डालेंगे। पूर्व ब्लाक प्रमुख कमालगंज राशिद जमाल सिद्दीकी ने कहा, गांव-गांव जाकर नए स्नातक वोटरों का पंजीकरण कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। भाजपा सरकार ने नौजवानों को बेरोजगार कर दिया है, स्नातक युवा भी ठगा महसूस कर रहा है। हमें उन्हें बताना होगा कि केवल समाजवादी पार्टी ही उनकी आवाज बन सकती है।

आगरा खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी शशांक यादव ने कहा,कि मैं कार्यकर्ताओं के भरोसे चुनाव मैदान में हूं। पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी और तहसीन सिद्दीकी जी जैसे वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिल रहा है। हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक नए वोटर जोड़े जाएं और स्नातक समाज को समाजवादी पार्टी से जोड़कर बड़ी जीत हासिल की जाए। बैठक में तय किया गया कि आने वाले दिनों में कन्नौज जनपद के सभी ब्लॉकों में स्नातक वोटर जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# 5 दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर बैंक कर्मचारियों की हड़ताल

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।



प्रदर्शन करते बैंक कर्मी

यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस की इकाई के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के सभी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी पूर्णकालिक हड़ताल पर रहे। हड़ताल मुख्य रूप से 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने और भेदभाव की नीति के विरोध में की गई। हड़ताली बैंककर्मियों ने सुबह 10 बजे पंजाब नेशनल बैंक की लालगेट शाखा पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया। हड़ताल के कारण जिले की लगभग 300 बैंक शाखाओं में ताले लटकते रहे। स्टेट बैंक सहित सभी राष्ट्रीयकृत, ग्रामीण व सहकारी बैंकों के बंद रहने से करोड़ों रुपये का लेन-देन और चेक क्लीयरिंग का काम पूरी तरह ठप रहा। बैंक कर्मचारी हर शनिवार को छुट्टी की मांग कर रहे हैं। नेताओं का कहना है कि बैंक यूनियनों और मैनेजमेंट के बीच हुए समझौते के बावजूद सरकार इसे दो साल से लंबित रखे हुए है। मीडिया प्रभारी मयंक गुप्ता ने बताया कि पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग साल 2012 के चार्टर आफडिमांड से चली आ रही है। सन 2015 में दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश घोषित किया गया और

**▸ जिले की 300 शाखाओं में कामकाज ठप**

उसके बदले में पहले, तीसरे, पांचवे शनिवार को हाफ डे कार्य दिवस से फूल डे पूर्ण कार्य दिवस कर दिया गया।

इसके बाद सन 2024 में समझौते के तहत सभी शनिवार को अवकाश घोषित करने की बात कही गई और इसके बदले में सोमवार से शुक्रवार हर रोज 40 मिनट अतिरिक्त कार्य समय बढ़ाने की बात कही गई। हमारी बैंक यूनियंस ने पहले से ही सहमति दे दी है, लेकिन फिर भी सभी शनिवार को अवकाश घोषित नहीं किया जा रहा है। जबकि बैंकों की नियामक संस्था रिजर्व बैंक आफइंडिया में सभी शनिवार को अवकाश रहता है। इसके अलावा कैपिटल मार्केट, मनी मार्केट, स्टॉक एक्सचेंज एसेबी, एलआईसीएआईसीआईसी इत्यादि आर्थिक संस्थानों में पांच दिवसीय कार्य प्रणाली लागू है तो बैंकों में क्यों नहीं, मयंक गुप्ता ने कहा कि जब भी इंसान अपने अधिकार और सम्मान के लिए, संगठित खड़ा हुआ तब जीत हमेशा निश्चित हुई। आश्रय अवस्थी और राजीव कुमार ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग 24 घंटे के दौर में 5 दिवसीय सप्ताह से ग्राहकों को नुकसान नहीं होगा, बल्कि कर्मचारियों की कार्यकुशलता और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। धरना प्रदर्शन में आश्रय अवस्थी, राजीव कुमार, राजीव सिंह चौहान, निखिल मिश्र, प्रदीप सोमवंशी, मानवेन्द्र चौहान, मयंक गुप्ता, ब्रजेश राय, धीरेन्द्र यादव, जयंत यादव शामिल रहे।

# जनपदीय माध्यमिक विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।



प्रमाण पत्र व मेडल दिखाते विजेता खिलाड़ी

स्व. ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में दो दिवसीय जनपदीय माध्यमिक विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। हल्की बूंदाबांदी के बीच खेल प्रतियोगिता की शुरुआत स्टेडियम के इंडोर मैट पर की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षक संघ चंदेल गुट के जिलाध्यक्ष प्रवेश शाक्य, क्रीड़ा सचिव अतुल दास एवं प्रतियोगिता के संयोजक प्रधानाचार्य डॉ. विनीत कुमार चौहान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला मेजबान जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ और डीपीबीपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की टीमों के बीच खेला गया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने अपना दमखम दिखाया। खेलों के दौरान निर्णायक मण्डल की भूमिका में कुलदीप यादव, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, सपना यादव, अभिषेक पाल, सुब्रत शाक्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता के पहले दिन बालक वर्ग की अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं, जिनके परिणाम इस प्रकार रहे। बालक वर्ग अंडर-14 वर्ग में जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि डीपीबीपी उमा विद्यालय उपविजेता रही। बालक वर्ग अंडर-17 में विजेता टीम चौधरी गजराज सिंह इंटर कॉलेज रही और दयानन्द इंटर कॉलेज अमृतपुर ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग अंडर-19 वर्ग में एबी इंटर कॉलेज शमशाबाद की टीम विजेता बनी तथा जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज उपविजेता रही। अतिथियों प्रवेश शाक्य, अतुल दास, प्रदीप कुमार जायसवाल ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता की व्यवस्था एवं प्रबंधन का कार्य व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार पाल एवं संयोजक प्रधानाचार्य डॉ. विनीत कुमार चौहान ने किया। संयोजक डॉ. विनीत कुमार चौहान ने सभी प्रतिभागी बच्चों को सम्बोधित किया।

# महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर पुष्पार्चन कर किया नमन

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।



सम्मानित होते परियोजना निदेशक

हिंदी साहित्य की महान कवयित्री महीयसी महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिव्यंजना के तत्वाधान में रेलवे रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

साहित्यकारों, रचनाकारों एवं समाजसेवियों ने महादेवी वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनके साहित्यिक योगदान और व्यक्तित्व को श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक कपिल कुमार ने कहा कि महादेवी वर्मा हिंदी साहित्य की ऐसी विभूति हैं। अभिव्यंजना संस्था के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि महादेवी वर्मा की स्मृतियों को नमन करना तभी सार्थक होगा, जब हम उनके साहित्यिक आदर्शों को अपने जीवन और सृजन में उतारें। उन्होंने कहा कि रचनाकारों को महादेवी के साहित्य से प्रेरणा लेकर काव्य एवं गद्य लेखन में मौलिकता, संवेदना और सामाजिक सरोकारों को प्रमुखता देनी चाहिए। संयोजक समाजसेवी संजय गर्ग ने सभी अतिथियों, साहित्यकारों, रचनाकारों एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महादेवी वर्मा जैसी महान साहित्यिक विभूतियों की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को हिंदी साहित्य और उसकी महान परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। साहित्यकारों एवं रचनाकारों ने मुख्य अतिथि कपिल कुमार को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महेश पाल सिंह उपकारी, सत्यनारायण सिंह, रामऔतार शर्मा, विनय अग्रवाल, निमिष टंडन, वैभव सोमवंशी, नलिन श्रीवास्तव, चित्रा अग्निहोत्री, सिमरन सिंधी मौजूद रहे।




सम्मानित होते विजेता खिलाड़ी

## राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अलीगढ़ के धर्म समाज इंटर कॉलेज में 8 से 11 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज, के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र आदित्य मिश्र ने द्वितीय स्थान तथा कुशाग्र शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सहायक अध्यापक केशव गंगवार ने कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं। देवाशीष पाठक, संजय कुमार, पवन शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, संगप्रिय, समरेन्द्र शुक्ला ने बधाई दीं।

# माहवारी/स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं

लोहिया पुरम आवास विकास स्थित कृष्णा देवी डिग्री कॉलेज में छात्राओं के लिए, माहवारी के दौरान होने वाले दर्द और स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म के समय होने वाले असहनीय दर्द की सही जानकारी देना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना था। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने छात्राओं को बताया कि माहवारी महिलाओं के शरीर की एक पूरी तरह से सामान्य और प्राकृतिक प्रक्रिया है। लेकिन, इस दौरान अत्यधिक पेट दर्द या अनियमितता होना सामान्य नहीं है। ऐसी स्थिति में छात्राओं को बिना किसी संकोच के अपने माता-पिता और बड़ों से खुलकर बात करनी चाहिए और तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इन गलत धारणाओं को दूर करना हम सभी शिक्षित नागरिकों की जिम्मेदारी है। छात्राओं ने संकोच त्यागकर बाहर से आए हुए डॉक्टरों से कई सवाल पूछे। उन्होंने अपनी जिज्ञासाओं और शारीरिक समस्याओं को विशेषज्ञों के साथ खुलकर साझा किया। डॉक्टरों ने भी उनके सभी सवालों के वैज्ञानिक और संतोषजनक जवाब दिए। डॉक्टरों ने छात्राओं को स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने का संदेश देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। साथ ही उन्हें प्रेरित किया गया कि वे यहां से प्राप्त सही जानकारी को अपने परिवार और समाज तक भी पहुंचाएं। महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, छात्राएं, अन्य स्टाफ सदस्य और आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ0 पूरे समय उपस्थित रहे और जागरूकता फैलाने के लिए अपना सार्थक योगदान दिया।

# खबरें एक नजर में

## कोटेदार चयन के विवाद में फायरिंग, एक पक्ष ने दर्ज करायी रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूजकायमगंज/नवाबगंज।** गांव के कोटेदार चयन को लेकर दो पक्षों में चले आ रहे तनाव के चलते बुधवार देर रात विवाद में मारपीट व फायरिंग हो गई। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी। दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरे पक्ष ने भी पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत होकर तहरीर दी है। कोतवाली कायमगंज व विकासखंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत रमापुर दबीर के मजरा जयसिंहपुर में सात सितंबर को कोटेदार चयन की बैठक होनी थी, जो किसी कारण नहीं हो सकी थी। कोटेदार चुनाव के लिए चंद्रपाल व अखिलेश प्रत्याशी के रूप में प्रयासरत हैं, जिससे दोनों के बीच तनाव चल रहा है। बुधवार रात करीब 11 बजे दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज, फिर मारपीट तथा फायरिंग हुई। यूपी-112 और कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अखिलेश के भाई सौरभ ने पुलिस को बताया कि चंद्रपाल पक्ष के आरोपितों ने शराब के नशे में उनके घर के सामने गाली-गलौज की। मना करने पर मारपीट की। पुलिस ने चंद्रपाल, उनके भाई राजीव, रिंकू उर्फउपेंद्र यादव व रामरहीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं दूसरे पक्ष से चंद्रपाल पक्ष से यमकृष्ण ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कोटेदार चयन को लेकर चल रही खुन्नस का हवाला दिया है। उनकी पत्नी गुड्डी देवी और बुजुर्ग महिला सुनीता देवी भी घायल हुई हैं। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि सौरभ पक्ष की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दूसरे पक्ष की तहरीर अभी नहीं मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अभिषेक वर्मा ने नवाबगंज के बीडीओ से स्थिति की जानकारी ली। ग्राम पंचायत सचिव कामता प्रसाद ने बताया कि सात सितंबर को कोटेदार चयन की बैठक अपरिहार्य कारणों से नहीं हो सकी थी। इस बैठक के लिए 18 सितंबर का एजेंडा जारी किया गया है। बीडीओ राधे श्याम ने बताया कि तनाव की स्थिति को देखते हुए बैठक की तिथि कुछ दिन बाद निर्धारित की जाएगी।

## युवक ने महिला को पीटा

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव बघौना निवासी शिवानी पत्नी देवेन्द्र सिंह गुरुवार शाम घर पर बैठी थी। उनके पति देवेन्द्र बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं। तभी शाम लगभग सात बजे उनके परिवार के ही युवक आया और बटवारे को लेकर शिवानी को गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक ने शिवानी को मारपीट कर दी। मारपीट में महिला चोटिल हो गई। थाना पुलिस को शिवानी पत्नी देवेन्द्र सिंह ने नामजद युवक के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव हरकरनपुर निवासी राजवीर उम्र 30 वर्षीय पुत्र रामऔतार बाइक द्वारा किसी काम से कटिया जा रहा था, जैसे ही वह गाँव होतेपुर के पास पहुँचा, उसी दौरान सामने से आरहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहॉ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## करंट लगने से युवक झुलसा

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला चरन निवासी शिवम उम्र 18 वर्षीय पुत्र छग्गेलाल घर मे पंखा चालू करने के लिए पंखे का तार बिजली के वोट में लगा रहा था। उसी दौरान वह विद्युत करन्ट की चपेट में आकर झुलस गया। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# बाढ़ पीड़ित 100 परिवारों को जयवीर सिंह ने बांटी राहत सामग्री

समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।



बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते प्रभारी मंत्री

गंगा और रामगंगा नदियों के बढ़े जलस्तर से प्रभावित अमृतपुर तहसील क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हैं। शुक्रवार को आईटीआई कॉलेज दौलतपुर चकई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री वितरित की। कार्यक्रम के दौरान करीब 100 बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री किट प्रदान की गई एवं 01 लाभार्थी को सर्पदंश राहत अनुदान राशि चेक वितरित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ प्रभावित नागरिकों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रत्येक पात्र प्रभावित परिवार तक शासन द्वारा अनुमन्य राहत एवं सहायता समयबद्ध रूप से पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा आवश्यकता के अनुसार राहत सामग्री एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखी जाए। तहसील अमृतपुर प्रशासन की ओर से जारी बाढ़ संबंधी सूचना के अनुसार क्षेत्र में कुल 83 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें गंगा नदी से प्रभावित गांवों की संख्या 77, जबकि रामगंगा नदी से प्रभावित गांवों की संख्या छह दर्ज की गई है। बाढ़ से प्रभावित परिवारों की संख्या 12,737 तथा कुल प्रभावित जनसंख्या 58,392 बताई गई है। तहसील प्रशासन की रिपोर्ट में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में एक महिला की मृत्यु का भी उल्लेख किया गया है। मृतका के परिजनों को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी अमृतपुर स्वेता साहू, तहसीलदार अमृतपुर शशांक सिंह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पीएम के जन्मदिन से एक माह तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान



बैठक को संबोधित करते क्षेत्रीय मंत्री मौजूद डॉ. राजीव पाठक आदि

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री एवं जनपद प्रवासी प्रशांत राव चौबे ने जनपद प्रवास के दौरान पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फतेचंद वर्मा ने की। क्षेत्रीय मंत्री प्रशांत राव चौबे ने आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह के दौरान जनपद में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। क्षेत्रीय मंत्री श्री प्रशांत राव चौबे ने समाजसेवी डा0 राजीव पाठक प्रतिष्ठान सूरज अल्ट्रासाउंड फतेहगढ़ में मण्डल अध्यक्ष रामला राठौर की अध्यक्षता में बैठक ली। डा0 राजीव पाठक ने क्षेत्रीय मंत्री सहित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अमरदीप दीक्षित, गोपाल राठौर, हिमांशु गुप्ता, रश्मि दुबे, बीरेंद्र कठेरिया, शिवमोहन सिंह, संजीव गुप्ता, पंकज पाल, प्रतिभा राजपूत, किरण सिंह, अश्नील दिवाकर, सर्वेश कुशवाह, कृष्ण मुरारी राजपूत, सुमित कटियार, अनिल प्रताप सिंह, संजीव सिंह, रानू दीक्षित, राजीव श्रीवास्तव, रेखा सोमवंशी, अंकुर वर्मा, प्रमोद बाजपेयी, भानू प्रताप सिंह, आफताब खां, डा0 केएल साहू, डा0 धर्मेन्द्र अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में दस लोग व अज्ञात पर जवाबी मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज, संकिसा।

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव मनोहर नगर निवासी अंकेश कुमार पुत्र रनवीर सिंह ने गांव के ही विनोद, दिनेश, गुरुदेश, अनिल पुत्रगण हरीराम, बटेश्वर पुत्र चंद्रपाल व अज्ञात लोगों पर गाली-गलौज व घर में घुसकर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 10 सितंबर समय करीब सुबह 9:00 बजे उपरोक्त सभी आरोपित आए और हमारी पुस्तैनी जमीन पर जबरदस्ती नींव खोदने लगे। विरोध करने पर गालियां देने लगे और घर में घुसकर मारपीट करने लगे। जिससे मेरे व मेरे पिताजी के काफी चोटें आई हैं। बाद में जान से मारने की धमकी देकर चले गए। वहीं दूसरे पक्ष के बटेश्वर पुत्र चंद्रपाल ने गांव के ही रनवीर पुत्र सोनेलाल सिंह, राकेंद्र पुत्र राजकुमार व अंकेश अमन पुत्रगण रनवीर सिंह के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया है। 10 सितंबर समय करीब सुबह 9:30 बजे मैं अपने सड़क के किनारे वाले खेत पर काम कर रहा था, आपसे बंटवारे को लेकर उपरोक्त सभी आरोपित आए और मेरे साथ गाली-गलौज करने लगे मेरे द्वारा विरोध किए जाने पर मेरे साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे मेरे सिर व शरीर में चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जवाबी मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# मुख्य चौराहे पर करोड़ों की जमीन पर आधी रात चला पीला पंजा

समृद्धि न्यूज, कंपिल।

**▸ बाल-बाल बची महिला, दारोगा पर मिलीभगत के गंभीर आरोप**

**▸ उच्चाधिकारियों से जांच कर मामले की सख्त कार्रवाई की उठायी मांग**

कस्बे के मुख्य चौराहे के समीप स्थित करोड़ों रुपये की बेशकीमती संपत्ति पर कब्जा करने की नीयत से आधी रात को जमकर उत्पात मचाया गया। आरोप है कि रात के सन्नाटे में जेसीबी मशीन से एक पुश्तैनी मकान की चारदीवारी ढहा दी गई। गनीमत रही कि मलबे की जद में आने से पास ही सो रही एक महिला बाल-बाल बच गई। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पीड़िता ने कंपिल थाने के एक उपनिरीक्षक पर विपक्षी पक्ष से साठगांठ कर मौके पर मौजूद रहकर दीवार गिरवाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। घटना से इलाके में आक्रोश फैल गया है। मामले में उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। पीड़िता अनीता सक्सेना पत्नी राकेश कुमार ने बताया कि कस्बे के मुख्य चौराहे से महज चंद कदमों की दूरी पर उनका करीब 100 वर्ष पुराना मकान व बेशकीमती जमीन स्थित है, जिसका स्वामित्व विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि विपक्षी मुरारी लाल के पुत्रों ने इस विवादित संपत्ति का बैनामा नियम विरुद्ध तरीके से इमरान उर्फ मीनू, जितेंद्र यादव और संदीप शुक्ला के नाम कर दिया था। इस बैनामे को निरस्त कराने के लिए उन्होंने सक्षम न्यायालय में वाद दायर कर रखा है, जो अभी विचाराधीन है। पीड़िता का आरोप है कि मामला अदालत में होने के बावजूद स्थानीय पुलिस उन पर समझौते का अनुचित दबाव बना रही थी। पिछले दो दिनों से उन्हें थाने बुलाकर समझौते के लिए मजबूर किया जा रहा था। शुक्रवार देर रात करीब पौने तीन बजे विपक्षी पक्ष के लोग जेसीबी मशीन लेकर धड़धड़ाते हुए पहुंचे और सीधे मकान की दीवार तोड़ना शुरू कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कंपिल थाने के उपनिरीक्षक दिनेश यादव की शह पर यह पूरी कार्रवाई हुई। जिस दीवार को जेसीबी से ढहाया गया, उसके ठीक पास पीड़िता चारपाई पर सो रही थी, जो मलबा गिरने के दौरान बमुश्किल अपनी जान बचा सकीं। आरोप है कि पुलिसकर्मी जानबूझकर पीड़िता को पूछताछ में उलझाए रहे, जिससे विपक्षी पक्ष के लोग जेसीबी लेकर आसानी से वहां से भाग निकले। पीड़िता ने विपक्षी पक्ष पर जानलेवा हमला करने और करोड़ों की जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई है।

# बाढ़ प्रभावित तराई क्षेत्र ढाई घाट में सपा नेताओं ने बांटी राहत सामग्री

समृद्धि न्यूज, कायमगंज।



खाद्य सामग्री वितरित करते सपा नेता

कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के शमशाबाद तराई इलाके स्थित बाढ़ प्रभावित ढाई घाट में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा जरूरतमंद आपदा पीड़ित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। सपा के पूर्व कायमगंज विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश अंबेडकर के नेतृत्व में पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीड़ितों को लंच पैकेट, बिस्कुट, नमकीन एवं पीने का पानी आदि खाद्य सामग्री वितरित किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आनंद यादव ने अपनी टीम के साथ व्यवस्था देखी। सर्वेश अंबेडकर ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का सख्त निर्देश है कि बाढ़ आपदा से प्रभावित इलाकों में पार्टी के साथी खुद पहुंचकर जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद करें। इस अवसर पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव एवं उनकी संपूर्ण टीम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आनंद यादव, रामपाल यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली, अमन सूर्यवंशी, अरविंद यादव, डॉ. हरिओम यादव, ओमकार फौजी, ओम प्रकाश बिहारी, पप्पू गंगवार, आनंद शाक्य, सोनू गुप्ता, अनिल यादव, धनीराम वर्मा, धर्मेंद्र यादव, अतुल यादव, पप्पू यादव, धर्मवीर यादव, रामपाल यादव, पवन यादव, देवेंद्र यादव, महफूज आलम, रमजान मंसूरी, दीपक यादव, अनिल यादव, मनीष गंगवार, राजपाल यादव, राहुल सिसोदिया, विकास यादव दीपू, मनोज कोरी, रविश शास्त्री, शरद यादव, पीयूष यादव, बंटी यादव, अशोक अंबेडकर मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ का जनपदीय अधिवेशन संपन्न

**▸ नवगठित कार्यकारिणी ने ली शपथ, रीना पाण्डेय बनीं जिलाध्यक्ष**

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।




कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी

मसेनी चौराहा स्थित एक बैंक्वेट हाल में उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ का जनपदीय अधिवेशन व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकायें मौजूद रही। मुख्य अतिथि कायमगंज की विधायिका डॉ. सुरभि तथा विशिष्ट अतिथि कानपुर मण्डल की मण्डल अध्यक्ष रुचि त्रिवेदी उपस्थित रहीं। अधिवेशन के दौरान जनपद की जनपदीय कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पद और दायित्वों के निर्वहन हेतु शपथ दिलाई गई। विधायिका डॉ. सुरभि एवं मण्डल अध्यक्ष रुचि त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से सभी पदाधिकारियों को पद दायित्व के प्रमाण पत्र प्रदान किए। विधायिका डॉ. सुरभि ने कहा, शिक्षक समाज का निर्माता है, इनके लिए मेरे द्वार हमेशा खुले हैं। रुचि त्रिवेदी ने आश्वस्त किया कि शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण में आने वाली कठिनाइयों को जनपद एवं मण्डल स्तर पर प्राथमिकता से हल कराया जाएगा। महिला शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के दिशा-निर्देशन एवं पर्यवेक्षक कानपुर मंडल अध्यक्ष रूचि त्रिवेदी की देखरेख में संपन्न हुआ। संरक्षक अंजू कटियार, जिला अध्यक्ष रीना पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता अवस्थी, उपाध्यक्ष उदीप्ति तिवारी, श्वेता सचान, अमृता आर्य, महामंत्री श्वेता पटेल, संयुक्त मंत्री चारू कटियार, मंत्री, श्रद्धा पाण्डेय, कंचन लता वर्मा, वरिष्ठ संगठन मंत्री भारती सिंह, संगठन मंत्री मनीषा दुबे, मधुबाला कटियार, कोषाध्यक्ष संगीता गुप्ता, मीडिया प्रभारी श्वेता रानी को बनाया गया। इस मौके पर अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, अमरेश सिंह, श्वेता सचान, शिल्पा वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## 18 साल पुराने हत्या के मामले में आरोपियों दोषसिद्ध, सजा 18 को

**फर्रुखाबाद।** अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी1) अभिनीत उपाध्याय की अदालत ने वर्ष 2008 में हुए एक चर्चित हत्या के मामले में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस, गवाहों के बयानों और पत्रावली पर मौजूद साक्ष्यों का अनुशीलन करने के बाद आरोपियों को हत्या का दोषी पाया। कोर्ट अब 18 सितंबर को सजा के बिंदुओं पर सुनवाई करेगी। मामला 1 अक्टूबर 2008 का है, जो थाना मोहम्मदाबाद में वादी हरि सिंह द्वारा दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी के अनुसार, घटना के दिन सुबह करीब 9 बजे वादी के परिवार के मटरे, धर्मेंद्र और छोटेलाल पुत्रगण भारत सिंह सामूहिक/पैतृक जमीन पर मजदूर लगाकर जबरन नींव भरकर कब्जा कर रहे थे। सूचना मिलने पर हरि सिंह अपने दोनों भाइयों के साथ मौके पर पहुंचे और मजदूरों को रोकते हुए कहा कि जब तक जमीन का कानूनी बंटवारा नहीं हो जाता, तब तक वे केवल अपने हिस्से पर ही निर्माण कार्य करें और बाकी जमीन छोड़ दें।

# प्रधानाचार्य को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।



सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक नेतृत्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्यमंत्री सम्मान प्राप्त होने पर उनके सम्मान में प्रबंध समिति एवं विद्यालय के परिवार की तरफ से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आये हुए अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। आये हुए अतिथियों का परिचय राजनारायण ने कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद स्वरूप रस्तोगी, प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, समाजसेवी स्मिता, रामशंकर गुप्त, महेंद्र कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष अजय मिश्रा, पंकज मिश्र प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर देविगंज, अमित सिंह सह प्रबंधक शिशु मंदिर चौक, इसनारायण प्रवक्ता छविलाल इंटर कॉलेज, प्रस्तावित्री सुशील कुमार तिवारी ने दी। समारोह में प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रधानाचार्य को माला पहनाकर शाल भेंट की एवं हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर चौक देवीगंज के स्टाफके सदस्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी प्रधानाचार्य को माला पहनाकर सम्मान किया एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान प्रधानाचार्य की कर्मठता, समर्पण, कुशल नेतृत्व एवं शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान है। यह उपलब्धि सम्पूर्ण विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है और सभी के लिए प्रेरणादायी है। प्रबंधक ने भी प्रधानाचार्य को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके कठिन परिश्रम की सराहना की एवं उनका सम्मान किया। अध्यक्ष ने भी प्रधानाचार्य का सम्मान किया एवं विद्यालय की उन्नति के लिए नये कदम एवं बच्चों को अनुशासित कर उनको जिम्मेदार नागरिक बनाने का संकल्प लिया। प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों ने भी प्रधानाचार्य को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके कुशल नेतृत्व में विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा तथा शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने आये हुए अतिथियों एवं चौक, और देविगंज के प्रधानाचार्य, विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख राजनारायण, सुशील, राजेश एवं भावना एवं समस्त विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सब को साथ मिलकर काम करते हुए विद्यालय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का संकल्प लिया।

## पंकज सिंह ने सुनीं समस्याएं 2027 में बूथ मजबूत करने का लिया संकल्प

प्रतापगढ़। बाबागंज विधानसभा क्षेत्र की बसवाही ग्राम पंचायत में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश कार्यालय प्रभारी व पूर्व प्रमुख हितेश प्रताप सिंह पंकज और जिला पंचायत सदस्य विजय पटेल शामिल हुए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी और नाली जैसी मूलभूत समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। पूर्व प्रमुख पंकज सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को फोन पर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के निर्देशानुसार कार्यकर्ता हर गांव पहुंचकर जनसेवा में जुटे हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कुंवर मोहित सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने 2027 के विधानसभा चुनाव में बसवाही को सबसे मजबूत बूथ बनाने की शपथ ली।

# एनडीआरएफ ने सिखाए स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज में आपदा प्रबंधन के गुर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



छात्राओं को जानकारी देती एनडीआरएफ टीम

स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को एनडीआरएफ द्वारा एक विशेष आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम ने स्कूली बच्चों और स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके सिखाए। कार्यक्रम का नेतृत्व एनडीआरएफ के सहायक उप निरीक्षक रमाकांत यादव और उनकी टीम ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को बाढ़, भूकंप, अग्निकांड, और आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक व मानव जनित गंभीर आपदाओं के समय बचाव के टिप्स बेहद आसान और व्यावहारिक ढंग से बताए। टीम ने समझाया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ से कैसे काम लेना चाहिए। प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ शिक्षिकाओं, कार्यालय सहायकों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने बचाव के तरीकों को ध्यानपूर्वक सीखा और अभ्यास किया। प्रधानाचार्य रीता दुबे ने एनडीआरएफ की टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूनम दुबे, साधना राठौर, फराना हाशमी, कीर्ति मिश्रा, अर्चना यादव, पूजा गुप्ता, शैलेश कुमार शुक्ला, आशुतोष दीक्षित, अरुण ओझा, साक्ष मिश्रा और राम आसरे उपस्थित रहे।

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में महादेवी वर्मा को दी गई श्रद्धांजलि



महादेवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक व छात्रायें

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में हिंदी साहित्य की महान कवयित्री और प्रख्यात लेखिका महादेवी वर्मा की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने साहित्य जगत में उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल, निदेशक राजीव मोहन पाण्डेय और प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने महादेवी वर्मा के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी।

कक्षा आठवीं की छात्रा आराध्या गुप्ता ने महादेवी वर्मा के जीवन परिचय और उनकी प्रमुख साहित्यिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, कक्षा प्रथम की नन्हीं छात्राओं नैना यादव और ईशा मिश्रा ने अपनी सुंदर कविता प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। उप प्रधानाचार्या डॉ0 अंजू सिंह ने महादेवी वर्मा के महान योगदान को याद करते हुए बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति अपनी रुचि विकसित करने तथा उनके जीवन व रचनाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

# तदर्थ प्रधानाचार्यों के विनियमितीकरण की उठायी मांग

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपते प्रधानाचार्य

उप प्रधानाचार्य परिषद जनपद की ओर से शिक्षकों और तदर्थ प्रधानाचार्यों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संदीप कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से तदर्थ प्रधानाचार्यों को नियमित करने और शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली धाराओं को बहाल करने की पुरजोर मांग की गई है। प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों में पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से तदर्थ प्रधानाचार्य अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विद्यालय छात्र और समाज के व्यापक हित में इनका विनियमितीकरण अति आवश्यक है। नए माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन के बाद शिक्षकों को सुरक्षा प्रदान करने वाली माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 की धारा 18 और 21 को विलुप्त कर दिया गया है। परिषद का आरोप है कि सेवा सुरक्षा समाप्त होने से विद्यालय प्रबंधतंत्रों द्वारा शिक्षकों का मनमाने ढंग से शोषण किया जा रहा है और अकारण निलंबन जैसी कार्रवाइयां की जा रही हैं। इस असंवैधानिक स्थिति के कारण शिक्षक समुदाय में भारी रोष व्याप्त है। प्रधानाचार्य परिषद ने मुख्यमंत्री से मांग है कि शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों और उनकी सेवा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए माध्यमिक शिक्षा चयन आयोग के नए विनियम में धारा 18 और 21 को पुनः शामिल किया जाए। इस पर प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सिंह, महामंत्री डॉ. ब्रजभूषण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष कार्यवाहक डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष डॉ. योगेश तिवारी और उपाध्यक्ष डॉ. अनिता मिश्रा मौजूद रहे।

# शिक्षिका इन्द्रा राठौर के निधन से शिक्षकों में शोक की लहर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



फाइल फोटो इन्द्रा राठौर

राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका इन्द्रा राठौर का बीमारी के चलते निधन हो गया। मदन मोहन कनौडिया बालिका इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका इन्द्रा राठौर जो 2017 में राज्य पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी थी।

उनके अतुलनीय योगदान के लिए कनौडिया बालिका इंटर कालेज की शिक्षिकाओं व छात्राओं में अनोखी पहचान थी। उनके निधन की सूचना पाते ही विद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गयी।

इन्द्र राठौर पढ़ाई के अलावा खेलकूद व अन्य शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय रहती थी। पिछले दो-तीन वर्षों से वह अस्वस्थ चल रही थी। बीती रात अचानक तबियत बिगड़ने के दौरान निधन हो गया। जिसके चलते शोक की लहर दौड़ गयी। सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने बताया कि बहुत ही मिलनसार इन्द्रा राठौर थी।

## होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर में 112 मरीजों का हुआ उपचार

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। राजेपुर ब्लॉक की ग्राम सभा सीढ़ेकरपुर में आयोजित ग्राम चौपाल पर आयुष विभाग के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़ाहर चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। कुल 112 ( 62 पुरुष, 50 महिला) ग्रामजनों ने निःशुल्क होम्योपैथिक उपचार प्राप्त किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने सभी ग्रामवासियों को नियमित व्यक्तिगत एवं पारिवेशिक स्वच्छता रखने एवं ताजा एवं पौष्टिक स्थानीय भोजन करने की सलाह दी। साथ ही सभी को बाढ़ के समय फैलने वाले पेट रोग, चर्म रोगों और सर्पदंश से बचने के तरीके बताकर सभी को आयुष औषधियों से स्वास्थ्य लाभ विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा कर, सभी रोगियों, परिजनों एवम् अन्य उपस्थित ग्रामवासियों को स्वास्थ्य संवर्धन हेतु जागरूक किया।

## खबरें एक नजर में

### विशाल भंडारा मे भक्तों ने गृहण किया प्रसाद



फतेहपुर। पक्के तालाब के पास स्थित मंदिर में भारत साहू के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आने जाने वाले लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भारत साहू ने बताया कि पिछले 43 वर्षों से शिव मंदिर में वह भंडारा करते चले आ रहे हैं। पहले उनके पिताजी करते थे और अब वह भंडारा कर रहे हैं। उन्होंने कहा उनकी कोशिश है कि यह प्रक्रिया अनवरत आगे भी चलती रहे। इस दौरान लोग लाइनों में लगकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संदीप साहू, आशीष, सौरभ, अतुल गुप्ता, दीपमाला सहित तमाम लोग मौजूद रहे और अपने हाथों से तमाम आने जाने वाले लोगों को प्रसाद वितरित किया।

### महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद। विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु एवं प्रेरणास्रोत ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन १२ सितम्बर को होगा। मुख्य अतिथि दुर्वासा ऋषि आश्रम, पांचाल घाट के महंत ईश्वर दास महाराज होंगे। शनिवार को दोपहर 2 बजे गुड़गांव देवी मंदिर के पास स्थित कार्यक्रम सम्पन्न होगा। विश्व हिन्दू महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ महाराज का जीवन समाज और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरणादायी रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित होगा।

### बारिश में घरगिरी, परेशान लोगों ने मांगा मुआवजा



फतेहपुर। सामियाना चुरयानी के रहने वाले राम प्रताप पाल के नेतृत्व में करीबन एक दर्जन गांव के निवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी आवाज बुलंद किया। इस दौरान राम प्रताप पाल ने बताया की भारी बारिश और नदियों का जलस्तर बढ़ने के कारण तमाम लोग परेशान घूम रहे हैं और इन्हें कोई भी सरकारी सहायता नहीं मिल पा रही है। हम आपको बता दे की राम प्रताप पाल जो जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ना चाहते हैं इसलिए क्षेत्रीय जनता के पास समय-समय पर जाते रहते हैं। इस दौरान उन्होंने बताया की सामियाना, चुरियानी, फुलवामऊ, भटपुरवा, मनिपुर, बड़नपुर, अभैया सराय, लढौली, कुसुंभी, पासिनडेरा, गोपालपुर, खेसहन, लेखराजपुर, मानीखेड़ा, सरकी, मीरापुर, लक्ष्मीरामपुर, जागेश्वर, बुधरामऊ, झब्बापुर, अंदमऊ, बेर्राव, छीतमपुर, आकूपुर, करीमपुर, मीशा, कोर्रा सादात, जहांनपुर, हसवा, शंकरपुर, चक मियांपुर, चक जलालपुर सहित तमाम गांव में पक्के और कच्चे मकान को भारी बारिश में गिरने के चलते राशन की कमी आ गई। घरों में रखा अनाज और राशन का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। जिससे वहां के रहने वाले लोगों को भुखमरी की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। पालतू मवेशियों के लिए चारा और सुरक्षित स्थान की कोई व्यवस्था नहीं है। लेखपाल और राजस्व टीम को जल्द से जल्द भिजवाकर सर्वे कराया जाए ताकि बेघर हुए लोगों को तुरंत रहने व खाने की व्यवस्था कराई जा सके। इस दौरान राम प्रताप पाल के साथ तमाम क्षेत्रीय जनता भी कलेक्ट्रेट पहुंची और जिलाधिकारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में गुहार लगाई कि जिनके भी घर गिरे हैं उनको जल्द से जल्द सहायता प्रदान की जाए। इस अवसर पर शारदा, सोमैया, सुनीता, सोनी सिंह, पुशिया, बुधिया, कुलदीप, कमलेश, महेंद्र, बुधवा, रामनरेश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लापरवाही के अरोप में वरिष्ठ सहायक बृजेश कुमार निलम्बित

रायबरेली। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, शेषपुर समोधा, रायबरेली में अध्ययनरत छात्रों के साथ अनुचित व्यवहार करने, दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री समय से उपलब्ध न कराने तथा विद्यालय संबंधी समस्याओं को लेकर छात्रों से अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने के मामले में वरिष्ठ सहायक बृजेश कुमार प्रजापति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी, रायबरेली द्वारा प्रस्तुत आख्या में उक्त कृत्यों के लिए बृजेश कुमार प्रजापति को उत्तरदायी पाते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। आख्या के आधार पर शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही, पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन न करने तथा दूषित कार्यप्रणाली के आरोपों में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-4 के प्रावधानों के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

# झुंझनू वाली दादी का प्राकट्य उत्सव पर हुआ भजन



प्राकट्य उत्सव पर गीत गाती महिलायें

**महिलाओं ने मंगल गीत गाकर मनाया उत्सव**

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

युगल जयन्ती उत्सव के अन्तर्गत श्रीराधा शक्ति श्याम मन्दिर लोहाई रोड में भाद्रपद कृष्ण अमावस्या-दादी सती रानी झुंझनू वाली का प्राकट्य महोत्सव आरती समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातः काल मंगला-दर्शन, विद्वान पण्डितों द्वारा वैदिक पूजा, परम्परागत दादीजी की चौखट राणीसती परम्परा में जात पूजकर मनौतियाँ मनायी गयीं। स्वास्तिक मंगल चिह्न, पुष्प, मेंहदी, रोली, चावल, नारियल, मिष्ठान अर्पित किये और मंगल-सूत्र बाँधा गया। महिला मण्डल द्वारा दादी की कथा, मंगल-पाठ, दादी का चालीसा, श्रीगणेशजी के सुमिरन करते हुए भजन-कीर्तन के साथ उत्सव मनाया गया। महिला मण्डल में शान्ति सिगतिया, अंजू अग्रवाल, रेणु सिगतिया, श्रुति सिंघानिया, रानी सफ्फड़, बीना जालान, वैशाली सफ्फड़, कविता, राखी अग्रवाल, मारवाड़ी समाज ने दादी का मंगल-पाठ के साथ कीर्तन किया। गजानन्द सरकार पधारो, हमारे आँगन में। भोग लगाया, धोक लगावा, पुष्प चढ़ावा चरण में। ज्योति तुम्हारी जलती रहे, झुंझनू वाली दादी तेरी ज्योति जलती रहे। ढोलक की थाप पर, मंगल-गीत गाते हुए उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। सायंकाल झुंझनू वाली दादी का सोलह श्रृंगार, दादी की चूड़ी, दादी की मेहंदी, दादी का काजल, दादी का गजरा, दर्पण, कंघा, महाआरती, प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, सुरेन्द्र सफ्फड़, हर्ष सिगतिया, अरुण जालान ने दादी का विधिवत पूजन किया।



मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

## व्यापार मण्डल के स्वास्थ्य शिविर में 60 मरीजों का हुआ उपचार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फेडरेशन ऑफऑल इंडिया व्यापार मण्डल इकाई और मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को आवास-विकास स्थित डॉ. आर.ओ. सिंह अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 60 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में आए मरीजों के लिए ईसीजी बोन मिनरल डेंसिटी, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर सहित नसों एवं अन्य महत्वपूर्ण जांचें अनुभवी स्टाफद्वारा की गईं। जांच शिविर में मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ के प्रसिद्ध डॉ0 हिमांशु पाण्डेय ने मरीजों को परामर्श दिया। उनके साथ मार्केटिंग मैनेजर प्रभात गुप्ता, अनीश आलम, रिषभ पाण्डेय तथा नर्सिंग स्टाफनम्रता शुक्ला, शीतल वर्मा और सुदामा प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। फेडरेशन ऑफऑल इंडिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, वरिष्ठ महामंत्री अनूप गुप्ता, महामंत्री विमलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष रवि शंकर चौहान व अशोक यादव और जिला प्रवक्ता लाखन सिंह के अलावा मनोज दीक्षित, रंजीश कटियार, अमर नाथ गुप्ता, शिवम रस्तोगी, रिषभ गुप्ता, कुलदीप राठौर, अनिल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के सामने जोरदार प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर शुक्रवार, 11 सितंबर 2026 को प्रतापगढ़ जिले के सभी सरकारी बैंकों के अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण जिले भर की बैंक शाखाओं में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। इस क्रम में बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों ने भारतीय स्टेट बैंक की प्रतापगढ़ मुख्य शाखा के सामने जोरदार प्रदर्शन किया तथा धरना व बैठक का आयोजन किया। हड़ताल का नेतृत्व कर रहे संगठन के संयोजक नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की उपेक्षा के कारण बैंककर्मी सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं।

बैंककर्मियों की प्रमुख मांगों में पाँच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह को तत्काल लागू करना, सरकार की एकतरफा व भेदभावपूर्ण कार्य-प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन योजना को वापस लेकर द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से संशोधन करना तथा पेंशन अद्यतनीकरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करना शामिल है। संयोजक नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का समाधान जल्द न हुआ तो 28, 29 एवं 30 सितंबर को तीन दिवसीय हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी मांगें न माने जाने पर 26 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू होगी।

# भीखपुर ऐमा में जंगली जानवर के हमले से वृद्धा की मौत

**घर के बाहर सो रही थी मृतका, सुबह परिजनों को चारपाई पर पड़ा मिला शव**

समृद्धि न्यूज, हरदोई।



अतरौली थाना क्षेत्र के भीखपुर ऐमा गांव में गुरुवार रात घर के बाहर चारपाई पर सो रही एक वृद्ध महिला पर अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में वृद्धा की मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी होने पर गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

भीखपुर ऐमा निवासी छेदाना (70) पत्नी छेदई गांव के बाहर मढ़िया रोड स्थित अपने घर के दरवाजे पर सो रही थीं। रात में उनका बेटा श्रीराम राठौर और बहू खाना खाने के बाद घर के अंदर कमरे में सो गए, जबकि छेदाना बाहर चारपाई पर लेटी थीं।

सुबह श्रीराम ने दरवाजा खोला तो मां का शव चारपाई पर पड़ा मिला। उनका गला व जबड़ा क्षतिग्रस्त मिला। सूचना पर पुलिस और कछौना वन रेंज की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल के आसपास जंगली जानवर के पंजों के निशान मिलने की बात सामने आई है। वन विभाग की टीम इन पगमार्क का मिलान कर जानवर की पहचान करने में जुटी है। वन विभाग ने क्षेत्र में कॉम्बिंग शुरू करने के साथ निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया। वन क्षेत्राधिकारी विनय सिंह जादौन समेत कछौना रेंज का स्टाफ मौके पर मौजूद रहा। कोथावां बीट के वन दरोगा सचिन ने बताया कि टीम पंजों के निशानों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लार्वा से काफी हद तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गोमती नदी के आसपास अक्सर जंगली जानवर देखे जाते हैं।

पूर्व में भी वन विभाग द्वारा कुछ जंगली जानवरों का रेस्क्यू किए जाने की बात ग्रामीणों ने कही। घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में सघन निगरानी कर जंगली जानवर को जल्द पकड़ने की मांग की है। अतरौली प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# त्योहारों को संपन्न कराने को लेकर पुलिस आयुक्त संग हुई बैठक

समृद्धि न्यूज,कानपुर।



आगामी त्योहारों एवं गणेश स्थापना के दृष्टिगत अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. विपिन ताड़ा द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं गणेश स्थापना/ आयोजन समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आयोजनों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा आवश्यक पुलिस व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। आयोजकों द्वारा उठाए गए विभिन्न बिंदुओं एवं समस्याओं को सुनते हुए उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान डीसीपी, एडीसीपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अपर पुलिस आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को सतर्क एवं संवेदनशील रहकर प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आयोजकों के साथ निरंतर समन्वय एवं संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# अराजकता करने पर आठ किन्नरों पर हुई कार्रवाई

**यात्रियों को असुविधा उत्पन्न न करने की दी गयी चेतावनी**

समृद्धि न्यूज,कानपुर।




रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कानपुर सेंट्रल द्वारा रेलवे यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्टेशन परिसर में लगातार सतर्कता एवं निगरानी की जा रही है। यात्रियों से संबंधित शिकायतों एवं असुविधा के मामलों में आरपीएफ के द्वारा संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 11 सितंबर 2026 को आरपीएफ कानपुर सेंट्रल के स्टाफ द्वारा स्टेशन के दिल्ली छोर एफओबी पर गश्त एवं निगरानी के दौरान आठ किन्नरों को आपस में न्यूसेन्स करते हुए पाया गया। आरपीएफ स्टाफ के द्वारा उन्हें समझाते हुए रेलवे परिसर में यात्रियों को असुविधा उत्पन्न न करने तथा अनुशासन बनाए रखने के लिए चेतावनी दी गयी लेकिन उनके बावजूद भी ना मानने पर यात्रियों की सुविधा एवं रेलवे परिसर में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के दृष्टिगत आरपीएफ के द्वारा आठो किन्नरों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी को हिरासत में लिया गया तथा उनके विरुद्ध धारा 145 रेल अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इस संबंध में कुल आठ प्रकरण पंजीकृत किए गए।

## कानपुर बाढ़ पर पुलिस कमिश्नर का ग्राउंड एक्शन!



कानपुर। नवाबगंज के बाढ़ प्रभावित भोपालपुरवा गांव पहुंचे पुलिस आयुक्त, लिया राहत-बचाव का जायजा। पुलिस और जल पुलिस के राहत एवं बचाव कार्यों की मौके पर की समीक्षा, ग्रामीणों और ग्राम प्रधान से ली जानकारी। बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों को दिए तत्काल राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश। पुलिस कमिश्नर ने साफ कहा—बाढ़ प्रभावितों की सुरक्षा और राहत में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

## विधायक ने विकास कार्यों की दी सौगात, किया भूमिपूजन



कानपुर। गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-57 (पनकी) में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय विधायक सुरेंद्र मैथानी और वार्ड पार्षद आरती त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से कुल 16.26 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के तहत पनकी स्थित एसबीआई चौराहे से 90 मीटर तक की सड़क निर्माण, पनकी में नूनियनपुरवा वाली सड़क के निर्माण कार्य और नूनियनपुरवा में क्षेत्रीय निवासियों को पेयजल राहत दिलाने हेतु नए समरसेबल पंप की स्थापना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और जनता को बेहतर मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिक प्राथमिकता है। सड़क निर्माण और समरसेबल लगने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और पेयजल की समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र मैथानी, पार्षद आरती त्रिपाठी, जीतू बाजपेई, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, पवन सविता, चंद्रमणि चौबे, मकसूदन, अश्वनी पाल, विकास, राजेश सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक और क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांवों में बनेंगे खेल मैदान और मनरेगा पार्क

- स्वस्थ जीवन के साथ प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।



ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ खेलकूद का माहौल उपलब्ध कराने के लिए शासन की महत्वपूर्ण पहल पर जनपद में तेजी से अमल शुरू हो गया है। गांवों में खेल मैदान और मनरेगा पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इससे युवाओंकिशोर-किशोरियों के साथ बुजुर्गों को भी स्वास्थ्य और खेल गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। जनपद के सभी 12 विकासखंडों में 60 खेल मैदान एवं मनरेगा पार्क विकसित किए जाने की योजना है। इसके लिए स्थानों का चयन किया जा रहा है। अब तक शासन के मानकों के अनुरूप 51 स्थान चिन्हित किए जा चुके हैं, जबकि शेष स्थानों के चयन की प्रक्रिया जारी है। वर्तमान में 20 स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहा है। प्रत्येक खेल मैदान एवं मनरेगा पार्क के निर्माण पर शासन की ओर से लगभग 15 से 20 लाख रुपये खर्च किए जाने का प्रावधान है। इन स्थलों पर ग्रामीणों को खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उपायुक्त श्रम रोजगार गौरवेंद्र सिंह के अनुसार, 20 स्थानों पर खेल मैदान एवं मनरेगा पार्क के निर्माण का कार्य विकसित भारत गारंटी फार रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण (वी वी जी राम जी) योजना के तहत कराया जा रहा है। शेष स्थानों के चयन की प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी। प्रत्येक ब्लॉक में पांच- पांच खेल मैदान, मनरेगा पार्क बनाए जाने की योजना है। इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।गांवों में खेल मैदान और मनरेगा पार्क बनने से तमाम ग्रामीण युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। वहीं नियमित खेलकूद और व्यायाम से ग्रामीणों के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। बच्चों और किशोर-किशोरियों में खेल के प्रति रुचि बढ़ने के साथ उन्हें स्थानीय स्तर पर अभ्यास का बेहतर माहौल मिल सकेगा। शासन की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम निर्माण भी प्रस्तावित है। इसके लिए जहां निर्धारित मानकों के अनुरूप पर्याप्त क्षेत्रफल की भूमि उपलब्ध होगी, वहां स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का विस्तार होगा और स्थानीय प्रतिभाओं को जिला एवं प्रदेश स्तर तक आगे बढ़ने का बेहतर मंच मिल सकेगा। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में स्वस्थ जीवनशैली, खेल संस्कृति और युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## लम्पी स्किन डिजीज को लेकर गाजीपुर में अलर्ट

# 2.66 लाख गोवंशों का होगा टीकाकरण

समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।




मवेशियों में फैलने वाली लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण को लेकर पशुपालन विभाग ने जनपद में व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीमारी के लक्षण, बचाव और रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा 9 सितंबर 2026 से पूरे जनपद में वृहद टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए 25 टीमें लगाई गई हैं, जो प्रतिदिन गांवों में पहुंचकर गोवंशों का निःशुल्क टीकाकरण कर रही हैं। अभियान के तहत जनपद के 2,66,143 गोवंशों का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल गाजीपुर में लम्पी स्किन डिजीज का प्रकोप नहीं है, लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीमारी के प्रकोप को देखते हुए एहतियात के तौर पर टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है।

**ये हैं बीमारी के प्रमुख लक्षण:** लम्पी स्किन डिजीज एक विषाणुजनित रोग है। इससे प्रभावित पशु को तेज बुखार, आंख और नाक से पानी गिरना, पैरों में सूजन तथा शरीर पर कठोर एवं चपटी गांठें पड़ने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। गंभीर स्थिति में शरीर के विभिन्न हिस्सों पर गांठों के घाव बन सकते हैं। इससे पशु कमजोर होने लगता है, वजन कम होता है और सांस लेने में परेशानी हो सकती है। दुधारू पशुओं में दुग्ध उत्पादन कम हो जाता है तथा गाभिन पशुओं में गर्भपात की स्थिति भी बन सकती है।

**बीमारी फैलने पर ये सावधानियां जरूरी:** पशुपालकों को लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम पशु चिकित्सालय या पशु सेवा केंद्र को सूचना देने, संक्रमित पशु को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने और उसके आवागमन पर रोक लगाने की सलाह दी गई है। पशुओं को साफ पानी पिलाने, मक्खी-मच्छर और किलनी से बचाने के लिए आवश्यक कीटनाशक का प्रयोग करने तथा पशुबाड़े में फिनायल या सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव कर कीटाणुशोधन करने को कहा गया है। बीमार पशुओं की देखभाल करने वाले व्यक्ति को स्वस्थ पशुओं के बाड़े से दूर रखने तथा पहले स्वस्थ और बाद में बीमार पशुओं को चारा-पानी देने की सलाह दी गई है। बीमार पशु की देखभाल के बाद हाथ साबुन से अच्छी तरह धोना भी जरूरी बताया गया।

**सामूहिक चराई और पशु मेलों से बचें:** पशुपालकों से अपील की गई कि बीमारी के प्रकोप के दौरान पशुओं को सामूहिक चराई के लिए न भेजें और पशु मेले अथवा प्रदर्शनियों में न ले जाएं। बीमार और स्वस्थ पशुओं को एक साथ चारा-पानी न दें तथा प्रभावित क्षेत्रों से पशुओं की खरीद न करें। किसी पशु की मृत्यु होने पर शव को खुले में न फेंककर वैज्ञानिक विधि से दफनाने की सलाह दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के पशुपालकों से अपील की कि किसी भी गोवंश में लम्पी स्किन डिजीज के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सालय या पशु सेवा केंद्र से संपर्क करें। घर पर पशु चिकित्सा सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

- मुख्य विकास अधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा की

समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।




मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा, विभागवार दायित्व एवं तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सी डी ओ ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर 2026 से हो रहा है, जो 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को जन-जन तक पहुंचाना तथा सेवा, सहभागिता और जनकल्याण की भावना को और मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर को 'आशीर्वाद का दीया' अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके तहत जनपद के प्रमुख मंदिरों, घाटों, महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित परिवारों के घरों पर दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके लिए जनपद के 10 प्रमुख स्थलों पर वृहद दीपोत्सव आयोजित किए जाने हेतु स्थल चयन करते हुए दीयों की व्यवस्था को 15 सितंबर तक सुनिश्चित कर लें। उन्होंने प्रत्येक दिवस पर अलग अलग थीम पर कार्यक्रम आयोजित करने हेतु विभागवार कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को कार्यक्रम की प्रभावी तैयारी एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सी डी ओ श्री सिंह ने कहा कि बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में भाषण, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। इसके साथ ही बुद्धिजीवियों द्वारा युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विकास, नवाचार, सेवा एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास किया जाए।और जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि 25 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम आयोजित कराएं। साथ ही हेल्दी बेबी प्रतियोगिता, उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं का सम्मान तथा बच्चों को कॉमिक बुक्स, पौष्टिक फल एवं मिठाई का वितरण कराया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से जिन नागरिकों के जीवन में उल्लेखनीय एवं सकारात्मक परिवर्तन आया है, उनकी सफलता की कहानियों को अभियान के दौरान अन्य लोगों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। इसके लिए लाभार्थियों की शॉर्ट फिल्म एवं रील तैयार कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित करने के निर्देश दिए गए, ताकि योजनाओं का वास्तविक प्रभाव अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने सक्सेना चौक पर ज्योति सेवा कलश की स्थापना हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महराजगंज को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में सेवा संकल्प अभियान को व्यापक स्तर पर आयोजित करने तथा सभी अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर निर्धारित कार्यक्रमों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

## सुहागिनें सोमवार को रखेंगी हरितालिका तीज का व्रत

**भांवरकोल/गाजीपुर।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला हरितालिका तीज व्रत इस बार सोमवार को रखा जाएगा। सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना से यह कठिन व्रत रखेंगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए इसी व्रत के माध्यम से कठोर तप किया था।व्रत के दिन महिलाएं प्रातः स्नान कर सोलह श्रृंगार करेंगी और भगवान शिव, माता पार्वती व गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना करेंगी। मिट्टी से शिव-पार्वती की प्रतिमा बनाकर या शिवलिंग स्थापित कर गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद पुष्प, अक्षत, धूप-दीप और नैवेद्य अर्पित कर हरितालिका तीज की कथा सुनी जाएगी। हरितालिका तीज का व्रत परंपरागत रूप से निर्जला रखा जाता है। महिलाएं दिनभर उपवास कर भगवान शिव-पार्वती का ध्यान, भजन-कीर्तन और पूजन करती हैं।

## खबरें एक नजर में

### लटकते विद्युत तारों को कराया गया दुरुस्त



**महाराजगंज।** नगर पालिका परिषद के सिविल लाइन वार्ड में लंबे समय से लटकते विद्युत तारों से दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई थी जिसे नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल एवं वार्ड सभासद सदरे आलम के अथक प्रयास से सिविल लाइन वार्ड में काका मैरिज हाउस के पीछे लंबे समय से लटक रहे जर्जर विद्युत तारों को विद्युत विभाग की टीम द्वारा दुरुस्त कराया गया। उल्लेखनीय है कि काफी दिनों से लटकते जर्जर विद्युत तारों से दुर्घटना की स्थिति बनी हुई थी। जर्जर एवं लटकते तारों के कारण वार्डवासियों को किसी प्रकार की परेशानी अथवा दुर्घटना का सामना न करना पड़े इसे देखते हुए विद्युत विभाग की टीम को बुलवाकर विद्युत तारों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित कराया। इस कार्य से स्थानीय लोगों में राहत एवं संतोष का माहौल है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय ऋषभ दुबे, अभिषेक पाण्डेय, वाजिद खान मोनू एवं राशिद खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सरकारी खाद्यान्न लेकर जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर पलटी

**हलिया मिर्जापुर।** स्थानीय विकास खंड के हलिया.मतवार संपर्क मार्ग पर हर्रा गेस्ट हाउस के पास शुक्रवार को सरकारी खाद्यान्न लेकर जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। संयोग रहा कि हादसे में चालक समेत किसी को चोट नहीं आई और कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से सरकारी खाद्यान्न की ढुलाई के लिए लगाए गए डीसीएम वाहन मिर्ज़ापुर से गेहूं लादकर बेलाहीए कुशियराए सगरा और हर्रा स्थित सरकारी कोटे की दुकानों पर वितरण के लिए ले जाया जा रहा था। वाहन हर्रा गेस्ट हाउस के पास पहुंचाए तभी उबड़-खाबड़ सड़क और गड्ढे के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। वाहन में लदा सरकारी गेहूं सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया शुरू की गई। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

### बरगड़ा व लालापुर ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन




**हलिया मिर्जापुर।** विकास खण्ड हलिया के ग्राम पंचायत बरगड़ा व लालापुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का मुख्य उद्देश्य गांव की समस्याएं गांव में समाधान रहा। चौपाल में ग्राम प्रधान फूलचंद, ग्राम विकास अधिकारी संतोष कनौजिया, सफाई कर्मचारी एवं ग्राम के लोग उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। पेंशन, आवासए नाली-खड़ंजा, साफ-सफाई और राशन से जुड़ी शिकायतों पर ग्राम विकास अधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण का आश्वासन दिया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। ग्राम प्रधान ने कहा कि ग्राम चौपाल से ग्रामीणों को अपनी बात सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का मौका मिलता है, जिससे गांव का विकास तेजी से होता है। इसी प्रकार लालापुर में कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया है एडीओ एसटी सुशील कुमार सिंह ने बताया की ग्राम पंचायत बरगड़ा व लालापुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

# पिता की पुण्यतिथि पर गांव पहुंचे राज्य मंत्री उमेश राय

- जरूरतमंदों में बांटे कंबल स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का भी आयोजन

समृद्धि न्यूज़, भांवरकोल/गाजीपुर।




पश्चिम बंगाल सरकार के शहरी विकास, नगर पालिका एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री उमेश राय गुरुवार को अपने पैतृक गांव पलिया बुजुर्ग पहुंचे। यहां उनके पिता स्वर्गीय बेनी माधव राय की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने पिता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जरूरतमंद करीब एक हजार लोगों में कंबल वितरित किए गए। श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर प्रेम मिलन कोलकाता की ओर से स्वास्थ्य, नेत्र एवं रक्त जांच शिविर लगाया गया। शिविर में लोगों का स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता के अनुसार निशुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। मंत्री उमेश राय ने भाजपा नेता पीयूष राय के साथ पौधारोपण भी किया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री उमेश राय ने कहा कि उनके शरीर में गाजीपुर की मिट्टी और यहां का रक्त है। बंगाल की जनता की सेवा के साथ वह अपने गृह जनपद और गांव-क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए भी सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर को अपने पिता स्वर्गीय बेनी माधव राय की पुण्यतिथि पर पैतृक गांव अवश्य आएंगे। भाजपा नेता पीयूष राय ने कहा कि गाजीपुर के लाल उमेश राय का पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतकर मंत्री बनना उनकी लोकप्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है। इस अवसर पर भाजपा नेता पीयूष राय व सतीश राय के अलावा डॉ. केके राय, डॉ. रविंद्र सिंह, सिंहासन राय, विजय बहादुर सिंह, श्रवण सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार गुप्त, नंदकिशोर राय, रविंद्र राय, अमरजीत राय और मोहित राय आदि मौजूद रहे।

# राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई का निरीक्षण कर नवजात बच्चों को वितरित किए कपड़े, खिलौना

समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।




किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अर्पिता सिंह एवं जिला सेवायोजन अधिकारी गौरव सिंह द्वारा आज राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा इकाई में आवासित अज्ञात नवजात बच्चों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता एवं देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट श्रीमती अर्पिता सिंह एवं जिला सेवायोजन अधिकारी गौरव सिंह द्वारा नवजात बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप कपड़े, खिलौने एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। उन्होंने बच्चों के प्रति स्नेह एवं आत्मीयता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दत्तक ग्रहण इकाई में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इकाई में आवासित बच्चों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा बच्चों की सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही बच्चों के लिए निर्धारित सभी मानकों एवं शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य माया सिंह, पेशकार नीरज, पेशकार सुरेंद्र, चाइल्ड हेल्पलाइन के को ऑर्डिनेटर संतोष कुमार सिंह तथा राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई की अधीक्षिका प्रीति श्रीवास्तव, रागिनी सिंह, जूही राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नाबालिक से दुष्कर्म व हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार

**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण मे थाना पुरन्दरपुर पुलिस टीम द्वारा मुअसं 217/26 धारा 109(1), 65(2) बीएनएस व 5m/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त मेवा को मुखबिर की सूचना पर हरैया खुर्द चौराहे से गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया। उल्लेखनीय है कि थाना पुरन्दरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम राजमन्दिर खुर्द में दिनांक 9 सितंबर 2026 को पीड़िता की नाबालिग पुत्री को आरोपी मेवा द्वारा रास्ते में पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया तथा जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया था। तथा घटना के बाद से ही अभियुक्त फरार चल रहा था।

# महिला एवं बाल सुरक्षा तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।



शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार आज दिनांक 11.09.2026 को हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, कुशीनगर के तत्वावधान में कम्पोजिट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोड़रिया, दुदही में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रीक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह ने की। कार्यक्रम में डिस्ट्रीक्ट मिशन कोआर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन आदि योजनाएं शामिल रहीं। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, वन स्टॉप सेंटर-181, महिला हेल्पलाइन-1090, 112, 108 एवं 102 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग एवं आवश्यकता के समय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट प्रीती सिंह द्वारा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए इनके दुष्प्रभावों तथा सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम: सीडीओ

- 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान
- व्यापक स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।

मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों एवं विभागीय कार्ययोजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत- 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अभियान के अंतर्गत रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों के वितरण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को सभी विकास खंडों, ग्राम पंचायतों एवं न्याय पंचायतों में व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रमुख मार्गों, नवनिर्मित स्थलों, भवनों, कार्यालयों, प्रमुख स्थानों एवं चौराहों सहित नदियों/घाटों के आसपास भी जनजागरूकता एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियां कराई जाएं। जनपद की सभी विधान सभाओं में आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नए निर्माण स्थलों,भवनों, कार्यालयों, प्रमुख नदी घाटों, चौराहों पर दीप प्रज्वलित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी निकालने तथा छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न विषयों पर वाद-विवाद एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कक्षा 5 से 8 तक ड्राइंग, 9 से 12 तक भाषण प्रतियोगिता तथा उच्च शिक्षण संस्थानों में संवाद तथा विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर भाषण/डिबेट आयोजित किया जाए।प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने तथा विजेताओं के चयन में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने की बात कही। अभियान के दौरान विभिन्न विषयों से संबंधित वॉल पेंटिंग, सघन वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, वंचित बच्चों की शिक्षा में सहयोग, मतदाता जागरूकता एवं नशा मुक्ति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सार्वजनिक सम्मान करते हुए माताओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। हेल्दी बेबी प्रतियोगिता आयोजित कराने पर भी जोर दिया गया। सरकार की विकास परक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने तथा पैदल, साइकिल एवं मोटरसाइकिल रैलियों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

# प्रभारी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत राज एवं जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

- नवंबर तक समस्त योजनाएं पूर्ण करने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।



पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं जिला स्वच्छता समिति की बैठक प्रभारी जिलाधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जिला स्वच्छता समिति के सभी सदस्य एवं सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) उपस्थित रहे।बैठक में दिये गये प्रमुख दिशा-निर्देश प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि माह नवंबर 2026 तक अवशेष समस्त व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कार्य पूर्ण करें। सामुदायिक शौचालयों की शत-प्रतिशत क्रियाशीलता हेतु सड़क के किनारे संचालित हो रही समस्त सामुदायिक शौचालयों का सर्वे कराकर ग्राम पंचायत विकास योजना में सम्मिलित किया जाए। साथ ही सामुदायिक शौचालयों की शत प्रतिशत क्रियाशीलता हेतु अभिनव प्रयास के अंतर्गत निर्मित श्विंध्य स्वच्छता प्रतिष्ठान को जनरल स्टोर के रूप में विकसित करते हुए क्रियाशील किया जाए तथा विंध्य मार्ट से उत्पादित सामग्री को वहां रखा जाए और अभियान चलाकर माहवारी प्रबंधन हेतु जनपद की समस्त ग्राम सचिवालय एवं डिजिटल लाइब्रेरी तथा सामुदायिक शौचालय/विंध्य स्वच्छता प्रतिष्ठान पर ग्राम पंचायत के टाइड फंड या प्रधानध्प्रशासक तथा एएनएम द्वारा खोले गए संयुक्त खाते की धनराशि से प्रति माह 5000 से व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही जनपद में आरआरसी की शत प्रतिशत क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए और केयरटेकर के माध्यम से घर.घर कूड़े का निस्तारण करते हुए आरआरसी में इकट्ठा कर उसे सेग्रीगेट किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक ओएसआर जनरेट किया जाए जिससे उन्हें शासन स्तर से अधिक से अधिक धनराशि प्राप्त हो सके। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी राम उदय यादव, कुमारी सुमन पटेल सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी, प्राविधिक समस्त जिला कंसल्टेंट, डीपीएम एवं जिला स्वच्छता समिति के नामित प्रशासक आदि उपस्थित रहे।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

**कुशीनगर।** विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला युवा विभाग ने जिले के युवाओं को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए माय भारत पोर्टल से जुड़ने तथा 'विकसित भारत क्विज' में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील किया है। उक्त जानकारी जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे ने देते हुए बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत (माय भारत) के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखने तथा अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम चरण में 'विकसित भारत क्विज' आयोजित की जाएगी। इसमें प्रतिभाग करने के लिए युवाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर क्विज में भाग लेना होगा।अभियान के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, युवा क्लबों, एनएसएस एवं एनसीसी से जुड़े युवाओं तक पहुंच बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। देश की युवा शक्ति विकसित भारत के निर्माण में महत्व पूर्ण भूमिका निभा सकती है। युवाओं के विचार, नवाचार एवं नेतृत्व क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों, युवा मंडलों एवं युवा संगठनों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।